रविवारी दिल्लीत रामलीला मैदानावर 'वोट चोर, गद्दी छोड'च्या घोषणा घुमल्या. मागणी अर्थातच मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांना हटवण्याची! ते साध्य होणे कठीण आहे, हे विरोधकांनाही ठाऊक आहे. आयुक्तांना हटवण्यासाठी संसद हा एकमेव पर्याय आहे आणि तिथे आवश्यक तेवढे संख्याबळ विरोधकांकडे नाही. तरीही विरोधकांनी मैदान गाजवले; कारण त्यांचा खरा निशाणा आयुक्त नव्हे, तर सत्ताधारी आहेत. मंचावर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बॅनर्जी, फारूक अब्दुल्ला, मेहबूबा मुफ्ती, डी. राजा, संजय राऊत, सुप्रिया सुळे अशी मांदियाळी होती. विधानसभा पराभवांनी विखुरलेले विरोधक पुन्हा एका व्यासपीठावर दिसले, हे या रॅलीचे सर्वांत मोठे राजकीय फलित! गर्दीबाबत परस्परविरोधी दावे आहेत; पण मैदान भरले आणि गर्दी रस्त्यांवर पसरली, हे नाकारता येत नाही. या रॅलीच्या मुळाशी मतदार याद्यांचे विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआयआर) आहे. त्यात कोणतीही गडबड नाही, असे आयोग आणि सरकारचे म्हणणे आहे. सर्वोच्च न्यायालयाने बिहारच्या संदर्भात एसआयआर प्रक्रियेची वैधता मान्य केली आहे; पण वैधता आणि निर्दोषत्व या भिन्न गोष्टी आहेत. अनेक पात्र मतदारांची नावे वगळली गेली, ही वस्तुस्थिती आहे आणि त्याचे बळी केवळ विरोधकांचे समर्थक नाहीत. गोव्यापासून तेलंगणापर्यंत सत्ताधारी भारतीय जनता पक्षाच्या पदाधिकाऱ्यांनीच त्यांच्या समर्थकांची नावे वगळली गेल्याच्या तक्रारी केल्या आहेत. अशावेळी केवळ 'सब कुछ ठीक है' हे उत्तर पुरेसे ठरत नाही. अर्थात, प्रारूप यादीत नाव नसणे म्हणजे अंतिम यादीतून वगळले जाणे नव्हे आणि दावे-हरकतींनंतर अनेक नावे पुन्हा समाविष्ट होऊ शकतात; पण प्रारूप यादीतून कोणत्या कारणाने किती नावे वगळली गेली आणि त्यांपैकी किती पुन्हा समाविष्ट झाली, हे आयोगाने मतदारसंघनिहाय स्पष्ट करायला हवे. जिथे दुरुस्त्या आवश्यक असतील, तिथे त्या करायलाच हव्यात! त्याचवेळी विरोधकांनीही आरोपांच्या पुष्ट्यर्थ ठोस पुरावे सादर करायला हवेत. ज्ञानेश कुमार तुरुंगात जातील, असे राहुल गांधी म्हणतात आणि मोदी-शाह यांच्यावर कायदेशीर कारवाईची भाषा करतात. मतदार मोदींना निवडत नाहीत, मोदी मतदार निवडतात, असे खरगे म्हणतात. अशी विधाने टाळ्या अवश्य मिळवतात, पण आरोप जितके गंभीर, तितका पुराव्याचा आग्रह कठोर ठरतो. सभेतल्या टाळ्या पुराव्यांची जागा घेऊ शकत नाहीत. बिहारमधील पराभवानंतर डिसेंबर २०२५ मध्येही काँग्रेसने रामलीला मैदानावरच याच मुद्द्यावर रॅली केली होती. त्यानंतर २०२६ मधील निवडणुकांत चित्र संमिश्र राहिले. केरळात काँग्रेसप्रणीत आघाडी जिंकली, पण पश्चिम बंगाल आणि आसामात भाजपने मोठे विजय मिळवले. इथे एक तार्किक पेचही आहे. विरोधक निवडणूक प्रक्रियाच संशयास्पद असल्याचा आरोप करीत असताना, त्याच प्रक्रियेतून मिळालेला मतदारांचा कौल त्यांच्या यशापयशाचा निकष कसा मानायचा? दुसरीकडे सत्ताधारी २०१४ चा दाखला देतात. तेव्हाचे मुख्य निवडणूक आयुक्त आधीच्या सरकारने नेमले होते आणि तरीही सत्तांतर झाले होते! सत्ताधाऱ्यांचा मुद्दा युक्तिवादासाठी चांगला आहे; पण विरोधकांचा आक्षेप आजच्या नेमणूक-पद्धतीवर आहे, ज्यामध्ये २०२३ च्या कायद्यापासून सरन्यायाधीशांऐवजी पंतप्रधानांनी सुचवलेला मंत्री निवड समितीचा भाग आहे. दिल्लीतील रॅलीच्या निमित्ताने विरोधकांची एकजूट दिसली असली, तरी ऐक्य अजून अर्धवट आहे. आप आणि द्रमुकसारखे आधीचे सहकारी इंडिया आघाडीपासून दूर गेले आहेत; पण त्यामुळे निर्धास्त होणे सत्ताधाऱ्यांना परवडणार नाही. पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या बारा वर्षांच्या कारकिर्दीनंतर अलीकडे असंतोषाच्या ठिणग्या वारंवार चमकू लागल्या आहेत. राजकारणात ठिणगीचा वणवा आणि वणव्याची लाट व्हायला वेळ लागत नाही. आगामी वर्षात उत्तर प्रदेशसह काही राज्यांत विधानसभा निवडणुका होणार आहेत. विरोधी ऐक्याची मोट आणखी मजबूत झाल्यास आणि आगामी निवडणुकांत विरोधकांना चांगले यश मिळाल्यास, सत्ताधाऱ्यांसाठी २०२९ च्या लोकसभा निवडणुकीत कसोटीची वेळ येऊ शकते. विरोधकांचा प्रक्रियेवर कितीही अविश्वास असला तरी, त्याच प्रक्रियेत उतरून जनतेचा कौल मागण्याशिवाय त्यांच्यापुढे पर्यायही नाही. दुसऱ्या बाजूला, शंकांना पारदर्शकतेने उत्तर देणे, हे आयोगाचे कर्तव्य आहे. सत्ताधाऱ्यांनीही हा मुद्दा विरोधकांचे डावपेच म्हणून झिडकारण्याऐवजी त्याकडे प्रक्रियेतील त्रुटी म्हणून बघितले पाहिजे. एकाही पात्र मतदाराचे नाव यादीतून वगळले जाणे, हे कोण्या एका पक्षाचे नव्हे, तर लोकशाहीचे नुकसान आहे आणि त्याचे भान सगळ्यांनीच बाळगायला हवे!

मुक्या, बहिऱ्या आणि आंधळ्या जगाची मुस्कटदाबी

माहिती रोखण्याचे आदेश देणारे सत्ताधारी आणि माहितीवर नियंत्रण ठेवणारे अल्गोरिदम, यांच्या संगनमतामुळे नागरिकांना मुके-बहिरे केले जात आहे.



प्रभू चावला
ज्येष्ठ पत्रकार

'कोणाला बोलण्याचा अधिकार असावा', या संघर्षातून प्रत्येक हुकूमशाहीची सुरुवात होते. कोणाचे ऐकायचे आणि कोणाचे नाही, हे सत्तेतील मोजक्या लोकांनी ठरवायला सुरुवात केली की स्वातंत्र्याचा अंत निश्चित होतो. बोलणारा आणि ऐकणारा यांच्यातील विश्वासाचे नाते म्हणजे अभिव्यक्ती स्वातंत्र्य. समाजातील सर्वसामान्य माणसाचा आवाज ऐकला जातो की नाही, यावर त्या समाजाच्या स्वातंत्र्याची खरी कसोटी ठरते.

कोणाचे शब्द जगभर पोहोचावेत आणि कोणाचे कुणापर्यंत पोहोचण्याआधीच हरवून जावेत, हे आता बटणांच्या साहाय्याने चालणाऱ्या यंत्रणा ठरवतात. तेही कोणालाही कळू न देता! एखाद्या नागरिकाला निर्बंधमुक्त माहितीच मिळाली नाही, तर तो स्वतंत्रपणे मत कसे बनवणार? आणि ज्याचे मत स्वतंत्रपणे तयार झालेले नाही, तो नागरिक मतदार राहत नाही, तर दुसऱ्यांच्या हातातील बाहुले बनतो.

या अदृश्य नियंत्रणाची ताजी कबुली खुद्द अल्गोरिदमनेच दिली आहे. गेल्या आठवड्याच्या अखेरीस X या समाजमाध्यमाने वापरकर्त्यांना त्यांच्या कोणत्या पोस्टचा प्रसार मर्यादित करण्यात आला आहे, हे दाखवण्यास सुरुवात केली. चर्चेत असलेल्या एका स्क्रीनशॉटमध्ये सप्टेंबर महिन्यात २२९ पोस्ट करणाऱ्या एका कंटेंट क्रिएटरचे उदाहरण आहे. त्यातील दोन पोस्ट स्वयंचलित यंत्रणेने स्पॅम ठरवल्या आणि त्या अकाउंटला आधीपासून फॉलो न करणाऱ्या सर्वांसाठी अदृश्य केल्या. कोणत्याही 'माणसा'ने या पोस्टची तपासणी केली नव्हती.

२०२२ मध्ये इलॉन मस्कने ट्विटर विकत घेतले, तेव्हा त्याने जाहीर केले होते, 'अभिव्यक्ती स्वातंत्र्य म्हणजे कायद्याशी सुसंगत असलेली अभिव्यक्ती, एवढाच साधा अर्थ आहे,' भारतात मात्र कायद्याचा अर्थ किती लवचिक असू शकतो, हे दिसून आले आहे. २०२५ च्या पहिल्या सहा महिन्यांत X ला मजकूर हटवण्याचे २१,९१८ आदेश मिळाले आणि त्यापैकी २६,६४१ आदेशांचे पालन करण्यात आले. म्हणजेच ९१.४९ टक्के आदेश मान्य झाले. स्वतःला अभिव्यक्ती स्वातंत्र्याचा कट्टर पुरस्कर्ता म्हणवणारा मस्क अखेर सत्ताधाऱ्यांसमोर मान तुकवणारा आज्ञाधारक बनला.

या नियंत्रणामागील यंत्रणा आता अवाढव्य स्वरूप धारण करू लागली आहे. मार्च ते जुलै २०२६ या काळात केंद्र आणि राज्य सरकारांच्या यंत्रणांनी इन्स्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूबला जवळपास ९.९७ लाख मजकूर रोखण्याचे आदेश दिले. म्हणजे दिवसाला सुमारे १,२७५ किंवा दर ६८ सेकंदाला एक आदेश!



परीक्षांमधील गैरप्रकारांविरोधात विद्यार्थ्यांनी केलेल्या आंदोलनाच्या काळात आणि त्यानंतर ऑक्टोबरमध्ये मुख्य निवडणूक आयुक्तांना पदावरून हटवण्याच्या मागणीसाठी आंदोलक जंतरमंतरवर जमले, त्या दरम्यान ही 'साफसफाई' अधिक गतीने झाली. हटवण्यास सांगितलेल्या मजकुरात राहुल गांधी यांच्या पत्रकार परिषदेचे चित्रण आणि हातात केवळ कोरी पाटी धरलेल्या आंदोलकाचे रीलही होते. 'काँक्रीच जनता पार्टी'च्या सोशल मीडिया अकाउंट्सला सर्वाधिक छळण्यात आले. विरोधकही निर्दोष नाहीत. काँग्रेसशासित कर्नाटक सरकारने 'फेक न्यूज'च्या नावाखाली सात वर्षांपर्यंत कारावास आणि दहा लाख रुपयांपर्यंत दंडाच्या तरतुदीचा कायदा तयार केला आहे.

या सत्ताकारणात आता डिजिटल जगतातील धनाढ्य उद्योजकांची भर पडली आहे. या उद्योजकांची मतेही राजकीय वातावरणानुसार बदलतात. डिजिटल माध्यमांची मालकी असणारे हे बडे उद्योगपती लोकांमधील संवाद प्रक्रियेवर नियंत्रण ठेवतात. परवाना देणाऱ्या किंवा नियामक यंत्रणेची लेखणी हातात असणाऱ्यांच्या दिशेने ते चतुराईने आपली भूमिका बदलतात. याचा परिणाम म्हणजे माहितीच्या प्रवाहाची दिशाच बदलली आहे. समाजमाध्यमांचा जन्म समान पातळीवरील लोकांमधील मुक्त संवादातून झाला होता. आता मात्र त्यांची वाटचाल सुदैवाने बोलण्याची मुभा अजूनही आहे; पण तुमचे म्हणणे कोणापर्यंत पोहोचणारच नसेल, तर त्या स्वातंत्र्याचा उपयोग काय?

हे खरे, की अल्गोरिदम संतापाला प्रोत्साहन देतात आणि संताप ही बंडाची ऊर्जा असते. या यंत्रणेला कोणतीही वैचारिक बांधिलकी नसते. तिच्यासाठी महत्त्वाचे असते ते केवळ लोकांचे लक्ष आणि सहभाग. मात्र, याच भीतीचा आधार घेऊन सत्ताधारी नियंत्रणाचे पाश आवळू लागतात. अल्गोरिदम आपली सत्ता उलथवून टाकण्याचा कट रचत आहे, असे सरकारला वाटू लागले की प्रत्येक टीकाकाराचा आवाज दाबण्यासाठी त्याच यंत्रणेचा शस्त्रासारखा वापर केला जातो.

केवळ वृत्तपत्रे बंद पडल्याने लोकशाही संपत नाही. आपल्याला काय पाहण्याची परवानगी नाही, याची जाणीव होण्याची क्षमताच जेव्हा संपते, तेव्हा लोकशाहीचा खरा ऱ्हास सुरू होतो. नोकरशहा आणि अब्जाधीशांनी मिळून निर्जीव, निर्बंधांनी वेढलेले जग निर्माण केले, तर पुढील पिढीला मत मांडण्याची भाषा अवगत असेल; पण वस्तुनिष्ठ तथ्यांची भूक भागवणारी माहितीच उपलब्ध नसेल. आणि जेव्हा सर्वत्र शांतता पसरेल, तेव्हा निषेध नोंदवण्यासाठी किंवा आपला आवाज जगापर्यंत पोहोचवण्यासाठी कोणतेही व्यासपीठ शिल्लक राहणार नाही.

अन्वयार्थ

नाशिकमध्ये कुंभमेळा आहे; पण कुंभमेळ्यात नाशिक मात्र नाही!

यंदाचा कुंभमेळा ना साधू-संतांचा, ना भाविकांचा, ना श्रद्धाळूंचा; नाशिककरांचा तर नाहीच! तो पूर्णपणे सत्ताधाऱ्यांचा आणि त्यांचा भार प्रशासनाच्या खांद्यावर!



संजय पाठक
वरिष्ठ वृत्तसंपादक, लोकमत, नाशिक

कुंभमेळ्याच्या धर्मध्वजारोहणासाठी खुद्द राष्ट्रपती नाशिकला येणार हे ठरल्यापासून या शहराच्या कर्त्याधर्त्यांना उसंत म्हणून नव्हती. धुळीने भरलेल्या, खड्ड्यांमध्ये हरवलेल्या, विकासाची घाई झाल्याने छाटलेल्या-तुटलेल्या बोडक्या झाडांचे मृतदेह रस्तोरस्ती वागवणाऱ्या, जिकडे-तिकडे लावलेल्या अडथळ्यांनी त्रासलेल्या नाशकात राष्ट्रपतींचे स्वागत कसे होणार, याची काळजी करणारे नागरिक किती सामान्य आहेत, याचा प्रत्यय देण्याचा चंगच जणू प्रशासनाने बांधला आणि जिथे-तिथे झाकपाक करून राष्ट्रपतींच्या नजरेला काही म्हणता काही पडणार नाही, याची कडेकोट व्यवस्था करून तो पारही पडला. यंदाचा कुंभमेळा ना साधूंचा, ना संतांचा, ना भाविकांचा, ना श्रद्धाळूंचा; आणि नाशिककरांचा तर तो नाहीच नाही! हा कुंभमेळा पूर्णपणे सत्ताधाऱ्यांचा आहे आणि सत्ताधाऱ्यांनी प्रशासनाच्या खांद्यावर सगळा भार देऊन अख्खे शहर हे केवळ आपल्याच प्रसिद्धीचे चित्रपटगृह करून टाकलेले आहे.

पहिली पर्वणी किमान नऊ महिने दूर आहे; पण तोवर आपले शहर कसे पूर्णपणे हायजॅक केले गेलेले असेल, याची रंगीत तालीमच धर्मध्वजारोहणाच्या निमित्ताने नाशिककरांना बघायला मिळाली. रामकुंडाच्या आसपास जुन्या नाशकात राहणाऱ्या बिचाऱ्या नागरिकांचे डोळे झगमगत्या रोषणाईने इतके दीपले, की त्या फिरत्या-नाचत्या विश्वविक्रमी झगमगाटात वाहत्या गोदामाईला नमस्कार करण्यापुरता साधा श्वासही त्यांना घेता आला नाही. आधीच जुन्या नाशकात गल्ल्या निमुळत्या. नदीकाठावर रहिवासाची गजबज. त्यात त्र्यंबकेश्वर हे क्षेत्र तर आणखीच चतकोर म्हणावे इतके छोटे. त्र्यंबकेश्वरीच्या नागरिकांना तर धर्मध्वजारोहणप्रसंगी सक्तीने आपापल्या घरात कोंडून राहावे लागले. त्यांच्या घरासमोर प्रशासनाने आडवी कापडे लावून जाण्या-येण्याचे मार्गच बंद केले होते. का? - तर रस्त्यावरून जाणाऱ्या राष्ट्रपतींच्या ताफ्याला आणि मंत्रिमहोदयांना सगळे 'नीटनेटके' दिसायला हवे!

गेले कित्येक महिने या साऱ्या वैतागाने उद्विग्न झालेल्या नाशिककरांना 'राष्ट्रपती येणार' याच्या आनंदाऐवजी ताणच जास्त आला; पण प्रशासन काय चमत्कार करू शकते, हे पाहून सगळ्यांची बोलती बंद झाली. उद्ध्वस्त रामकुंड परिसराची एका रात्रीत जणू इंद्रपुरी झाली. विद्युतरोषणाईचा झगमगाट, फुलांची सजावट... राष्ट्रपती येणार म्हणून रात्र-रात्र जागून रस्ते दुरुस्त केले गेले, सिमेंटच्या अपूर्ण रस्त्यावरून राष्ट्रपतींचा ताफा कसा जाणार?- म्हणून त्यावर एका रात्रीत चक्क डांबर ओतले गेले. रंगसफेदी आणि तात्पुरती मलमपट्टी इतक्या बेमालूमपणे केली गेली, की हा तोच रस्ता, हे तेच शहर हे नाशिककरांनाच खरे वाटेना. अवघ्या एका दिवसासाठी तब्बल १६ कोटींचा खुर्दा उडाला. - आणि हे सारे ज्यांच्या शहरात त्या नाशिककरांच्या पदरात काय पडले?

कार्यक्रमाच्या आठ दिवस अगोदरपासून पोलिस खात्याची 'निर्बंधमाला' सुरू झाली. येथून जाऊ नका, येथे मोटारी लावू नका, या नकारात्मक घोषणांनी नाशिककरांचा हिरमोड झाला. धर्मध्वजारोहणाला यायचेच असेल, तर दोन ते तीन किलोमीटर पायपीट करून या! खरेतर नाशिककर हवेच होते कुणाला? ज्या जगद्गुरूंच्या हस्ते ध्वजारोहण होणार त्यांचे पन्नास हजार अनुयायी येणार ही बोली अगोदरच ठरली होती. मग नाशिककरांनी कशाला उगीच गर्दी करायची? तरीही तीन-चार किलोमीटर पायपीट करून पास घेऊन रामकुंडाजवळ पोहोचलेल्या नागरिकांना पोलिसांनी प्रवेशच नाकारला. निम्मे शहर करकचून बांधलेले. दुकाने आणि शाळांना सक्तीची सुटी. राष्ट्रपती येणार म्हणून त्र्यंबकेश्वराचे मंदिर दोन दिवस बंद. गाव छोटे असल्याने नागरिकांना घराबाहेर पडण्यास मनाई ही अवस्था. ज्यांना फारच उत्साह होता त्या बिचाऱ्या नागरिकांनी धर्मध्वजारोहणाच्या दुसऱ्या दिवशी रामकुंड परिसरात जाऊन कोमेजलेल्या फुलांच्या शिळ्या डेकोरेशनसमोर फोटो काढले आणि ऐन दुष्काळात वाहत्या गोदामाईला हात जोडले.

फार जुन्या इतिहासात जायची गरज नाही. ज्यांनी कुणी गेले दोन कुंभमेळे पाहिले आहेत, त्या नाशिककरांना हा नवा तामझाम पाहून वैषम्य वाटते आहे. वैषम्य याचे की, कुंभमेळ्यातून आपले शहर पुसले गेले. आपल्या जुन्या परंपरा नव्या झगमगाटात बावचळून दिसेनाशा झाल्या. हा धार्मिक कार्यक्रम सत्ताधारी पक्षाने इतका आपला स्वत:चा करून टाकला की, त्या सगळ्यांच्या भगव्या कपड्यांच्या, भगव्या झेंड्यांच्या, मानापमानाच्या आणि कुंभमेळ्याची व्यवस्था चोख करण्याच्या नावाखाली आपला राजकीय अजेंडा रेटण्याच्या चढाओढीत मनामनांत जपलेली श्रद्धा शहरात खोदलेल्या रस्त्यांवरच्या खड्ड्यांत जणू पुरली गेली. अनेक रीतिभाती नव्याने आल्या आणि सगळ्याच सोहळ्यावर उत्तर भारतीय परंपरेचा मुलामा चढवला गेला, हे देखील नाशकातील जाणत्यांच्या नजरेतून सुटलेले नाही. - काय करता? नाशिकमध्ये कुंभमेळा आहे; पण कुंभमेळ्यात नाशिक मात्र नाही!

sanjay.pathak@lokmat.com

जगभर

दोघांना सौदीत फाशी, १४ दिवसांनी सरकारी जाग!

बांगलादेशमध्ये सध्या एक वेगळंच वादळ उठलं आहे. विरोधकांनी तर सरकारला घेरलं आहेच, पण लोकांनीही सरकारच्या कारभारावर आणि निष्काळजीपणावर कोरडे ओढले आहेत. झाला प्रकार आहेच तसा.

सौदी अरेबियानं दोन बांगलादेशी नागरिकांना नुकताच मृत्युदंड दिला. पण असं करण्यापूर्वी त्यांनी बांगलादेश सरकारला रीतसर याबाबत कळवलं होतं. कैद्यांची आणि ज्या लोकांना मृत्युदंड दिला जाणार होता, त्यांची यादी बरेच दिवस आधी जेद्दातील बांगलादेशी दूतावासाला त्यांनी दिली होती. या यादीत नजरुल इस्लाम अब्दुल बशीर आणि स्वीटी अख्तर या दोघांची नावंही होती. पण ही यादी तर सरकारी अधिकाऱ्यांनी नीट पाहिली नाहीच, एवढंच नव्हे, बांगलादेशी या दोन्ही नागरिकांना मृत्युदंड दिल्यावर चौदा दिवसांनी आणि माध्यमांमध्ये यासंदर्भातल्या बातम्या प्रसिद्ध झाल्यानंतर सरकारला कळली! कदाचित सरकारनं वेळीच हस्तक्षेप केला असता, सरकारी पातळीवर सौदी अरेबियाशी चर्चा केली असती तर या दोघांचा मृत्युदंड टळूही शकला असता.

सौदी अरेबियानं या दोघांना १४ ऑक्टोबर रोजी मक्का येथे फाशी दिली. या घटनेबाबत बांगलादेशच्या परराष्ट्र मंत्रालयाला शेवटच्या क्षणापर्यंत माहिती नव्हती. यावरून देशात प्रचंड ओरड झाल्यानंतर मंत्रालयानं संसदेच्या स्थायी समितीसमोर ही बाब मान्य केली.

सौदी प्रेस एजन्सीनं दिलेल्या माहितीनुसार, एका धार्मिकस्थळी अनैतिक कृत्य केल्याबद्दल दोघांना दोषी ठरवण्यात आलं होतं. नंतर मिळालेल्या एका अधिकृत निवेदनाचा संदर्भ देत बांगलादेशच्या परराष्ट्र



मंत्रालयानं सांगितलं की, नजरुल इस्लाम याच्यावर सायबर गुन्ह्याचा, तर स्वीटी अख्तर हिच्यावर व्यभिचाराचा आरोप होता. मंत्रालयानं मान्य केलं की, फाशीच्या १४ दिवस आधी त्यांना सुमारे २,५०० कैद्यांची यादी मिळाली होती. त्यात या दोघांची नावं होती. मात्र, या दोघांना मृत्युदंडाची शिक्षा होणार असल्याचं अधिकाऱ्यांच्या लक्षात आलं नाही.

नजरुल इस्लामला १ ऑगस्ट २०२३ रोजी सौदी अरेबियात सायबर गुन्हेगारी कायद्यांतर्गत ताब्यात घेण्यात आलं होतं. त्याच्या दुसऱ्याच दिवशी स्वीटी अख्तरला अवैध लैंगिक संबंधांच्या आरोपावरून ताब्यात घेण्यात आलं. फाशीच्या १४ दिवस आधी, म्हणजे ३० सप्टेंबर रोजी पाठवलेल्या कैद्यांच्या यादीत दोघांच्या नावांसमोर हेच गुन्हे नमूद होते. सौदी अरेबियात सायबर गुन्हे आणि अवैध लैंगिक संबंधांसाठी मृत्युदंडाची तरतूद असली, तरी प्रत्येक प्रकरणात ही शिक्षा सर्रास दिली जात नाही. दोघांना काही महिन्यांची शिक्षा होऊ शकते, असं अधिकाऱ्यांना वाटलं. परिणामी, त्यांनी हे प्रकरण गंभीरपणे हाताळलं नाही. कैद्यांची यादी मिळूनही त्याकडे गांभीर्यानं न पाहणं यामुळे बांगलादेशच्या राजनैतिक यंत्रणेच्या कार्यपद्धतीवर सगळ्यांनीच प्रश्नचिन्ह निर्माण केलं आहे. मृत्युदंडाची अंमलबजावणी होईपर्यंत सरकारला काहीही कळू नये आणि त्यांच्याकडून कोणतीही हालचाल केली जाऊ नये, ही गोष्ट देशाला लाज आणणारी आहे, असं नागरिकांनीच सरकारला खडसावलं आहे.

जनमन

दिवाळी साधेपणाने साजरी करुया!



दीपावली हा प्रकाश, उत्साह आणि आनंदाचा सण. पण या सणांना थोडी तारतम्याची जोड दिली, तर सण आपल्याबरोबरच इतरांनाही आनंद देऊ शकतात. आज उभा महाराष्ट्र दुष्काळाने होरपळत आहे. राज्याच्या २६५ तालुक्यांत दुष्काळ जाहीर झाला आहे. पुढे या आकडेवारीत भर पडू शकते. गावखेड्यांमध्ये पाण्याचे दुर्भिक्ष्य मोठ्या प्रमाणात जाणवत आहे. काही अभ्यासकांच्या मते यंदाचा दुष्काळ हा १७७२ सालापेक्षाही तीव्र असण्याची शक्यता आहे. गावखेड्यांत पिण्यासाठीचे पाणी, शेतीसाठीचे पाणी यांचा प्रश्न भविष्यात दिवसेंदिवस जटिल होत जाणार आहे. गावांतील लोक यामुळे शेतीवाडी, गुरेढोरे गहाण ठेवून तसेच वेळप्रसंगी विकून शहरांकडे स्थलांतर-धाव घेणार आहेत. यामुळे शहरांतील परिस्थितीही चिघळत जाणार असून, ती हाताळताना प्रशासनाच्या नाकीनव येणार आहे. पाण्याबाबत हिवाळी दिवसांतही अशी हलाखीची परिस्थिती असेल, तर एप्रिल-मे महिन्यांत काय आणि कशी परिस्थिती उद्भवेल, याची कल्पनाच केलेली बरी. या सर्व परिस्थितीला आणि या अनुषंगाने ओढवणाऱ्या परिणामांना तोंड देण्याची तयारी जनतेने ठेवणे गरजेचे आहे. दसरा, दिवाळी यावर्षी साधेपणाने साजरी करून फटाके, गोडधोड खाद्यपदार्थ-फराळ, नवीन कपडेलत्ते यांवरील होणाऱ्या संभाव्य खर्चात नागरिकांनी किमान २०-३० टक्के कपात करून तो पैसा मुख्यमंत्री दुष्काळ निधीला द्यावा. जेणेकरून सरकारला जनतेच्या या 'खारीच्या वाट्यातून' काही उपाययोजना 'दुष्काळ निवारण' कामांसाठी करता येतील.

- बाळकृष्ण शिंदे, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे



लोकमत दीपोत्सव २०२६ | पैसा पुरेल, उरेल की सरेल?

या वर्षीच्या अंकात २०

पैसा दिसतच नाही, अशा गावपाड्यातले लोक कसे जगतात?

मुक्काम – कर्तनिया घाट, तालुका – मिहींपुरवा, जिल्हा – बहराईच (उत्तर प्रदेश)
भारतातल्या सर्वात गरीब जिल्ह्यातल्या सर्वात गरीब गावातून थेट नेपाळपर्यंत पायपीट करून शोधलेली चित्तरकथा...
-समीर मराठे



पैसा नावाची गोष्ट इथे पोचतच नाही.
तरुण पोरं मजुरी करण्याकरता उडून गेली की
घनदाट जंगलात मागे राहिलेले उरलेसुरले लोक
भुकेशी झगडत वाघासोबत जगतात.
'विकास' आणि 'प्रगती' ही दोन्ही भावंडं
गेल्या पंचाहत्तर वर्षांत इथे पोचलेलीच नाहीत!
कशी पोचतील? – या गावात यायला
रस्ते सोडाच, धड पायवाटाही नाहीत!
इथे राहणारे लोक सीमा ओलांडून पल्याडच्या नेपाळमध्ये जातात.
भाज्यांच्या बदल्यात भंगार घेतात, केसांच्या बदल्यात 'सिंदूर' विकतात.
या लोकांना प्रेमाच्या बदल्यात विश्वास मिळतो, श्रमाच्या बदल्यात आसरा!
पैसा मिळाला तर हवाच आहे. पण तो नाही म्हणून जगणं थांबत नाही.
इथे कुणी आत्महत्याही करत नाही!!

तीन लाख प्रतींचा खप ओलांडणारा अंक नव्हे, उत्सव!

पाने सुमारे : २५६ | मूल्य : ४९९ रुपये
प्रसिद्धी : दिवाळीआधी | फोन आणि 91120 50500
lokmatdeepotsav
अधिक माहिती, ऑनलाईन खरेदीसाठी स्कॅन करा
deepotsav.lokmat.com | स्थानिक वृत्तपत्र विक्रेत्यांकडे उपलब्ध

अंक लवकरच प्रसिद्ध होईल | आजच आपली प्रत निश्चित करा

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४९०७५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे व्यापारचिन्ह आहे.

दैनिक जागरण

विचार मनुष्य के व्यवहार का आधार हैं

लोकतंत्र के नाम पर अलोकतांत्रिक आचरण



प्रो. निरंजन कुमार

रिजीम चेंज के लिए झूठे नैरेटिव के सहारे लोगों को गुमराह और आक्रोशित करने का प्रयास किया जाता है। विपक्ष यही करता दिख रहा है



अवधेश राजपूत

चुनाव की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने मुहिम छेड़ रखी है। इसमें काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी जैसे समूह भी सक्रिय हैं। इस अभियान का एक खतरनाक सच तब सामने आया, जब विपक्ष के समर्थकों में से एक प्रशांत भूषण ने सार्वजनिक रूप से कहा कि 'हां, हम देश में रिजीम चेंज चाहते हैं।' विवाद बढ़ने पर विपक्षी दलों ने लीपापोती का काम किया, लेकिन इससे बात बनती हुई नहीं दिखी। रिजीम चेंज कोई सामान्य संकल्पना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है तख्तापलट यानी एक निर्वाचित सरकार या स्थापित राजनीतिक व्यवस्था को हटाकर एक नई और भिन्न व्यवस्था का प्रवर्तन करना। यह कभी-कभार अवसर बलपूर्वक, दबाव या बाहरी हस्तक्षेप से होती है, न कि सामान्य चुनावी प्रक्रिया से। इस शब्दावली का इस्तेमाल विदेशी सैन्य कार्रवाई, गुप्त अभियान, प्रतिबंधित या विपक्षी समूहों को समर्थन देकर झटके से सरकार बदलने के संदर्भ में होता है, न कि लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के लिए। रिजीम चेंज का परिणाम होता है- अराजकता, शक्ति शून्यता, गृहयुद्ध या लंबे समय की अस्थिरता।

जब अमेरिका महाशक्ति के रूप में उभरा तो रिजीम चेंज की संकल्पना उसकी विदेश नीति का एक अहम हिस्सा बन गई। अमेरिका का इतिहास अमेरिकी हितों के प्रतिकूल काम करने वाली सरकारों या स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय नीति रखने वाले देशों में तख्तापलट कराने के उदाहरणों से भरा हुआ है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस नीति को एक खतरनाक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। जो देश विकास की राह पर अग्रसर है, जिनकी सरकारें तथाकथित स्वघोषित वैश्विक ताकतों की जी-हुजूरी न कर स्वतंत्र निर्णय करती हैं, वहां विदेशी ताकतें रिजीम चेंज का सहारा लेती हैं, ताकि ऐसे लोगों को सत्ता में ला सकें, जो भविष्य में उनकी कठपुतली बनें। इसमें एक नैरेटिव और खासकर झूठे नैरेटिव के तहत पहले के पीछे से भीड़तंत्र द्वारा लोगों को आक्रोशित करने का प्रयास किया जाता है, जिससे उस देश की सरकार पर दबाव बनाया जा सके। हाल में हुए बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, अल्बानिया आदि देशों में हुए उग्र प्रदर्शनों को सूक्ष्मता से देखें तो इन प्रदर्शनों के पीछे अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप को नकारा नहीं जा सकता। इस समय भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, वैश्विक स्तर पर भारत की बनती ग्लोबल लीडर की छवि तथा भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव स्वाभाविक रूप से कुछ शक्तियों को खटक रहा है। इस संदर्भ में विगत कुछ महीनों में भारत में हुए विरोध-प्रदर्शनों में विदेशी प्रभाव की आशंका को कैसे नकारा जा सकता है। अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस और उनसे संबंधित एजेंसियों का नाम विशेष रूप से पूर्व सोवियत देशों के 'कलर रेवोल्यूशन' कराने के पीछे कुख्यात रहा है, जिनमें बलपूर्वक रिजीम चेंज कर दिया गया या फिर सरकारों की संरचना ही बदल देने का प्रयास किया गया। सोरोस का मोदी विरोध किसी से छिपा नहीं रहा है। उनकी संस्थाओं ने अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करने से लेकर नागरिकता संशोधन कानून यानी सीसीए के विरोध में हुए प्रदर्शनों को समर्थन दिया था। सोरोस ने 2023 में सार्वजनिक रूप से कहा था कि भारत में 'लोकतांत्रिक पुनरुत्थान' की आवश्यकता है और आने वाले समय में इसका रास्ता खुल सकता है। कुछ विपक्षी नेता जिस रिजीम चेंज की रट लगा रहे हैं, उसके सूत्रधार सोरोस या उनके जैसे लोग ही हैं क्या?

अमेरिकी मीडिया संस्थान फाक्स न्यूज के अनुसार अतिवादी वामपंथी एवं समाजवादी समूह और कुछ इस्लामी संगठनों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसे 'रेड-ग्रीन एलायंस' कहा जाता है। 101 संगठनों के इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क ने 13 देशों में विरोध-प्रदर्शनों को बढ़ावा दिया है। रिपोर्ट बताती है कि वामपंथी, समाजवादी और इस्लामी संगठनों से जुड़े ये समूह विभिन्न देशों में प्रदर्शनों का आयोजन करने, उन्हें बढ़ावा देने और साझा संदेश फैलाने में भूमिका निभाते हैं। इसमें 'प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल' जैसे संगठन का भी उल्लेख है, जिसके तार भारत, फ्रांस आदि में विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े हुए हैं। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2025 में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात भी की थी। विपक्ष की मुहिम से जुड़े योगेंद्र यादव भी यह कह चुके हैं कि अब 'फैसला संसद में नहीं, सड़कों पर होगा।' उद्धव शिवसेना गुट के नेता संजय राउत का कहना है कि देश में रिजीम चेंज होने वाला है। इस सबसे इसी आशंका को बल मिलता है कि विपक्ष लोकतंत्र का मार्ग छोड़कर अब अराजकता की राह पर अग्रसर होना चाह रहा है। विपक्षी दलों के अभियान से जुड़े एक प्रमुख चेहरे के रूप में उभरीं और अक्सर राहुल गांधी के साथ नजर आने वालीं वामपंथी छात्र नेता नेहा बोरा ने कहा कि हमें क्रांति के लिए पड़ोसी बांग्लादेश से प्रेरणा मिली है। क्या नेहा बोरा के साथ-साथ पूरा विपक्ष रिजीम चेंज का वही रास्ता अपनाना चाहता है, जैसा बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने अपनाया? नेहा कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन में भी सक्रिय रहीं और सीजेपी के आंदोलन में भी। उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लाए गए जन महाभियोग में भी एक सांसद की तरह से बोलने का खास अवसर दिया गया।

रिजीम चेंज का प्रयास भारतीय लोकतंत्र की हत्या तो होगी ही, हमारे संविधान और संप्रभुता के लिए भी खतरा है। विपक्ष के नेता संविधान की प्रतियां तो लहराते रहते हैं और महात्मा गांधी तथा बाबा साहेब आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का दम भरते हैं, लेकिन वे लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों के मार्ग पर चलना भूल से गए हैं। अच्छी बात यही है कि विपक्ष का यह खतरनाक खेल जनता को समझ आने लगा है और शायद इसी कारण विपक्ष की रामलीला मैदान की रैली में कम भीड़ आई

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सीनियर प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

घुसपैठिए मतदाता

दिल्ली में विपक्ष की रैली के ठीक अगले दिन हैदराबाद में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी को जिस तरह निशाने पर लिया, उससे यह साफ है कि सत्तापक्ष उनके दुष्प्रचार आधारित दबाव में आने के बजाय उनके झूठे नैरेटिव का प्रतिकार करने को प्रतिबद्ध है। मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण की प्रक्रिया यानी एसआइआर के तहत जारी मसौदा सूची से करीब 13 करोड़ नाम वोटर लिस्ट से हटाने को विपक्ष केवल वोट चोरी बताने में ही नहीं लगा, बल्कि इस मामले में वकील संग जज भी बना हुआ है। वह यह सुनने-समझने को तैयार नहीं कि इन 13 करोड़ लोगों में 6.30 करोड़ वे हैं, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए, करीब 2.80 करोड़ वे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, एक करोड़ से अधिक के नाम दो या तीन जगह दर्ज थे और लगभग तीन करोड़ लोग सत्यापन के समय अपने पते पर मिले ही नहीं। गृहमंत्री ने दो टूक कहा कि ये तीन करोड़ वस्तुतः घुसपैठिए हैं और इनके नाम वोटर लिस्ट से बाहर होकर रहेंगे। उनका यह दावा इसलिए सच जान पड़ता है, क्योंकि ऐसे तीन करोड़ लोगों के बारे में उनके पड़ोसी भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

आखिर विपक्ष इस पर क्यों तुला है कि जो अन्यत्र बस गए या मर गए अथवा जिनके नाम एक से अधिक जगह दर्ज हैं और जो खोजने पर भी नहीं मिल रहे हैं, उनका नाम वोटर लिस्ट में क्यों होना चाहिए? वह इस सच से अनजान नहीं कि देश में दशकों से बड़े पैमाने पर बांग्लादेशियों की घुसपैठ हुई है और उन्होंने बंगाल, असम, त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में डेमोग्राफी भी बदल दी है। कांग्रेस, वामदल और तृणमूल कांग्रेस तो यह कहीं अच्छे से जानते हैं कि असंख्य बांग्लादेशियों ने छल-छद्म से हर तरह के पहचान पत्र प्राप्त कर खुद को भारतीय नागरिक में तब्दील कर लिया है, क्योंकि इन दलों ने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से उन्हें संरक्षण देकर अपना वोट बैंक बनाया। इसी कारण बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा अवैध बांग्लादेशी उत्तर, पश्चिम के साथ दक्षिण भारत के कई राज्यों में भी मतदाता बन गए हैं। विपक्ष ने बिहार में एसआइआर के तहत 65 लाख नाम हटाए जाने पर भी वोट चोरी का शोर मचाया था, लेकिन वह ऐसे 65 लोगों को भी सामने नहीं ला पाया था। तथ्य यह भी है कि कांग्रेस नेता कर्नाटक और केरलम में एसआइआर की प्रक्रिया को सही बताकर चुनाव आयोग को धन्यवाद दे चुके हैं। निःसंदेह यह संभव है कि किसी वैध मतदाता का नाम किसी गलती-गफलत से वोटर लिस्ट से बाहर हो गया हो, पर इसका यह अर्थ नहीं कि उसका नाम फिर से शामिल हो ही नहीं सकता। आखिर जब इसकी सुविधा उपलब्ध है, तब फिर वोट चोरी के विपक्ष के राग को बेसुरा और बरगलाने वाला ही कहा जाएगा।

अपात्र हों बाहर

एक कल्याणकारी राज्य की बुनियाद ही इस बात पर टिकी होती है कि समाज के कमजोर वर्गों के साथ सरकार चट्टान की तरह खड़ी रहे। इसी उद्देश्य से राज्य और केंद्र सरकारें अपने सालाना बजट में अनेक कल्याणकारी योजनाओं का प्रविधान करती हैं। कोविड महामारी के समय से ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, लेकिन इस योजना का लाभ जिस तरह अपात्र लोगों तक जा रहा है, वह चिंता का विषय है। इसी चिंता के तहत केंद्र सरकार ने विभिन्न जिलों में जो आंकड़े सत्यापन के लिए भेजे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में भी कहीं एक ही व्यक्ति के दो-दो स्थानों पर राशनकार्ड बने हैं तो कहीं महीनों से राशन का उठान ही नहीं किया गया। ऐसे लोगों को भी योजना का लाभ पहुंच रहा है जिनकी आय सीमा निर्धारित से अधिक है या वे लग्जरी वाहनों के मालिक हैं। बेहतर तो यह होगा कि समाज के संपन्न लोग स्वयं आगे आएं और मुफ्त राशन के लिए न कहें। जो ऐसा नहीं करते उन्हें योजना से बाहर करने के लिए डाटा एकीकृत करना बेहतर विकल्प हो सकता है। राशन कार्ड को आधकर और वाहन पंजीकरण प्रणाली से जोड़ने से अपात्र लाभार्थी स्वतः योजना से बाहर हो जाएंगे। सरकारी खजाने में जो बचत होगी, वह अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। इसका लाभ समाज के गरीब लोगों को मिलेगा।

> बेहतर तो यह होगा कि समाज के संपन्न लोग स्वयं आगे आएं और मुफ्त राशन के लिए न कहें

मुनाफाखोरी की गिरफ्त में फंसे मरीज



प्रो. रसाल सिंह

महंगी और साथ ही नकली दवाओं का बढ़ता कारोबार केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि नैतिक संकट भी है



मरीजों की पहुंच में होनी चाहिए दवाओं की कीमतें। फाइल

भारत ने पिछले तीन दशकों में चिकित्सा क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। दुनिया भारत में बनती है। इसलिए भारत को 'विश्व फार्मेसी' कहा जाता है। भारत ग्लोबल साउथ सहित कई देशों के लिए चिकित्सा पर्यटन का विश्वसनीय केंद्र भी है, लेकिन इस उपलब्धि के पीछे एक चिंताजनक तस्वीर भी है, जो हमारे मेडिकल स्टोर पर रोज दिखाई देती है। यह तस्वीर दवाओं की ऊंची कीमतों और उससे भी गंभीर नकली तथा घटिया दवाओं के बढ़ते कारोबार की है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि नैतिक संकट भी है, जहां मुनाफे की लालसा जीवन के मूल्य पर भारी पड़ रही है। ध्यान देने योग्य है कि दवाओं की कीमत और गुणवत्ता केवल उनके निर्माण की लागत और वैज्ञानिक प्रक्रिया से नहीं, बल्कि निर्माता से मरीज तक पहुंचने वाली आपूर्ति व्यवस्था से भी प्रभावित होती है। इसी क्रम में नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथारिटी (एनपीपीए) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उसने कैंसर की 137 गैर-अनुसूचित दवाओं पर ट्रेड मार्जिन रेशनलाइजेशन लागू किया है। ये दवाएं अब तक मूल्य नियंत्रण के दायरे में नहीं थीं। एनपीपीए की जांच में सामने आया कि इन दवाओं पर 700 प्रतिशत तक ट्रेड मार्जिन वसूला जा रहा था। उदाहरण के लिए, कंपनी जिस दवा को 10 हजार रुपये में स्टाकिस्ट को बेचती थी, उसका अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 50 हजार रुपये तय किया जाता था। यानी बिचौलियों, वितरकों, अस्पतालों की फार्मेसी और करों के नाम पर कीमत में 40 हजार रुपये का अंतर था।

सरकार ने ट्रेड मार्जिन को एमआरपी के अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। इससे एमआरपी में 70 प्रतिशत तक की कमी आने की उम्मीद है। इसी व्यवस्था के तहत एनपीपीए ने 2019 में 42 कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को नियंत्रित किया था। तब उनकी कीमतों में 90 प्रतिशत तक की कमी आई थी। मार्जिन सीमित करने का अर्थ कंपनियों की कमाई घटाना नहीं है। निर्माता को उसका निर्धारित मूल्य मिलता रहेगा, जबकि बिचौलियों का असामान्य मुनाफा घटेगा। यह इस धारणा को चुनौती देता है कि मूल्य नियंत्रण से नवाचार प्रभावित होगा। यहां एक सवाल यह है कि क्या केवल ट्रेड मार्जिन सीमित करने से कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज सस्ता हो जाएगा? ट्रेड मार्जिन को नियंत्रित करना और निर्माता द्वारा तय की गई कीमत को नियंत्रित करना दो अलग-अलग पहलू हैं। यदि निर्माता शुरुआती कीमत ही बहुत अधिक तय करता है, तो 30 प्रतिशत मार्जिन की सीमा के बाद भी दवा महंगी रहेगी। इसके अलावा कंपनियां 'आर्टिफिशियल डिस्काउंट' का तरीका भी अपनाती हैं। वे चुनिंदा बड़े कारपोरेट अस्पतालों को कुछ यूनिट पर भारी छूट देकर कम बाजार मूल्य का आभास देती हैं, जबकि बाकी दवाएं ऊंची कीमत पर ही बिकती हैं। इससे नियामक के लिए दवा का वास्तविक बाजार मूल्य तय करना कठिन हो जाता है। इसलिए ट्रेड मार्जिन नियंत्रण के साथ कीमतों की सख्त निगरानी और बिक्री तथा छूट की पारदर्शी रिपोर्टिंग भी जरूरी है। यह व्यवस्था सभी दवाओं पर लागू होनी चाहिए।

नकली और घटिया दवाओं की समस्या महंगी दवाओं से भी जुड़ी है। जब दवाएं बहुत महंगी हो जाती हैं तो नकली दवाओं के लिए बाजार तैयार हो जाता है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अनुसार, बाजार में तीन से पांच प्रतिशत दवाएं मानक गुणवत्ता से कम या नकली हैं। सरकार को कानून और तकनीक के जरिये नियमन एवं निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। एनपीपीए को स्वास्थ्य संस्थानों और अन्य संबंधित पक्षों के सहयोग से ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जो चार पहलुओं पर नजर रखे-मरीज का कुल बिल, दवाओं की उपलब्धता, अस्पतालों की बिलिंग और इलाज तक पहुंच। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कीमतें घटने के बाद संबंधित दवाएं दूरदराज के क्षेत्रों में उपलब्ध रहें, क्योंकि कंपनियां अक्सर कम मुनाफे वाली पुरानी दवाओं का उत्पादन बंद कर देती हैं। अब 300 से अधिक दवाओं पर क्यूआर कोड अनिवार्य है, जिसे स्कैन करके असली और नकली दवा की पहचान की जा सकती है। इसका दायरा धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम में संशोधन कर नकली दवा बनाने को गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया है, जिसमें आजीवन कारावास तक का प्रविधान है। पिछले दो वर्षों में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों का पालन नहीं करने वालीं 150 से अधिक कंपनियों के लाइसेंस रद किए गए हैं। ऐसी कंपनियों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई भी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का विस्तार हो।

डाक्टरों के लिए यह अनिवार्य होना चाहिए कि वे पर्चे पर किसी खास कंपनी की दवाएं अस्पष्ट लिखने के बजाय स्पष्ट रूप से जेनेरिक दवाओं के नाम लिखें। आज चिकित्सा तंत्र मुनाफाखोरी की गिरफ्त में है। इसका एक कारण चिकित्सा शिक्षा का महंगा और सीमित होना भी है। सरकार को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सर्वसुलभ सार्वजनिक चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करना चाहिए। साथ ही निजी चिकित्सा शिक्षा की फीस को नियंत्रित करने के कदम भी उठाने चाहिए।

(लेखक किरोड़ीमल कालेज, दिल्ली में प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

कुसंगति

सम्मानित, सहृदय, विवेकशील और परोपकारी व्यक्ति भी यदि कुसंगति में पड़ जाता है, तो उसके गुण धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। वह बुरी आदतों और कर्मों की ओर बढ़ने लगता है। इसका उदाहरण रामायण के एक प्रसंग में मिलता है। त्रेतायुग में जब राजा दशरथ ने श्रीराम का राज्याभिषेक करने का निर्णय लिया, तो पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई, लेकिन मंथरा की कुसंगति का कैकेयी पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह श्रीराम के राज्याभिषेक के विरोध में खड़ी हो गईं।

गोस्वामी तुलसीदास ने इसी प्रसंग में कहा है- 'को न कुसंगति पाइ नसाईं। रहइ न नीच मतें चतुराईं।।' अर्थात कुसंगति पाकर कौन नष्ट नहीं होता और नीच विचारों के प्रभाव में आने पर विवेक भी नष्ट हो जाता है। कैकेयी भगवान श्रीराम को कौशल्या से भी अधिक स्नेह करती थीं, पर अपनी दासी मंथरा के बहकावे में आ गईं। परिणामस्वरूप राजा दशरथ ने कैकेयी के कहने पर राम को वनवास दे दिया। मंथरा की कुसंगति के कारण श्रीराम को वन जाना पड़ा और अंततः राजा दशरथ ने भी पुत्र-वियोग में प्राण त्याग दिए।

विद्वानों ने अच्छी संगति रखने की सलाह दी है। अच्छी संगति व्यक्ति को बुरे रास्ते पर जाने से बचाती है। वह न केवल स्वयं नेकी के मार्ग पर चलता है, दूसरों को भी अच्छे कर्मों के लिए प्रेरित करता है। बुरी संगति में पड़ा व्यक्ति केवल अपना स्वार्थ देखता है। वह छल-कपट से भौतिक सुख-सुविधाएं जुटाने में लगा रहता है। भौतिक वस्तुओं से क्षणिक सुख तो मिल सकता है, लेकिन आत्मिक आनंद नहीं। ऐसा व्यक्ति अक्सर संशय और भय में जीवन बिताता है। भौतिक संसाधन जुटाने की दौड़ में मन की शांति और प्रसन्नता खो जाती है। इसका असर नींद और स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। इसलिए थोड़े से लालच में आकर किसी बुरे व्यक्ति की सलाह नहीं माननी चाहिए।

सलिल पांडेय

बेहतरी की ओर बढ़ते दूर-दराज के क्षेत्र

डा. मोनिका शर्मा

आर्थिक समृद्धि का देश के ग्रामीण इलाकों तक विस्तार पाना एक बड़े सकारात्मक परिवर्तन की बानगी है

ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोगों की निजी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण इलाकों में निजी संपत्ति संग संपन्न लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। एक समय छोटे-बड़े शहरों, महानगरों और ग्रामीण इलाकों की जीवनशैली में काफी अंतर हुआ करता था। सुविधाओं की उपलब्धता और आर्थिक स्थिति के मामले में बड़े शहर हमेशा से आगे रहे हैं। ऐसे में आर्थिक समृद्धि का मेट्रो शहरों से निकलकर देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक विस्तार पाना बहुत से पक्षों पर सकारात्मक परिवर्तन की बानगी है। पीपल रिसर्च आन इंडियाज कंज्यूमर इकोनमी के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्ति की बढ़ोतरी की वार्षिक दर 11 प्रतिशत और बड़े शहरों में आठ प्रतिशत है।

ध्यातव्य है कि आबादी के आंकड़े में भारत आज दुनिया में पहले स्थान पर है। हमारे यहां अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता ही नहीं, आर्थिक मोर्चे पर भी विषमता रही है। यही वजह है कि संपन्नता का यह विस्तार गांव-शहर के फर्क को पाटने वाला है। समाज में आर्थिक समानता को बल देने वाला है। आमजन को बेहतर जीवनशैली की ओर प्रवृत्त करने वाला है। यह रिपोर्ट भी बताती है कि वर्ष 2025 में ग्रामीण केंद्रित कंपनियों ने 30 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों ने न केवल दोपहिया वाहन और ट्रैक्टरों की बिक्री के मामले में शहरों को पीछे छोड़ दिया, बल्कि रोजाना उपयोग के सामान और प्रीमियम गाड़ियों की मांग भी मजबूत बनी हुई है।

स्पष्ट है कि आर्थिक संपन्नता की बढ़ती परिधि दूर-दराज के इलाकों में विकास को गति देने वाला रुझान है। डाटा एनालिटिक्स फर्म प्राप्तइंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में टियर-2 शहरों में हाउसिंग बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी है। यह आंकड़ा आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे की बेहतरी से भी जुड़ा है। बीते कुछ बरसों में ग्रामीण विकास पर खर्च में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। गांवों में बहुत सी रोजगार और आजीविका योजनाओं और छोटे शहरों में स्मार्ट सिटी योजना, बेहतर यातायात सुविधा और डिजिटल कनेक्टिविटी इस बदलाव के पीछे हैं। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। ऐसे में छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में ग्राहकों की संख्या में हुआ इजाफा व्यावसायिक गतिविधियों को भी विस्तार देगा। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में आर्थिक समृद्धि का बदलता मानचित्र जीवन के हालातों के बदलने की भी बानगी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

हठधर्मिता का परित्याग करे विपक्ष

'वोट चोरी का बहाना' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर को लेकर विपक्ष द्वारा खड़े किए जा रहे फेक नैरेटिव की विसंगतियों को रेखांकित किया गया है। जिन 13 करोड़ नामों को सूची से हटाने पर शोर मचाया जा रहा है, वे दरअसल मृत, अन्यत्र बसे या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता हैं। जब चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में स्पष्ट किया है कि फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं और नाम जुड़वाने की वैधानिक प्रक्रिया अभी भी खुली है, तब कोर्ट में प्रमाण देने के बजाय माक संसद जैसे स्वांग रचना केवल राजनीतिक हठधर्मिता है। कांग्रेस की यह कवायद अपनी सांगठनिक कमजोरियों और बूथ लेवल एजेंट तैनात न कर पाने की विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास दिखती है। किंतु इसके निहितार्थ कहीं अधिक खतरनाक हैं। यह देश की चुनावी वैधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षत-विक्षत करने का सोचा-समझा षड्यंत्र है। जब घरेलू न्यायिक चौखट पर झूठ के पांव नहीं टिकते, तब वैश्विक रेटिंग एजेंसियों, विदेशी मीडिया और भारत-विरोधी लाबी को मसाला परोसने के लिए 'लोकतंत्र खतरे में है' का प्रलाप शुरू कर दिया जाता है। अपनी आसन्न पराजय के लिए अग्रिम कवच तैयार करने की यह क्षुद्र चाल सीधे भारत की लोकतांत्रिक संप्रभुता पर आघात करती है। संस्थाओं की साख गिराकर सत्ता तक पहुंचने की राहुल गांधी की यह हताशा क्षोभजनक है।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

मेलबाक्स

जनआंदोलन और भीड़तंत्र में अंतर

'लोकतंत्र के लिए खतरा है भीड़तंत्र' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में स्मार्कात ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के समक्ष उपस्थित एक गंभीर चुनौती की ओर ध्यान आकर्षित किया है। निःसंदेह लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं, बल्कि संवैधानिक मर्यादाओं, विधि के शासन, असहमति के सम्मान और संस्थागत जवाबदेही पर आधारित व्यवस्था है। जब जनाक्रोश हिंसा, अराजकता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश का रूप लेने लगे, तब लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति और भीड़तंत्र के बीच अंतर करना अनिवार्य हो जाता है। आलेख में श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में हुए जनआंदोलनों का उल्लेख करते हुए संस्थागत दुर्बलता और अनियंत्रित जनाक्रोश के खतरों को रेखांकित किया गया है। यह चिंता उचित है, किंतु इस विमर्श का एक दूसरा पक्ष भी विचारणीय है। प्रत्येक जनआंदोलन को भीड़तंत्र की संज्ञा देना लोकतांत्रिक चेतना के व्यापक अर्थ को सीमित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि अनेक लोकतांत्रिक अधिकार और सामाजिक परिवर्तन शांतिपूर्ण जन-प्रतिरोध के माध्यम से ही संभव हुए हैं। इसलिए समस्या विरोध में नहीं, बल्कि उसके हिंसक और असंवैधानिक स्वरूप में है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(बी) शांतिपूर्वक और निरस्त्र एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। यद्यपि ये अधिकार युक्तियुक्त प्रतिबंधों के अधीन हैं, तथापि इनका संरक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है। अतः शांतिपूर्ण असहमति को अराजकता मानना जितना अनुचित है, उतना ही हिंसक गतिविधियों को जनभावना की अभिव्यक्ति बताना भी। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की स्वतंत्रता नहीं हो सकती। अंततः लोकतंत्र की रक्षा नागरिकों की आवाज दबाकर नहीं, बल्कि उसे संवैधानिक दिशा देकर की जा सकती है। न तो भीड़ का बहुमत संविधान से ऊपर है और न ही सत्ता का बहुमत नागरिक अधिकारों से। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति इन्हीं संतुलन में निहित है, जहां असहमति को सम्मान मिले, सत्ता जवाबदेह रहे और कानून का शासन सर्वोपरि हो। भीड़तंत्र का प्रतिरोध तभी सार्थक होगा, जब लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता के विश्वास की कसौटी पर खरी उतरें।

डा. इंद्र दमन तिवारी, लखनऊ

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*

दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

5.5 प्रतिशत तक पहुंच गई सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई। खानपान से जुड़ी वस्तुओं, ईंधन और अन्य जरूरी उत्पादों की कीमतों में वृद्धि ने महंगाई संबंधी चिंता को एक बार फिर से बढ़ा दिया है।



लोकमित्र गौतम
आर्थिक मामलों के जानकार

आजकल

आर्थिक वृद्धि के बीच रोजगार की चुनौती

किसी अर्थव्यवस्था की सफलता का सबसे चमकदार प्रमाण उसकी विकास दर होती है, लेकिन इसकी वास्तविक सफलता का पता इस बात से चलता है कि उस विकास का लाभ आम आदमी तक कितना पहुंचा? देश में उत्पादन बढ़े, बाजार में मांग मजबूत हो, कंपनियों के कारोबार का विस्तार हो और निवेश की संभावनाएं बेहतर हों, ये सब पैमाने अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत होते हैं। परंतु युवाओं के लिए यदि रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा नहीं होते, तो विकास की तस्वीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अधूरा रह जाता है



रोजगार बाजार के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव के लिए अभी बहुत कुछ किए जाने की गुंजाइश है। प्रतीकात्मक

अक्टूबर में भारत का संयुक्त विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र गतिविधि सूचकांक सितंबर के 55.9 से बढ़कर 56.7 पर पहुंच गया। यह पिछले चार महीनों में सबसे तेज विस्तार का संकेत था। लेकिन इसी सर्वेक्षण के अनुसार रोजगार में वृद्धि वर्ष के सबसे धीमे स्तर पर आ गई। सेवाओं में कर्मचारियों की संख्या स्थिर रही, जबकि विनिर्माण क्षेत्र में नियुक्तियां मामूली रहीं। कुल मिलाकर कारोबारी गतिविधियों में तेजी के बावजूद रोजगार सृजन उसी अनुपात में आगे नहीं बढ़ा। वास्तव में यहीं वह बिंदु है, जहां आर्थिक विकास के पारंपरिक पैमाने बेमानी हो जाते हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था के सामने रोजगार की चुनौती को समझने के लिए सरकारी आंकड़े ही काफी हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सितंबर 2026 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत रही। इसी अवधि में श्रम बल भागीदारी दर 55.5 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 52.7 प्रतिशत दर्ज किया गया। इन आंकड़ों के आधार पर कहें तो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बेरोजगारी दर में 0.2 प्रतिशत अंक की गिरावट आई है, जबकि पारिस्थितिक जरूरत कम से कम 2.5 प्रतिशत विकास की जरूरत थी। इन आंकड़ों को नजरअंदाज करना इसलिए भी उचित नहीं होगा, क्योंकि ये बताते हैं कि रोजगार की तस्वीर में सकारात्मकता की ज्याद जरूरत थी।

किसी व्यक्ति का काम में लगा होना और उसका सम्मानजनक, पर्याप्त आमदनी वाला तथा सुरक्षित रोजगार पाना दो अलग बातें हैं। यदि कोई युवा अपनी योग्यता से बहुत नीचे का काम करने को मजबूर है या उसकी आय परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही, तो केवल रोजगार की उपलब्धता से आर्थिक संतुष्टि हासिल नहीं हो सकती, भले आंकड़े कुछ भी साबित कर रहे हों। लेकिन फिलहाल इस सवाल को दरकिनार भी कर दें तो भी यह प्रश्न तो रहता ही है कि यदि कंपनियां बढ़ी हैं, उनका मुनाफा बढ़ा है, समग्रता में जीडीपी बढ़ा है तो नौकरियां क्यों नहीं बढ़ीं?

यदि तकनीक के बढ़ते उपयोग वाले पहलू को देखें तो दरअसल असली चुनौती यह है कि कामगारों के कौशल को बदलती जरूरतों के अनुकूल बनाया जाए और नए अवसरों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। भारत को ऐसी औद्योगिक नीति की आवश्यकता है जो इलेक्ट्रानिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, पर्यटन, निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक कृषि-आधारित उद्योगों जैसे क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाए। इन क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। बड़े उद्योग उत्पादन और निवेश को गति दे सकते हैं, लेकिन व्यापक रोजगार सृजन के लिए छोटे कारोबारों को भी पूंजी, तकनीक, बाजार और प्रशिक्षित श्रमिकों तक आसान पहुंच चाहिए।

महंगाई और आमदनी : विकास की दूसरी कसौटी आम नागरिक की क्रयशक्ति है। सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई 5.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी ने महंगाई संबंधी चिंताओं को फिर प्रमुखता दी। महंगाई से बचत की गुंजाइश घटती है और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा कौशल विकास पर खर्च करना कठिन हो सकता है। यहां यह समझना जरूरी है कि आर्थिक विकास और महंगाई के बीच संबंध जटिल है। हर महंगाई वृद्धि का कारण मांग नहीं होती; खाद्य आपूर्ति, ऊर्जा की कीमतें और वैश्विक परिस्थितियां भी कीमतों को प्रभावित करती हैं। इसलिए सरकार और रिजर्व बैंक को विकास तथा मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती का सामना करना पड़ता है।

वैश्विक अनिश्चितता : पश्चिम एशिया का तनाव, ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की अनिश्चितताएं भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर सकती हैं। तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से परिवहन और उत्पादन की लागत बढ़ सकती है। इसका असर महंगाई, कंपनियों के निवेश संबंधी फैसलों और घरेलू मांग पर पड़ सकता है। रिजर्व बैंक ने भी अपने आर्थिक आकलन में वैश्विक अनिश्चितताओं और महंगाई के जोखिमों को रेखांकित किया है। ऐसे माहौल में भारत की घरेलू मांग, मजबूत सेवाक्षेत्र और उत्पादन क्षमता उसकी ताकत हैं। लेकिन इस ताकत को टिकाऊ बनाने के लिए रोजगार की गुणवत्ता, कौशल विकास और छोटे उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर ध्यान देना होगा। केवल बाहरी झटकों से बचाव पर्याप्त नहीं, अर्थव्यवस्था के भीतर अवसरों का विस्तार भी जरूरी है।

ऐसे में नीति की प्राथमिकता क्या हो? सरकार को विकास के आंकड़ों के साथ रोजगार के परिणामों को भी नीतिगत सफलता का प्रमुख पैमाना बनाना चाहिए। इसके लिए तीन प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। पहली, श्रम-प्रधान उद्योगों और छोटे-मध्यम उद्यमों को ऐसी सहायता मिले जिससे वे विस्तार कर सकें और नियमित रोजगार पैदा कर सकें। दूसरी, कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की वास्तविक मांग से जोड़ा जाए। प्रशिक्षण का मूल्य प्रमाणपत्रों की संख्या से नहीं, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को मिलने वाले रोजगार और उनकी आय में सुधार से तय होना चाहिए।

तीसरी, रोजगार के आंकड़ों में नियमित नौकरियों, सामाजिक सुरक्षा, वेतन, कार्यस्थल की गुणवत्ता और महिलाओं की भागीदारी पर अधिक ध्यान दिया जाए। (ईआरसी)

वर्तमान विसंगतियों का करना होगा समाधान



प्रीतम सिंह
विधानसभा सदस्य, उत्तराखंड

पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भाजपा नेतृत्व की सरकार है। परंतु इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि सरकार अपनी तमाम आर्थिक कमियों और संस्थागत कमजोरियों से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के सवालों पर समुचित बातचीत करने के बजाय बार-बार नेहरू का नाम लेकर मुद्दे को भटकाने का प्रयास करती है। कभी-कभी तो दोष पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी मढ़ा जाता है और उनकी आर्थिक नीतियों का हवाला देकर वर्तमान की कई समस्याओं की दशनि की कोशिश की जाती है। सत्ता में इतने साल बिताने के बाद उम्मीद यह थी कि सत्तारूढ़ दल के पास अपना एक ठोस विजन हो और कारगर तरीके से वह अपनी उपलब्धियां गिना सके। परंतु प्रायः इस तरह की बहस को भटका दिया जा रहा है।

आज भारत ऐसे संकटों का सामना कर रहा है, जिन पर राजनीतिक नेतृत्व को समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है। रोजगार सृजन, खासकर युवाओं के लिए सार्थक रोजगार एक गंभीर चिंता बना हुआ है। परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने और अनियमितताओं के कारण अनगिनत अभ्यर्थियों का भविष्य अनिश्चितता में दिख रहा है। जरूरी चीजों की बढ़ती कीमतों से घरेलू बजट पर दबाव बना हुआ है, जबकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सस्ती स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच अब भी असमान है। भारत की आर्थिक वृद्धि वास्तविक उपलब्धि है, लेकिन केवल वृद्धि के बड़े आंकड़े यह नहीं बताते कि किस तरह की नौकरियां पैदा हो रही हैं, आर्थिक अवसरों का बंटवारा कैसा है या छोटे कारोबारियों और किसानों को कितनी सुरक्षा हासिल है। विकास का लाभ आम नागरिकों को सम्मान और अवसर के रूप में मिलना चाहिए।

हमारी विदेश नीति की गंभीर पड़ताल होनी चाहिए। भारत की वैश्विक साख कई पीढ़ियों और अलग-अलग सरकारों के प्रयासों से बनी एक पूंजी है। रणनीतिक स्पष्टता, विश्वसनीय कूटनीति और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की क्षमता के माध्यम से इसे कायम रखना चाहिए। पड़ोसी देशों, क्षेत्रीय सुरक्षा और बड़ी शक्तियों के साथ संबंधों से जुड़े सवालों को सरकार की आलोचना बताकर खारिज नहीं किया जा सकता। ये राष्ट्रीय महत्व के विषय हैं। यही बात आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव लोकतांत्रिक संस्थाओं की सेहत पर भी लागू होती है। ये मौजूदा सरकार की जिम्मेदारियां हैं, ऐसी समस्याएं नहीं जिन्हें पिछली सरकारों के मत्थे मढ़ा जा सके।

भारत इतना विशाल, जटिल और महत्वपूर्ण देश है कि उसकी राजनीतिक चर्चा को दशकों पहले किसने कौन-सी गलती की, इस पर अंतहीन खींचतान में नहीं फंसाया जा सकता। नेहरू के योगदान पर बहस हो सकती है, मनमोहन सिंह के आर्थिक फैसलों की पड़ताल की जा सकती है और कांग्रेस की हर सरकार के कार्यकाल की समीक्षा हो सकती है। लेकिन भाजपा के कार्यकाल की भी ठीक उसी तरह पड़ताल होनी चाहिए। यहां एक कहावत की चर्चा की जा सकती है : मृत लोग असाधारण रूप से धैर्यवान होते हैं। वे जवाब नहीं दे सकते, स्पष्टीकरण नहीं मांग सकते और अपने नाम का राजनीतिक सुविधा के लिए इस्तेमाल करने वालों को चुनौती नहीं दे सकते। लेकिन जीवित लोग इतने धैर्यवान नहीं हैं। उन्हें नौकरियां, भरोसेमंद सार्वजनिक सेवाएं, आर्थिक सुरक्षा और अपने फैसलों की जिम्मेदारी स्वीकार करने वाली सरकार चाहिए। इसलिए भूत का जवाब देना चाहिए, न कि अपने पूर्ववर्तियों को दोष देने के लिए इतिहास का एक और पाठ पढ़ाना चाहिए। अतीत यह समझा सकता है कि हम यहां तक कैसे पहुंचे। लेकिन आगे किस दिशा में जाना है, यह तय करने में नाकाम रहने का वह बहाना नहीं हो सकता।

खरी-खरी

अंधेर नहीं पर देर तो है

विनय कुमार पाठक

भगवान के घर देर है अंधेर नहीं- यह कहावत तो सदियों से चली आई है। वैसे कुछ लोगों का कटु अनुभव यह भी हो सकता है कि भगवान के घर देर भी है और अंधेर भी है। यह तो अपनी-अपनी मान्यता है। कुछ लोग भगवान को ही नहीं मानते। कुछ लोग तब तक मानते हैं, जब तक सबकुछ अच्छा चल रहा होता है। जैसे ही परेशानी आती है भगवान से उन्हें परेशानी होने लगती है। वैसे कबीरदास का सुझाव है कि सुख में भी ईश्वर को याद करते रहें तो दुख नहीं होगा। पर न्यायालयों के बारे में कहा जा सकता है कि न्याय के इस घर में अंधेर नहीं, पर देर है।

यह ज्ञान लिखेरा पंडित को तब हुआ, जब उन्हें पता चला कि जिस बेटे की मौत के बाद मां-बाप ने ईसाफ की उम्मीद में न्यायालयों के चक्कर काटने शुरू किए थे, उस मामले में फैसला तो आया, पर बाप की मौत के बाद। और मौत 12 वर्षों के बाद। और इस फैसले के आते ही मां भी चल बसी।

वैसे अदालत के द्वारा मुआवजा देने का आदेश केवल तीन वर्षों में ही दे दिया गया था। पर मुआवजे की रकम काफी कम थी, अतः दिवंगत के माता-पिता ने उचित मुआवजे के लिए बड़ी अदालत में अपील दायर कर दी थी। और जब बात बड़ी अदालत की हो तो समय भी बड़ा लगना चाहिए न?

यहां प्रसन्न होने की बात है कि न्याय के मंदिर में अंधेर नहीं था। मुआवजा मिला और उसकी रकम सूद समेत बैंक खाते में जमा भी हो गई। 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' और 'जो वर्षा जब कृषि सुखानी' जैसी कहावतें हमारे न्यायालयों पर लागू नहीं होतीं। जो न्यायालय दूसरों को एक दो दिनों की देरी के लिए सजा सुना सकता है, वह खुद एक मामला निपटाने में 25 साल लगा सकता है।

वैसे इसके कई लाभ भी हैं। इनकी कृपा से सन्नी देओल का 'तारीख पर तारीख' वाला संवाद काफी हिट हुआ है। इनकी कृपा से काले कोट वाले वकीलों के घर का चूल्हा जलता है। और कानून के खिलाड़ियों को भी काफी कुछ लाभ होता है।

पोस्ट

प्रियंका गांधी को न माक पार्लियामेंट में बोलने दिया गया और न ही रामलीला मैदान की रैली में, जबकि लेफ्ट संगठन की नेहा बीरा को दोनों मौकों पर बोलने का समय दिया गया।
डा. नवनीत मिश्रा@navneetmishra99



किसी राजनीतिक दल के प्रदर्शन को 'हल्दीघाटी' की उपमा देना इतिहास की गंभीरता को राजनीतिक नारों में समेट देना है। हल्दीघाटी कोई प्रतीकात्मक भीड़ या शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि विशिष्ट ऐतिहासिक संदर्भ और स्थाभिमान से जुड़ा अध्याय है। इतिहास का उपयोग कीजिए, सरलीकरण नहीं।
डा. मीना कुमारी@DrMeenaJangid

केजीएमयू में लव जिहाद-मतांतरण का प्रकरण यही दर्शाता है कि जिहादी मानसिकता का पढ़ाई-लिखाई और शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में, लड़कियों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। डा. भूपेंद्र सिंह@DrBS07

कम्युनिकेशन के दृष्टिकोण से अब टीवी चैनलों पर डिबेट की कोई खास भूमिका नहीं रह गई। टीवी में कोई नैरेटिव बनाने की ताकत भी नहीं बची। टीवी और डिजिटल से कहीं ज्यादा भरोसेमंद अखबार हैं।
सुशांत झा@jhasushant

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या अंतिम दो मैचों में वैभव सूर्यवंशी को खिलाया जाना चाहिए था?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप को झटका लगने से उनका रवैया सुधरेगा?

परिणाम जागरण डॉटकॉम संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

दल मिलकर उन्नीस भी जुटा न पाए लाख,
'मोदी कहीं न जाएगा' रहो छानते खाक।
रहो छानते खाक मिलेगी नहीं सफलता,
लोकतंत्र का खेल झूठ से है ना चलता।
कमल पुनः इक बार रहेगा अबकी खिलकर,
भले लगाकर जोर देख लो सब दल मिलकर!
-ओम प्रकाश तिवारी



जयकृष्ण वाजपेयी
स्थानीय संपादक, कोलकाता

बंगाल डायरी

एनकाउंटर पर तालियां और सवाल



बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गए आरोपित प्रह्लाद दास और समाउन शेख। फाइल

बंगाल में अपराधियों के एनकाउंटर पर छिड़ी बहस के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या न्याय की मांग अपराधियों के लिए अदालत और पुलिस के लिए जवाबदेही- दोनों को साथ लेकर चल सकती है? नक्सली हिंसा पर चुप्पी तथा पुलिस कार्रवाई के समर्थन में आवाजें सुनाई दी थीं। 11 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी और हत्या जैसी घटना पर समाज का आक्रोश स्वाभाविक है। न्यायिक प्रक्रिया में देरी, गवाहों का मुकरना और वैधियों को सजा मिलने में वर्षों लगना लोगों के भरोसे को कमजोर करता है। ऐसे में पुलिस की त्वरित कार्रवाई न्याय जैसी दिखाई देने लगती है। लेकिन यह अंतर समझना भी आवश्यक है कि बदले की संतुष्टि और न्याय एक नहीं हैं।

27 अक्टूबर को गायघाटा और शमशेरगंज में हुई गोलीबारी के बारे में पुलिस ने बताया कि आरोपितों को पुलिस का दावा है कि आरोपितों ने हथियार छीनकर गोली चलाई और जवाबी कार्रवाई में मारे गए।

वहीं दूसरी ओर, कुछ विपक्षी नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने घटनाओं की परिस्थितियों पर सवाल उठाए हैं। प्रभास मंडल की मौत के बाद इंटरनेट मीडिया से लेकर चाय की दुकानों तक पुलिस कार्रवाई के समर्थन में आवाजें सुनाई दी थीं। 11 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी और हत्या जैसी घटना पर समाज का आक्रोश स्वाभाविक है। न्यायिक प्रक्रिया में देरी, गवाहों का मुकरना और वैधियों को सजा मिलने में वर्षों लगना लोगों के भरोसे को कमजोर करता है। ऐसे में पुलिस की त्वरित कार्रवाई न्याय जैसी दिखाई देने लगती है। लेकिन यह अंतर समझना भी आवश्यक है कि बदले की संतुष्टि और न्याय एक नहीं हैं।

27 अक्टूबर को गायघाटा और शमशेरगंज में हुई गोलीबारी के बारे में पुलिस ने बताया कि आरोपितों को घटनाक्रम का पुनर्निर्माण कराने ले जाया गया था। इसी दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर गोली चलाई और जवाबी कार्रवाई में मारे गए। मुर्शिदाबाद में सुजीत मंडल की हत्या के बाद उनके शरीर के टुकड़े अलग-अलग स्थानों पर मिलने की खबर से भारी आक्रोश था। पुलिस की कथित लापरवाही पर कार्रवाई हुई, कुछ पुलिसकर्मी निलंबित किए गए और जांच सीआइडी को सौंपी गई। अब मुख्य आरोपित समाउन शेख की मौत पर भी सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अपराधियों के प्रति नरमी और पुलिस की जवाबदेही के नाम पर पीड़ितों का दर्द पीछे नहीं छूटना चाहिए। साथ ही, यह भी देखना होगा कि आरोपित की मौत से अपराध में शामिल अन्य लोगों, संभावित साजिश का पर्दाफाश करने की जांच प्रभावित तो नहीं होगी।

अपराधी चाहे किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा हो या सामान्य आपराधिक गिरोह से, पीड़ित का दर्द समान है। कुछ विपक्षी नेताओं और मानवाधिकार संगठनों की भूमिका पर सवाल उठ सकते हैं कि क्या वे आतंकवादी हमलों, नक्सली हिंसा और सुरक्षाकर्मियों की हत्या के विरुद्ध भी समान मुखरता दिखाते हैं? हालांकि, यह आरोप सभी मानवाधिकार संगठनों पर सामूहिक रूप से थोपना उचित नहीं। मानवाधिकार का अर्थ अपराधियों का महिमामंडन नहीं, राज्य की शक्ति को कानून के दायरे में रखना है। आत्मरक्षा में पुलिस का बल प्रयोग वैध हो सकता है, लेकिन हर मुठभेड़ को बिना जांच सही मान लेना भी न्यायसंगत नहीं।

पुलिस मुठभेड़ों के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र जांच, प्राथमिकी, साक्ष्यों का संरक्षण और आवश्यक मजिस्ट्रेटी जांच जवाबदेही के लिए अनिवार्य हैं। बारुईपुर मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी राज्य सरकार से जांच की स्थिति पर हलफनामा मांगा था तथा संबंधित दस्तावेज और सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया था। इसलिए तीनों घटनाओं में पुलिस के दावों, हथियारों की बरामदगी, गोली चलने की परिस्थितियों और फोरेंसिक साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

एनकाउंटर के प्रति जनसमर्थन का एक बड़ा कारण न्यायिक प्रक्रिया में देरी भी है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के जेल संबंधी आंकड़ों के अनुसार, 2024 के अंत में देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में लगभग 72.6 प्रतिशत विचाराधीन बंदी थे। मुकदमों का लंबा खिंचना, गवाहों पर दबाव और कमजोर जांच न्याय व्यवस्था में विश्वास को प्रभावित करते हैं। लेकिन किसी आरोपित को गोली मार देना व्यवस्था की सफलता का प्रमाण नहीं है। ठोस साक्ष्य जुटाकर अपराधियों को अदालत से सजा दिलाना ही वास्तविक सफलता है।


बंगाल के सामने महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध अपराध रोकने तथा पुलिस-प्रशासन को जवाबदेह बनाने की दोहरी चुनौती है। सत्ता पक्ष हर मुठभेड़ को उपलब्धि बताए और विपक्ष हर कार्रवाई को फर्जी घोषित कर दे, तो न्याय की गंभीरता कमजोर होती है।

माओवादी और आतंकी हिंसा के पीड़ितों के लिए आज़ाद उठाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी पुलिस कार्रवाई में संभावित अवैधता की जांच करना भी है। लोकतंत्र की ताकत इस बात में नहीं कि पुलिस कितनी गोलियां चला सकती है, बल्कि इसमें है कि वह कितने अपराधियों को ठोस साक्ष्यों के साथ अदालत तक पहुंचाती है और न्यायालय कितनी शीघ्रता से निष्पक्ष फैसला सुनाते हैं। एनकाउंटर पर तालियां क्षणिक संतोष दे सकती हैं, लेकिन स्थायी सुरक्षा मजबूत न्याय व्यवस्था से ही मिलेगी। अपराधी को सजा, निर्दोष को सुरक्षा और पुलिस को जवाबदेही से छूट नहीं- यही कानून का राज और सभ्य समाज की पहचान है।

मंथन

कांग्रेस का चुनिंदा विरोधाभास

मुख्य चुनाव आयुक्त के त्यागपत्र की मांग पर अड़ी कांग्रेस यदि वास्तव में चुनाव आयोग की स्वायत्तता को मजबूत बनाना चाहती है, तो उसे ठोस सुधारों पर सहमति बनानी चाहिए



मोहन चरण माझी
मुख्यमंत्री, ओडिशा

देश की राजधानी नई दिल्ली की सड़कों पर पिछले कुछ समय से मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी हो रही है। आरोप है कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है और यह संवैधानिक संस्था सरकार के प्रभाव में काम कर रही है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का तर्क है कि कल तक चुनाव आयोग निष्पक्षता का प्रतीक था, लेकिन आज उसकी स्वायत्तता खतरे में है। यह दावा सुनने में भले ही प्रभावशाली लग सकता है, लेकिन निष्पक्षता की मांग करने वालों से यह पूछना भी जरूरी है कि क्या उन्होंने सत्ता में रहते हुए इन्हीं सिद्धांतों का पालन किया था?

लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की असली परीक्षा तब होती है, जब उनके फैसले राजनीतिक दलों की अपेक्षाओं के अनुरूप न हों। लेकिन क्या किसी संस्था की निष्पक्षता का पैमाना चुनावी नतीजों से तय किया जा सकता है? क्या जीत मिलने पर वही प्रक्रिया स्वीकार्य और हार होने पर संदिग्ध हो जाती है? चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस के मौजूद रुख ने ऐसे ही बुनियादी सवाल खड़े किए हैं।

चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर बहस आज से शुरू नहीं हुई है। कांग्रेस के लंबे शासनकाल में भी आयोग की नियुक्तियों, उसकी संरचना और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अधिकारों को लेकर विवाद उठे थे। वर्ष 1989 में निर्वाचन आयुक्तों के अतिरिक्त पदों का सृजन, 1993 में टीएन शेषन के कार्यकाल के दौरान आयोग की संरचना में बदलाव और 2009 में नवीन चावला की नियुक्ति ऐसे प्रसंग हैं, जिन्हें वर्तमान बहस से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस पूरे विवाद में एक बुनियादी अंतर समझना जरूरी है कि आरोप और प्रमाण एक ही चीज नहीं हैं। चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के एसआइआर की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित मामले में चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मगर न्यायिक जांच पूरी होने से पहले ही इस्तीफे की मांग को अंतिम निष्कर्ष की तरह पेश करना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है।

नियुक्तियों में सरकारी प्रभाव : संविधान के अनुच्छेद 324 ने चुनाव आयोग को चुनाव संबंधित फैसले लेने की जिम्मेदारी दी है। लंबे समय तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार की सलाह पर होती रही। इस व्यवस्था में संसद ने सात दशकों से अधिक समय तक नियुक्तियों की प्रक्रिया निर्धारित करने वाला अलग कानून नहीं बनाया। इस अवधि के बड़े हिस्से में कांग्रेस सत्ता में रही। कांग्रेस नियुक्तियों में सरकारी प्रभाव को लेकर सवाल उठा रही है, तब यह पूछना स्वाभाविक है कि सत्ता में रहते हुए उसने इसे बदलने की पहल क्यों नहीं की। यदि नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार आवश्यक था, तो इसकी जिम्मेदारी उन सभी दलों की थी, जिन्हें लंबे समय तक शासन करने का अवसर मिला।

अक्टूबर 1989 में लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले राजीव गांधी सरकार ने दो अतिरिक्त चुनाव आयुक्तों के पद बनाए और एसएस धनोआ एवं वीएस सीगल को नियुक्त किया। नवंबर 1989 में चुनाव के बाद बनी नई सरकार ने कुछ ही सप्ताह में इन दोनों पदों को समाप्त कर दिया। इस घटनाक्रम ने एक बुनियादी सवाल खड़ा किया कि क्या चुनाव आयोग की संरचना में बदलाव संस्थागत जरूरतों के आधार पर किया गया था या सरकार और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के बीच टकराव ने इसमें भूमिका निभाई थी?

वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से संसद ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित कानून में बदलाव किया। इसके तहत नियुक्तियों के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता वाली चयन समिति का प्रविधान किया गया। यह नियुक्ति प्रक्रिया को वैधानिक आधार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। इस प्रक्रिया में पहली बार विपक्ष के नेता को वैधानिक स्थान मिला। कांग्रेस के लंबे शासनकाल में इस प्रक्रिया में विपक्ष की कोई भूमिका नहीं होती थी। सरकार जिसे चुनती थी, देश को उसी पर भरोसा करना पड़ता था।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण करना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है। क्या पात्र नागरिकों को गलती से सूची से बाहर कर दिया गया था और क्या यह प्रक्रिया पारदर्शी थी, ये तथ्य से जुड़े सवाल हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में एसआइआर की समान प्रक्रिया अपनाई गई थी। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने जब जीत हासिल की, तब कांग्रेस ने मतदाता सूची को लेकर एक शब्द भी नहीं कहा। वहीं, पश्चिम बंगाल और असम में कांग्रेस हार गई, तो राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनावों में हेरफेर किया गया है। जो लोग चुनाव में हार गए, वे अब सड़कों पर उतरकर जीत हासिल करना चाहते हैं। यदि किसी प्रक्रिया पर आपत्ति केवल चुनावी हार के बाद अधिक मुखर होती है, तो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



कांग्रेस द्वारा हाल के दिनों में नई दिल्ली में किए गए प्रदर्शनों से प्रभावित यातायात। फाइल

पावर ग्रिड को 3,866 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली: सरकारी कंपनी पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया का जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ आठ से अधिक बढ़कर 3,866.16 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 3,566.08 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बीती तिमाही में कंपनी की कुल आय 12,055.11 करोड़ रुपये रही है जो जुलाई-सितंबर 2025 में 11,670.24 करोड़ रुपये थी। (प्रेट)



भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार और आर्थिक बदलाव में अदाणी समूह की भूमिका काफी सराहनीय है। परिवारों द्वारा संचालित कारोबारों को देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए।
– जेफरी डी सैक्स, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

संसेक्स	75,692.78 ▲ 1,233.25	निफ्टी	23,440.80 ▲ 387.70	सोना प्रति दस ग्राम	₹1,42,500 ▲ ₹500	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹1,86,000 बदलाव नहीं	डालर	₹94.84 ▲ ₹0.08	कूड प्रति बैरल	$108.7

एक नजर में

तेल कंपनियां 15 करोड़ लीटर बायोडीजल खरीदेंगी

नई दिल्ली: तीनों सरकारी तेल कंपनियों- इंडियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन ने 15 करोड़ लीटर बायोडीजल खरीदने के लिए बोलियां मांगी हैं। यह खरीद नवंबर 2026 से जनवरी 2027 के दौरान की जाएगी। 30 अक्टूबर को जारी संयुक्त निविदा के अनुसार, सात नवंबर तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं। इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल और अन्य कच्चे माल से बायोडीजल तैयार किया जा सकता है। आधार मूल्य 88 रुपये प्रति लीटर तय किया है। (प्रेट)

मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर धीमी पड़ी

नई दिल्ली: उत्पादन और नए आर्डर मिलने की रफ्तार कम होने से अक्टूबर में भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि धीमी रही। हालांकि, लागत का दबाव बहुत ज्यादा नहीं रहा, जिससे एक बड़ी गिरावट को रोकने में मदद मिली। मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ) सितंबर के 55.1 से गिरकर अक्टूबर में 54.7 पर आ गया। फिर भी यह अपने लंबे समय के औसत से ऊपर और 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर बना हुआ है। (प्रेट)

साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्ड्स ने जमा किए मसौदा दस्तावेज

नई दिल्ली: कोल इंडिया लिमिटेड की सब्सिडियरी साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने के लिए सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज जमा किए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, यह पूरा आइपीओ आफर फार सेल (ओएफएस) यानी प्रमोटर शेयरों की बिक्री पर आधारित है और इसमें प्रमोटर कोल इंडिया 66.81 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगी। 1985 में स्थापित एसईसीएल देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादकों कंपनियों में से एक है। (प्रेट)

कच्चे तेल में गिरावट से सेंसेक्स 1233 अंक बढ़ा

रिलायंस इंडस्ट्रीज में करीब 12 प्रतिशत वृद्धि का भी रहा योगदान, ब्रेंट क्रूड 108 डालर पर आया

मुंबई, प्रेट: कच्चे तेल में तेज गिरावट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजों के बाद शेयरों में आई जोरदार तेजी से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 1,233.25 अंक (1.66 प्रतिशत) उछलकर सात सप्ताह के अधिक उच्चतम स्तर 75,692.78 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 387.70 अंक (यानी 1.68 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,440.80 के स्तर पर बंद हुआ और यह पांच सप्ताह से अधिक समय में इसका सबसे ऊंचा बंद स्तर है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 4.46 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 108.7 डालर प्रति बैरल पर आ गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 11.64 प्रतिशत की तेजी आई और यह दिन के उच्चतम स्तर 1299 पर बंद हुआ। यह सात अप्रैल, 2020 के बाद सबसे बेहतर कारोबारी दिन रहा है। इस तेजी से कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1.83 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 17.57 लाख करोड़ रुपये हो गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 29,550 करोड़ रुपये का रिकार्ड मुनाफा कमाया है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 33.8 प्रतिशत अधिक है। कंपनी को वैश्विक स्तर पर ईंधन मार्जिन में उछाल का फायदा मिला, जबकि दूरसंचार कारोबार में हुई वृद्धि ने खुदरा कारोबार के सुस्त प्रदर्शन की भरपाई कर दी। टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, स्टेट बैंक आफ इंडिया, एनटीपीसी और मारुति सुजुकी भी बढ़त दर्ज करने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। दूसरी ओर, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

75,692 पर बंद हुआ बीएसई का बेंचमार्क सूचकांक, यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर

387 अंक की बढ़त के साथ पांच सप्ताह के उच्चतम स्तर 23,440.80 पर बंद हुआ एनएसई का निफ्टी



अन्य प्रमुख कारण

- कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजे
- सकारात्मक घरेलू आर्थिक संकेतक
- अक्टूबर में यात्री वाहन बिक्री में वृद्धि
- कुल जीएसटी संग्रह में तेज बढ़ोतरी

सेक्टरवार तेजी (प्रतिशत में)

ऊर्जा	6.06
तेल व गैस	4.89
मेटल	3.13
कमोडिटीज	2.55
पावर	2.42
कंज्यूमर ड्यूरेबल्स	1.95

(बीएसई आइटी, फोकस्ड आइटी और इंश्योरेंस इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए)

एक दिन में छह अरब डालर से ज्यादा बढ़ी मुकेश अंबानी की संपत्ति, अदाणी को पछाड़ फिर सबसे अमीर भारतीय

नई दिल्ली, प्रेट: रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में एक ही दिन में 6.3 अरब डालर का इजाफा हुआ है। ऐसा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई भारी तेजी के चलते हुआ है। दो नवंबर को जारी फोर्ब्स की 'रियल-टाइम बिलियनेयर्स' सूची के अनुसार इस तरह वे दुनिया में सबसे ज्यादा तेजी से संपत्ति बढ़ाने वाले अरबपति बन गए हैं। संपत्ति में हुई इस वृद्धि के साथ अंबानी दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। सूची के मुताबिक, वे एक बार फिर सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। उनकी कुल संपत्ति 88.8 अरब डालर है। जबकि गौतम अदाणी 79.12 अरब डालर की संपत्ति के साथ दुनिया में 26वें नंबर पर हैं।



पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी पर जारी रहेगा फोकस

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : आगामी वित्त वर्ष 2027-28 के लिए पेश होने वाले बजट में सरकार पूंजीगत खर्च और जाब स्किलिंग पर पहले की तरह अपना फोकस जारी रखेगी। सोमवार को मुंबई में आयोजित दो कार्यक्रमों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत खर्च में होने वाली बढ़ोतरी से हमें एक साथ कई लाभ मिलते हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। पिछले कुछ सालों से पूंजीगत खर्च में सरकार लगातार 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर रही है।

पूंजीगत खर्च में इजाफा करने से इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के साथ रोजगार और खपत दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे अर्थव्यवस्था को मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत की यह शिकायत रहती है कि उन्हें नौकरी के लिए तैयार कुशल युवा नहीं मिलते हैं। कालेज से निकलने पर उद्योग जगत को उन्हें रोजगार के लायक बनाना पड़ता है। सरकार इस अंतर को कम करने का प्रयास कर रही है। पिछले दो साल से इस पर ध्यान दिया जा रहा है और यह काम भी जारी रहेगा। उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर उत्पादन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर्स को भी स्कूल-कालेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही।

- वित्त मंत्री ने कहा- बेहतर उत्पादन के लिए एआइ के कोर्स को पाठ्यक्रम में किया जाएगा शामिल
- भारत सात प्रतिशत की दर से कर रहा विकास, इस गति को कायम रखने के लिए होंगे प्रयास



मुंबई में कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण • प्रेट

देशवासियों ने भी हमारी नीति को सकारात्मक धारणा के साथ स्वीकार किया

आगामी बजट वित्त मंत्री का दसवां बजट होगा। इस बारे में उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से वह बजट पेश कर रही हैं और हर बजट में नई चुनौती होती है और भारत के विकास को कायम रखने और लोगों को डिलिवर करने की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने भी हमारी नीति को सकारात्मक धारणा के साथ स्वीकार किया है। विपक्ष की तरफ से माक संसद के आयोजन पर वित्त मंत्री ने कहा कि संसद में होने वाली चर्चा में वे हिस्सा नहीं लेते हैं, तब वे वाकआउट करके बाहर चले जाते हैं, शोर करते हैं और अब वे माक संसद का आयोजन कर रहे हैं। जनता ने उन्हें संसद में बहस करने और अपनी बात रखने के लिए चुना है।

सेबी का विदेशी निवेशकों से एलटीसीजी टैक्स हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एएनआइ: पूंजी बाजार नियामक सेबी ने विदेशी निवेशकों पर लगने वाले लांग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने की सिफारिश की है। साथ ही घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए भी टैक्स में राहत का प्रस्ताव दिया है। नियामक का मकसद भारतीय इक्विटी बाजारों को और अधिक आकर्षक बनाना और निवेश को बढ़ावा देना है। ये सिफारिशें फरवरी में आने वाले केंद्रीय बजट से पहले सरकार को सेबी की तरफ बजट पूर्व सुझावों का हिस्सा है।

सूत्रों के मुताबिक इन प्रस्तावों का मकसद विदेशी निवेशकों पर शुरुआती टैक्स के बोझ को कम करना है। ये सिफारिशें ऐसे समय में आई हैं जब विदेशी निवेशक लगातार भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं। इस साल विदेशी निवेशकों ने रिकार्ड तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के भारतीय शेयर बेचे हैं।

धनतेरस पर सोने के आभूषणों की शुद्धता की ऐसे करें जांच



इस बार छह नवंबर को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भारतीय परिवार सोने के आभूषण खरीदना शुभ मानते हैं और यह एक परंपरा भी है। इस समय सोने का भाव करीब 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम है। ऐसे में ऊंची कीमतों के कारण शुद्धता में थोड़ा सा अंतर भी खरीदारों के लिए बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। यदि आप भी थोड़ी सी सतर्कता बरतें तो इस नुकसान से बचा जा सकता है।

गहने पर जरूर देखें तीन अनिवार्य निशान



सोने का जो भी आभूषण खरीद रहे हैं, उस पर सबसे पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) का हालमार्क देखें। यह सोने की शुद्धता को प्रमाणित करता है। हालमार्क वाले सोने के गहनों पर तीन अनिवार्य निशान होते हैं। इसमें बीआइएस का लोगो, कैरेट व सोने की शुद्धता और छह अक्षरों वाला हालमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआइडी) कोड शामिल है। उदाहरण के लिए, 22 कैरेट सोने पर 22K916 लिखा होता है। इसका मतलब यह है कि 91.6 प्रतिशत सोना है। इसी तरह, 18 कैरेट सोने पर 18K750 लिखा होता है। इसका मतलब है कि इसमें 75 प्रतिशत सोना है।

शुद्धता के आधार पर तय होती है कीमत

ऐसे आभूषणों की कीमत काफी हद तक उसमें मौजूद सोने की मात्रा पर निर्भर करती है। अगर वजन समान है फिर भी 22 कैरेट और 18 कैरेट के गहनों की कीमत सोने के समान भाव पर नहीं लगाई जानी चाहिए। बीआइएस के अनुसार, पंजीकृत ज्वेलर के लिए दुकान में अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लगाना जरूरी है। साथ ही, उन्हें ग्राहकों की मदद के लिए कम से कम 10 गुना क्षमता वाला मैग्निफाइंग ग्लास भी रखना चाहिए, ताकि ग्राहक हालमार्क को आसानी से देख सकें।



बीआइएस केयर एप पर ऐसे करें आभूषण की जांच

सोने के आभूषण पर छह अक्षरों और अंकों वाला एक एचयूआइडी कोड अनिवार्य है। ग्राहक आधिकारिक बीआइएस केयर मोबाइल एप पर इस कोड के जरिये खरीदे जाने वाले आभूषण की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। इस एचयूआइडी कोड में आभूषण की शुद्धता और हालमार्किंग की पूरी जानकारी होती है। यदि एप और आभूषण पर मौजूद जानकारी का मिलान नहीं होता है तो इस बारे में ज्वेलर से स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है। यदि ज्वेलरी जोड़े में बेची जाती है जैसे झुमका या कुंडल (इयररिंग्स) तो उसके हर हिस्से पर अलग-अलग हालमार्क और एचयूआइडी होना चाहिए।

अन्य जरूरी बातें



- आभूषणों के लिए अनिवार्य हालमार्किंग के नियम सोने के सिक्कों और छड़ों पर लागू नहीं होते हैं।
- सिक्के या छड़ खरीदने वालों को उसकी शुद्धता, वजन, बिक्रेता की साख व उससे जुड़े प्रमाणपत्रों की जांच कर लेनी चाहिए।
- सोने के आभूषण खरीदने वालों को बिल संभालकर रखना चाहिए। इससे भविष्य में सोने की शुद्धता की जांच करने में मदद मिलती है।
- हालमार्क वाले आभूषणों के बिल में हर उत्पाद का विवरण, कीमती धातु का शुद्ध वजन, कैरेट और शुद्धता के स्तर के रूप में उसकी शुद्धता और हालमार्किंग का शुल्क लिखा होना चाहिए।

जागरण इन्फो

राष्ट्रीय फलक

लुधियाना में एएसआइ ने शिवसेना नेता के घर छिपाया नशीला पदार्थ, सस्पेंड

जागरण संवाददाता, लुधियाना

- सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई फर्जी रेड, जांच के लिए एसआइटी गठित
- शिवसेना नेता के ड्राइवर की हेरोइन के साथ गिरफ्तारी के बाद मारा था छापा
- हिरासत में लिए गए महंत कश्मीर गिरी को फिलहाल किया गया रिहा



गद्दे के नीचे हेरोइन रखता एएसआइ। वीडियोग्रैब

नशीले पदार्थ की बरामदगी के एक मामले में पंजाब पुलिस सवालों के घेरे में है। खन्ना में शिवसेना नेता महंत कश्मीर गिरी के घर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें सीआइए स्टाफ के एएसआइ सुखवेंदर सिंह कथित तौर पर बेड के गद्दे के नीचे नशीला पदार्थ छिपाते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने और मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने के बाद खन्ना की एसएसपी डा. दर्पण आहलूवालिया ने एएसआइ को निलंबित कर दिया। इस फर्जी छापे की निष्पक्ष जांच के लिए एसपी रैंक के अधिकारी की अगुआई में विशेष जांच टीम (एसआइटी) गठित की गई है। हिरासत में लिए गए महंत कश्मीर गिरी को फिलहाल रिहा कर दिया गया है।

प्रसारित फुटेज के अनुसार, सिविल ड्रेस में एएसआइ अकेले महंत के कमरे में जाते हैं और जेब से निकाली वस्तु गद्दे के नीचे छिपाते हैं। कुछ देर बाद सदर थाना प्रभारी विजयपाल सिंह और सिटी थाना-2 प्रभारी तरविंदर बेदी पुलिस टीम तथा महंत के साथ तलाशी के लिए कमरे में पहुंचते हैं। पुलिस टीम ने गद्दे के नीचे से पैकेट बरामद होने और उसमें 30 ग्राम हेरोइन होने का दावा किया था। महंत ने मौके पर ही बरामदगी को झूठा बताया था। पुलिस ने छापेमारी को महंत के ड्राइवर गुरजंट सिंह उर्फ जंटा की गिरफ्तारी से जोड़ा था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को गुरजंट को 7.5 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। उससे मिली जानकारी के आधार पर शनिवार दोपहर महंत के घर दबिश दी गई।

बता दें कि महंत एंटी-खालिस्तान फ्रंट के राष्ट्रीय प्रचारक और शिवसेना (पंजाब) के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रह चुके हैं। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। सितंबर 2025 में रोपड़ जेल से संचालित डुग नेटवर्क के सिलसिले में उनके गिरोह से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद होने का दावा किया गया था। इस मामले से पहले वह जमानत पर बाहर थे।

टाटा ट्रस्ट्स में दोबारा ट्रस्टी नहीं बनेंगे डेरियस खंबाटा

मुंबई, प्रेट: वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा ने सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) और सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) में दोबारा ट्रस्टी बनने की मांग नहीं करने का फैसला किया है। उनका मौजूदा कार्यकाल नौ नवंबर को समाप्त होने जा रहा है।

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ शर्मा को सोमवार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि पुनर्नियुक्ति के लिए सभी साथी न्यासियों का समर्थन जरूरी है। पद पर बने रहने की मांग से उनकी स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। ट्रस्टियों वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह के नोएल के खिलाफ एकजुट होने के बीच 17 सितंबर की टाटा संस बोर्ड की बैठक में मतभेद खुलकर सामने आए। पत्र में खंबाटा ने बैठक के तरीके की आलोचना की और इसे 'कलंक का दिन' बताया, जिससे टाटा संस की छवि को नुकसान पहुंचा।

हिमाचल में फोरलेन परियोजनाओं से पर्यावरण को नुकसान, सीईसी ने सौंपी रिपोर्ट

हंसराज सैनी • जागरण

- नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर रीईसी ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को सौंपी रिपोर्ट
- पर्यावरण मंजूरी से छूट का हिमाचल प्रदेश में हो रहा दुरुपयोग



प्रतीकात्मक

शिमला। हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों और फोरलेन परियोजनाओं का विस्तार अब पर्यावरण और आम जनजीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई, निर्माण मलबे के अवैज्ञानिक निस्तारण और प्राकृतिक जल निकासी प्रणालियों से छेड़छाड़ ने हिमालय के नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर संकट खड़ा कर दिया है। केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को 682 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2013 से दोशभर में फोरलेन परियोजनाओं को पर्यावरण मंजूरी के अनिवार्य दायरे से छूट मिली हुई है। हिमाचल जैसे भूगर्भीय रूप से संवेदनशील राज्य में इस छूट का अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। परियोजनाओं के लिए वन भूमि का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है और प्राकृतिक जल निकासी प्रणालियों के साथ बन्यजीव गलियारे भी प्रभावित हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार, कीरतपुर-मनाली फोरलेन परियोजना में 237 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि और 45 हेक्टेयर गैर वन भूमि का इस्तेमाल हुआ। परवाणू-शिमला फोरलेन के लिए पेड़ काटे गए, जबकि पठानकोट-मंडी मार्ग पर 15 हजार से अधिक पेड़ों की कटाई हो चुकी है। रिपोर्ट में वन संरक्षण अधिनियम की मूल भावना के विपरीत परियोजनाओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर मंजूरी लेने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

सीईसी ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि निर्माण मलबा नदियों और खड्डों में डाला जा रहा है। परवाणू-सोलन मार्ग पर चिह्नित 20 डंपिंग साइट में से जून 2016 तक केवल तीन को मंजूरी मिली थी। ब्यास नदी का तल ऊंचा होने से पंडोह बांध के गेट अवरुद्ध होने का खतरा भी बढ़ रहा है। समिति ने मलबा डालने वाले वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग और तिरपाल अनिवार्य करने, प्रत्येक पांच किलोमीटर पर परियोजना व ठेकेदार की जानकारी और आपातकालीन हेल्पलाइन वाले बोर्ड लगाने की सिफारिश की है।

नए सीजन के पहले महीने में 8.45 लाख टन चीनी उत्पादन

नई दिल्ली, प्रेट : देश में चीनी उत्पादन के नए सीजन 2026-27 की शानदार शुरुआत हुई है। नेशनल फेडरेशन आफ को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) ने सोमवार को कहा कि आठ अक्टूबर से शुरू हुए इस सीजन के पहले महीने में चीनी उत्पादन पिछले साल के मुकाबले आठ गुना से अधिक बढ़कर 8.45 लाख टन पहुंच गया है। एक साल पहले इसी अवधि में केवल एक लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। 2025-26 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में कुल चीनी उत्पादन 279.60 लाख टन रहा था।

एनएफसीएसएफ के मुताबिक, 31 अक्टूबर तक देश की 152 चीनी मिलों में पेराई शुरू हो चुकी थी, जबकि पिछले साल इसी समय केवल 31 मिलों में पेराई शुरू हुई थी। इस सत्र में महाराष्ट्र में 7.20 लाख टन उत्पादन हुआ है। आमतौर पर महाराष्ट्र में पेराई 15 नवंबर से शुरू होती है, लेकिन इस बार करीब एक महीने पहले काम शुरू हो गया। कर्नाटक की सात मिलों में 80 हजार टन चीनी का उत्पादन हुआ। उत्तर प्रदेश की तीन मिलों के उत्पादन आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। एनएफसीएसएफ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवारे ने कहा कि महाराष्ट्र में जल्दी पेराई शुरू होने से पानी की कमी के कारण फसल सूखने की आशंका से किसानों को राहत है।

- पिछले साल इसी अवधि में हुआ था एक लाख टन चीनी उत्पादन



प्रतीकात्मक

शिक्षकों ने चौथी के छात्र को लौकी तोड़ने छत पर भेजा, हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

जागरण संवाददाता, बलिया

- विद्यालय परिसर स्थित किचन की छत पर चढ़ा था छात्र
- पांच घंटे तक तार से चिपका रहा बच्चे का शव, दो शिक्षक निलंबित



बलिया में गड़हार के कमैला गांव में प्राथमिक विद्यालय नवीन पोखरा के किचन की छत से सटकर हाईटेंशन तार गुजर रहा है। जागरण

प्राथमिक विद्यालय नवीन पोखरा में सोमवार सुबह 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चौथी कक्षा के 12 वर्षीय छात्र अरशद अहमद की मौत हो गई। स्वजन और अन्य छात्रों का आरोप है कि शिक्षकों ने उसे मिड डे मील के लिए किचन की छत पर चढ़कर लौकी तोड़ने भेजा था। करीब 10 फीट ऊंची छत पर बांस की सीढ़ी के सहारे चढ़ा अरशद पास से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आ गया।

अरशद के बड़े भाई मो. सलमान अहमद की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानाध्यापक विजयशंकर, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, शिक्षा मित्र दीपचंद राम और फेफना विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राजनारायण यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इस मामले में दो शिक्षकों को निलंबित किया गया है, जबकि शिक्षा मित्र की सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की गई है।

हादसे के बाद मृतक छात्र के आक्रोशित स्वजन और ग्रामीण जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान पांच घंटे तक बच्चे का शव बिजली के तार से चिपका रहा।

बलिया के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना था कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। बिद्युत और शिक्षा विभाग को विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे तार हटाने के निर्देश दिए जाएंगे। मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा।

शिकायत निपटारा न होने पर दूरसंचार कंपनियों को देना होगा जुर्माना

नई दिल्ली, प्रेट : ट्राई ने कहा है कि दूरसंचार कंपनियों और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा नहीं करने पर प्रति सर्किल में हर तिमाही 20 लाख रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सोमवार को इस संबंध में नए नियम जारी किए।

नियामक ने दूरसंचार और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र को और सख्त कर दिया है। ट्राई ने कहा है कि शिकायत या अपील के निपटारे में लापरवाही पर सेवा प्रदाताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में दूरसंचार कंपनी को एक सर्किल के लिए प्रति तिमाही 20 लाख रुपये से अधिक नहीं देने होंगे। ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों और इंटरनेट सेवा देने वालों के लिए चौबीसों घंटे चालू रहने वाला शिकायत निवारण केंद्र स्थापित करना अनिवार्य कर दिया है। इन केंद्रों पर दिन में कम-से-कम 16 घंटे प्रतिनिधि उपलब्ध रहेंगे। अगर कोई उपभोक्ता किसी एआइ एजेंट से बात कर रहा है, तो इसकी सूचना उस व्यक्ति को दी जानी चाहिए। शिकायत केंद्र को मानवीय निगरानी के तहत संचालित करना होगा। ग्राहक सेवा नंबर पर बातचीत मुफ्त होनी चाहिए। सेवा प्रदाताओं को अपनी वेबसाइट और मोबाइल एप के जरिये भी शिकायत दर्ज करने का विकल्प देना होगा। सेवा प्रदाता को ट्रैकिंग नंबर के साथ शिकायत मिलने की पुष्टि करनी होगी। जब तक शिकायत का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उपभोक्ताओं को नियमित जानकारी देनी होगी।

- ट्राई ने जारी किए नए नियम, शिकायत तंत्र को और सख्त कर दिया
- कंपनियों पर प्रति सर्किल में हर तिमाही 20 लाख तक का हो सकता जुर्माना

प्रेरणा

बहुत ज्यादा सोचना एक रोग है, जो इस रोग से मुक्त हैं, वे स्वस्थ हैं, वे धन्य हैं। - हरिशंकर परसाई

संपादकीय

खेती को राजनीतिक लाभ-हानि से मुक्त रखना होगा

भारत में कृषि संतुलन बिगड़ रहा है। किसान सस्ते नाइट्रोजन वाले यूरिया का प्रयोग बढ़ा रहे हैं, जबकि जमीन को जरूरत है फास्फेट और पोटाश की। आज स्थिति यह है कि यूरिया का अवांछित प्रयोग न केवल खेत को स्थायी तौर पर बर्बाद कर रहा है बल्कि हर अतिरिक्त नाइट्रोजन से पैदावार घट रही है। जमीन की नाइट्रोजन सोखने की क्षमता सीमित है, लिहाजा वह वापस पर्यावरण में लौट जाती है, जिससे ग्रीनहाउस दुष्प्रभाव बढ़ रहा है। नाइट्रोजन पर सब्सिडी गलत नीति है। जहां अन्य दो तत्वों पर पोषण-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति है, यानी जितना तत्व खाद में है उसी के अनुसार सब्सिडी, वहीं यूरिया इससे मुक्त है। इसकी वजह से सरकार को 1400-1600 प्रति 45 किलो की बोरी वाली विदेशी यूरिया किसानों को 242 में देनी पड़ती है। यानी सरकार को घाटा, जमीन की बर्बादी, उपज कम और पर्यावरणीय क्षति। सरकार 1.71 लाख करोड़ की कुल उर्वरक सब्सिडी का 72% सिर्फ यूरिया पर खर्च कर रही है। मुश्किल यह है कि सरकार का विस्तार-विभाग किसानों को संतुलित खाद के प्रयोग पर राजी नहीं कर सका है। सरकार यूरिया महंगी करे तो उसे राजनीतिक घाटा हो सकता है। लिहाजा चुनावी रेवड़ियों की तरह यूरिया सस्ती रखना भी उसकी मजबूरी है। बेहतर होगा कि सियासी लाभ-हानि छोड़कर यूरिया को भी एनबीएस के तहत लाया जाए।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

ये 6 शुभ गुण हों तो दुनिया के दु:ख परेशान नहीं कर पाएंगे

मनुष्य होने के लिए कर्म नहीं, सृजन करना पड़ता है। यदि आपने शरीर से आत्मा तक की यात्रा नहीं की तो आप मनुष्य हो भी नहीं पाएंगे। श्रीराम ने छह सूत्र दिए थे काकभुशुंडि को, जो आत्मा तक जाने के लिए ब्लूस्टर हो जाते हैं। श्रीराम ने कहा था- भगति ग्यान विज्ञान बिरागा, जोग चरित्र रहस्य बिभागा। जानब तै सबही कर भेदा, मम प्रसाद नहिं साधन खेदा। यानी, भक्ति, ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य, योग और मेरी लीलाएं और उनके रहस्य तथा विभाग- इन सबके भेद को तू मेरी कृपा से ही जान जाएगा। तुझे साधन का कष्ट नहीं होगा। अब यहां श्रीराम ने छह बातें बोली हैं- भक्ति, ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य, योग और मेरी लीला के रहस्य। यह सारे शुभ गुण हैं, जो ईश्वर कृपा से मनुष्य को मिलते हैं। और सबसे बड़ी बात राम कहते हैं साधन के कष्ट नहीं होंगे। यह जो दुनियादारी की चीजें हम अपने आसपास इकट्ठी कर लेते हैं, इनकी भी तकलीफ है। लेकिन यह छह शुभ गुण हों तो हम दुनिया में रहेंगे, आनंद भी उठाएंगे पर दुनिया के दु:ख हमें परेशान नहीं कर पाएंगे।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

विश्लेषण • विधान परिषद चुनावों के संकेत क्या हैं?

राजनीति के बदलते रुख पर पैनी नजर रखनी जरूरी है

सियासत

संजय कुमार

प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक

sanjay@csds.in



हाल में हुए विधान परिषद (एमएलसी) चुनावों को खूब तवज्जो दी गई। हालांकि किसी पार्टी का इन चुनावों में भारी जीत हासिल करना या किसी का इनमें सफाया हो जाना इस बात का कतई संकेत नहीं है कि जनता के बीच उसका समर्थन बढ़ या घट रहा है, फिर भी राजनीति में बहुत सारे नतीजे प्रतीकात्मक होते हैं। हाल में यूपी, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में क्रमशः 11, 8, 5 और 4 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ था।

एमएलसी चुनाव राज्य विधानमंडल के उच्च सदन विधान परिषद के लिए होते हैं। देश के 28 राज्यों में से केवल 6- उपरोक्त 4 के अलावा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ही विधान परिषद है। यह स्थायी सदन है, जिसे भंग नहीं किया जा सकता। इसके सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है और हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त हो जाते हैं। इसलिए चुनाव एक साथ न होकर अलग-अलग अंतराल पर होते हैं।

विधान परिषद के सदस्य पांच तरीकों से सदन में पहुंचते हैं। एक-तिहाई सदस्यों का चुनाव विधायक करते हैं, एक-तिहाई का चुनाव नगरपालिकाओं और जिला बोर्डों जैसे स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि करते हैं, जबकि एक-बारहवां हिस्सा स्नातकों व एक-बारहवां शिक्षकों द्वारा चुना जाता है। शेष एक-छठे सदस्यों को राज्यपाल विशिष्ट कार्यों के लिए ख्याति प्राप्त लोगों में से मनोनीत करते हैं। चुनावों में स्क्रीटन-बैलट के तहत मतदान होता है। मतदाता उम्मीदवारों को अपनी पसंद के क्रम में वरीयता देते हैं। मतगणना निर्धारित कोटा और अतिरिक्त मतों या बाहर हो चुके उम्मीदवारों के मतों के हस्तांतरण के आधार पर आगे बढ़ती है।

हालांकि इन चुनावों से किसी पार्टी के समग्र प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सकता, लेकिन अगर हमें अलग-अलग राजनीतिक दलों के नतीजों की चर्चा करनी है, तो हर पार्टी के संदर्भ में उनका अलग-अलग अर्थ समझना होगा। नागपुर में केवल एक सीट जीतकर भी कांग्रेस पार्टी सुर्खियां बटोरने में कामयाब रही। लेकिन यह उसके लिए सबक भी होना चाहिए, क्योंकि कर्नाटक जैसे राज्य में भी वह अपना खाता नहीं खोल सकी, जहां उसकी सरकार है। वहां भाजपा-जद(एस) गठबंधन ने सभी चार सीटों पर जीत हासिल की। सत्तारूढ़ पार्टी से अपेक्षा की जाती है कि उसके पास राज्य की सरकारी मशीनरी, कार्यकर्ताओं का नेटवर्क और स्थानीय स्तर पर लोगों से जुड़ाव होगा, ताकि वह कम-से-कम एक-दो सीटें तो जीत ही सके। ऐसा न कर पाना इस बात का संकेत है कि बेंगलुरु में सरकार की सत्ता की स्थिति और जमीनी स्तर पर पार्टी की संगठनात्मक मौजूदगी के बीच फांक है। कांग्रेस के नेता यह जरूर कह सकते हैं कि यह नतीजा सरकार के कामकाज पर जनादेश नहीं है। लेकिन जिस राज्य में पार्टी सत्ता में हो, वहां सभी सीटों पर उसके हारने को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

भाजपा के लिए 28 में से 13 सीटें जीतने का जश्न मनाना जायज है। यह विभिन्न राज्यों में पार्टी की मजबूत संगठनात्मक क्षमता को भी दर्शाता है। लेकिन एक बात पार्टी के लिए झटका मानी जा सकती है। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि शिक्षित मतदाता भाजपा को वोट देते रहे हैं। लेकिन लंबे समय से शिक्षित, शहरी मतदाताओं पर भरोसा करने वाली पार्टी को यह देखकर चिंता जरूर होगी कि स्नातक-वोटर वर्ग में उसका आधार कमजोर पड़ा है। यूपी और खासकर वाराणसी में हर पार्टी के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए, क्योंकि अगले साल वहां चुनाव होने हैं और लोकसभा चुनावों में यूपी के नतीजों के

भले ही एमएलसी चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय या राज्य स्तर के किसी रुझान की पुष्टि नहीं करते, लेकिन भारतीय राजनीति में जो कुछ घट रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि कांग्रेस को अभी और मेहनत करनी है, भाजपा को सतर्क रहना होगा और जन सुराज के पास उत्साहित होने के कारण हैं।

चलते भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। वाराणसी प्रधानमंत्री का अपना निर्वाचन क्षेत्र भी है, इसलिए यहां पर किसी भी हार के प्रतीकात्मक महत्व को नजरअंदाज करना मुश्किल है, फिर भले ही इन चुनावों में दांव पर बहुत कुछ न लगा हो।

बिहार में जन सुराज पार्टी का खाता खुलना वहां उसकी बढ़ती संगठनात्मक ताकत का संकेत माना जा सकता है, खासकर हाल ही में उसके संस्थापक प्रशांत किशोर की भाजपा के दबदबे वाली सीट पर जीत के बाद। यह जीत अगस्त में बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पीके की सफलता के बाद आई है, जहां उन्होंने भाजपा के नीरज कुमार को 19,324 मतों से हराया था। भाजपा 1995 से यह सीट कभी नहीं हारी थी। बिहार चुनाव में जन सुराज एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। लेकिन तीन महीने में दो जीतें दिखाती हैं कि पार्टी अपने प्रचार अभियान को वोटों में बदलने में सफल हो रही है। हालांकि क्या यह सफलता लोकसभा-विधानसभा चुनाव में भी दोहराई जा सकेगी, जहां कहीं बड़े और विविध मतदाता वर्ग तक पहुंचना होगा, यह खुला सवाल है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

डिफ्रेंट एंगल • पूरियां-जलेबियां तो 'वेस्टर्न' नहीं हैं!

हमारी कमर के बढ़ते घेरे में पश्चिमी संस्कृति का दोष नहीं

जीवनशैली

नीरज कौशल

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

nk464@columbia.edu



भारत में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ी है। 15 से 49 वर्ष के लगभग हर तीन में से एक महिला और हर चार में से एक से अधिक पुरुष का वजन सामान्य से अधिक है या वे ओबेसिटी (मोटापे) से ग्रस्त हैं। अपनी तमाम समस्याओं के लिए पश्चिम को दोष देने की हमारी प्रवृत्ति के अनुरूप कई लोग इसके लिए भी वैश्वीकरण, फास्ट फूड और पश्चिमी जीवनशैली को जिम्मेदार ठहराते हैं। जबकि भारतीय खानपान में हमारी कमर का घेरा बढ़ाने वाली पर्याप्त सामग्रियां पहले से मौजूद हैं; इसके लिए हमें वैश्वीकरण की जरूरत नहीं। छोले-भटूरे में एंगस बगैर से ज्यादा कैलोरी होती है। छोले-भटूरे के बाद जलेबियां खाना भी हमें सुहाता है। लेकिन करारी और स्वादिष्ट होने के बावजूद जलेबियां मीठी चाशनी का भण्डार ही तो हैं। दो मध्यम आकार के गुलाब जामुनों में वनीला चॉकलेट आइसक्रीम के एक स्कूप से दोगुनी कैलोरी हो सकती है। सौ ग्राम हलवे में केक के एक टुकड़े से दोगुनी कैलोरी हो सकती है।

वैश्वीकरण और हमारी बढ़ती स्थूलता के बीच एकमात्र अप्रत्यक्ष संबंध शायद यह है कि वैश्वीकरण ने आर्थिक समृद्धि में योगदान दिया है और समृद्धि ने हमारी थालियों का आकार और हमारे भोजन की समृद्धि, दोनों बढ़ा दी है। आय बढ़ने के साथ परिवार अधिक भोजन खरीदने और उन चीजों का भी नियमित सेवन करने में सक्षम हो जाते हैं, जो पहले कभी-कभार मिलने वाली विलासिता की चीजें मानी जाती थीं। भारत में इसका अर्थ अकसर गरिष्ठ व्यंजन, मिठाइयां, तले हुए नाश्ते और अधिक कैलोरी वाले भोजन का बढ़ता सेवन होता है। लेकिन समोसे, पकौड़े, पूरियों, भटूरे, जलेबियों और गुलाब जामुन में कुछ भी पश्चिमी नहीं है। चावल और गेहूं से बने व्यंजनों को भारी मात्रा में परोसना भारतीय खानपान की ही विशेषता है। इनमें से कोई भी चीज सीमित मात्रा में खाने पर अपने आप में अस्वास्थ्यकर नहीं है। लेकिन इनका बढ़ता सेवन, भोजन की बढ़ी होती मात्रा और बार-बार कुछ न कुछ खाते रहने की आदत मोटापे का कारण बन जाती है।

बढ़ते मशीनीकरण ने शारीरिक श्रम की जरूरत घटाई है और हमारे शरीर द्वारा खर्च की जाने वाली कैलोरी घट गई है। पैदल चलने या साइकिल चलाने के बजाय वाहनों पर निर्भरता बढ़ी है। कृषि के मशीनीकरण से भी शारीरिक श्रम कम हुआ है। सेवा क्षेत्र के विस्तार और दफ्तरों में होने वाले कामकाज ने लोगों को अपेक्षाकृत निष्क्रिय जीवनशैली वाली नौकरियों की ओर धकेला है। घरेलू उपकरणों ने भी रोजमर्रा के कामों में लगने वाली शारीरिक मेहनत घटाई है। नतीजा है- कैलोरी का अधिक सेवन और ऊर्जा का कम खर्च।

कुछ दशक पहले तक भारत में मोटापे की अवधारणा ही लगभग नहीं थी। किसी मित्र या रिश्तेदार का वजन कुछ बढ़ा होता, तो इसे पूछते थे कि 'क्या हुआ? बहुत कमजोर लग रहे हो!' आखिरकार, ये अभिव्यक्तियां उस दौर में विकसित हुई थीं, जब भरपेट भोजन मिलना सौभाग्य की निशानी माना जाता था।

असल समस्या यह है कि भारतीयों की जीवनशैली में पीढ़ी-दर-पीढ़ी नाटकीय बदलाव आए हैं, लेकिन खानपान की आदतें उनके साथ कदमताल नहीं कर पाई हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि गरीब राज्यों की तुलना में समृद्ध राज्यों में अधिक वजन की समस्या ज्यादा प्रचलित है। राज्यों के भीतर भी संपन्न परिवारों में अधिक वजन

कई लोग मोटापे की समस्या के लिए वैश्वीकरण, फास्ट फूड और पश्चिमी जीवनशैली के प्रसार को जिम्मेदार ठहराते हैं। जबकि भारतीय खानपान में हमारी कमर का घेरा बढ़ाने वाली पर्याप्त सामग्रियां पहले से मौजूद हैं, इनके लिए हमें वैश्वीकरण की जरूरत नहीं।

या मोटापे की आशंका ज्यादा होती है। कई पश्चिमी देशों के विपरीत- जहां मोटापे की समस्या अकसर गरीब आबादी में अधिक देखी होती है- भारत में ऐतिहासिक रूप से मोटापे का बोझ सम्पन्न वर्ग पर अधिक रहा है। हालांकि अब यह तेजी से सभी आय वर्गों में फैल रहा है।

मोटापे की इस महामारी का समाधान है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी जीवनशैली और खानपान, दोनों में बदलाव करना होगा। पश्चिमी देशों में लोग मोटापे को नियंत्रित करने के लिए खानपान में बदलाव और शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ दवाओं का सहारा भी तेजी से ले रहे हैं। भारत को भी ऐसा ही रास्ता अपनाने की जरूरत है। वैश्वीकरण को दोष देना सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन इससे हमारा वजन कम नहीं होगा। **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB ऐप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीति शीर्ष 20 दानदाताओं में टेक कंपनियों के प्रमुख शामिल

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में टेक अरबपतियों ने झोंके 19 हजार करोड़

मैट ग्रुडन और थियोडोर ग्लीफर

अमेरिका में 4 नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को नकद चंदा देने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगस्त के बाद चंदे में आई तेजी के बीच टेक्नोलॉजी कंपनियों के प्रमुख सबसे बड़े दानदाता बनकर उभरे हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क करीब 4,225 करोड़ रु. चंदे के साथ सबसे आगे हैं। शीर्ष 20 दानदाताओं ने मिलकर लगभग 19 हजार करोड़ रुपए चुनावी अभियानों में लगाए हैं। इनमें ज्यादातर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन किया है, हालांकि कुछ टेक अरबपतियों ने डेमोक्रेटिक पार्टी को भी चंदा दिया है।

मध्य अक्टूबर में दाखिल चुनावी खर्च के नए ब्योरे के मुताबिक, बड़े दानदाताओं की यह रकम चुनावी विज्ञापनों पर होने वाले कुल खर्च का करीब 15% है। मीडिया ट्रैकिंग फर्म एडइम्पैक्ट के अनुसार, 2018 के चुनावी चक्र के बाद से ये चुनाव राजनीतिक विज्ञापनों के लिहाज से सबसे महंगे हैं। इस बार चुनावी मुकाबलों में बड़े दानदाताओं की भूमिका असाधारण रूप से बढ़ गई है। चुनाव में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले उम्मीदवार रिपब्लिकन पार्टी के हैं। टेक्नोलॉजी और क्रिप्टोकरेंसी क्षेत्र की कंपनियों का झुकाव भी बड़े पैमाने पर रिपब्लिकन उम्मीदवारों की तरफ रहा है। इनमें से कुछ कंपनियों ने रिपब्लिकन समर्थक राजनीतिक एक्शन कमेटियों (पीएसी) के जरिए चुनावी चंदा दिया है। ये कमेटियां उम्मीदवारों और राजनीतिक अभियानों के समर्थन में धन जुटाती और खर्च करती हैं। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के सामने राजनीतिक चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ईरान के साथ अलोकप्रिय युद्ध और उपभोक्ता कीमतों में बढ़ोतरी से पार्टी को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि टेक अरबपतियों और दूसरे समर्थकों से मिल रहा भारी आर्थिक सहयोग इन चुनौतियों के असर को कम करेगा। इस बीच, एक नए सर्वे के मुताबिक, निर्णायक राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी आगे चल रही है।



साउथ कैरोलिना में सीनेट की डेमोक्रेटिक प्रत्याशी डॉ.एनी एंड्रयूज और गवर्नर पद के जर्मेन जॉनसन के पक्ष में प्रचार करते हुए सीनेटर राफेल वारनोक।

चंदा देने वाली कुछ प्रमुख हस्तियां

दानदाता	बिजनेस/कंपनी	पार्टी	चंदा
इलॉन मस्क	एक्स	रिपब्लिकन पार्टी	4225
रिचर्ड एलिजाबेथ उहलीन	शिपिंग	रिपब्लिकन पार्टी	1422
मार्क एंड्रीसन	फाइनेंस	रिपब्लिकन पार्टी	1103
जॉर्ज सोरोस	फाइनेंस	डेमोक्रेटिक पार्टी	980
माइकेल ब्लूमबर्ग	फाइनेंस	डेमोक्रेटिक पार्टी	693
कॉयन बेस	क्रिप्टो एक्स	रिपब्लिकन पार्टी	524
ग्रेग-अन्ना ब्रॉकमैन	ओपनएआई	डेमोक्रेटिक पार्टी	474
रीड हॉफमैन	लिंक्ड इन	डेमोक्रेटिक पार्टी	396

(चंदा करोड़ रु.में)

कई प्रमुख राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी को बढ़त

न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना के 23 अक्टूबर और 1 नवंबर के बीच किए गए सर्वे के अनुसार डेमोक्रेट्स मिशिगन, टेक्सास, कंसास, मेन और ओहायो राज्यों में आगे चल रहे हैं। अलास्का में मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, और आयोवा में रिपब्लिकन्स के साथ बराबरी पर हैं। सीनेट में बहुमत के लिए डेमोक्रेट्स को कम से कम चार सीटों में उलटफेर करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प के कामकाज और अर्थव्यवस्था प्रबंधन से मतदाताओं में नाराजगी है। मतदाताओं के लिए रहन-सहन का खर्च सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां डेमोक्रेट्स को 9 अंकों की बढ़त मिली है। वहीं, रिपब्लिकन्स का आधार माने जाने वाले गैर-कॉलेज डिग्री वाले श्वेत कामगार वर्ग में उनका समर्थन गिरकर 56% रह गया है।

© The New York Times

रिसर्च नेशनल साइंस फाउंडेशन की 9 हजार करोड़ रु. की फंडिंग रोकी, नासा में 20% पीएचडी घारक घटे

ट्रम्प की नीतियों से अमेरिकी शोध तंत्र संकट में, चीन को बढ़त

क्रिस्टोफर प्लैतैल, झीना ह्वांग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के कारण देश में विज्ञान और शोध का क्षेत्र गंभीर संकट से गुजर रहा है। दुनिया को जीवन रक्षक खोजें देने और अमेरिका को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाने वाला रिसर्च सिस्टम फंडिंग में कटौती, कर्मचारियों की छंटनी और राजनीतिक हस्तक्षेप से कमजोर हो रहा है। सरकार अनुसंधान पर अब भी सालाना करीब 18.99 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रही है, लेकिन बजट में कटौती, वैज्ञानिकों की छंटनी और सरकारी दखल से रक्षा, चिकित्सा और तकनीक के क्षेत्र में उसकी बढ़त पर असर पड़ रहा है।

इस संकट के तीन प्रमुख कारण हैं। पहला, इलॉन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डोज) के जरिए नौकरियों में कटौती और शोध के लिए मिलने वाली आर्थिक मदद रोकना। दूसरा, बड़े विश्वविद्यालयों पर सरकार की विचारधारा के अनुरूप बदलाव करने का दबाव बनाना और मदद बंद करने की चेतावनी देना। तीसरा, बजट निदेशक रसेल टी. वोंट द्वारा संसद से मंजूर धनराशि जारी करने पर कड़ा राजनीतिक नियंत्रण रखना। बुनियादी शोध के लिए धन देने वाले नेशनल साइंस फाउंडेशन की करीब 9 हजार करोड़ रुपए की मदद रोक दी गई है। इसके कर्मचारियों की संख्या भी करीब एक-तिहाई घट गई है। ऊर्जा विभाग ने परमाणु और क्वांटम अनुसंधान से जुड़े 1,000 से ज्यादा वैज्ञानिक खो दिए हैं। वहीं, नासा के पीएचडी धारक कर्मचारियों में करीब 20% की कमी आई है। मुख्य वैज्ञानिक का पद खत्म करना भी इसी बदलाव का हिस्सा है। इस साल प्रमुख अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के पीएचडी आवेदनों में 21% की गिरावट आई है। शोध के लिए पर्याप्त पैसा नहीं मिलने की आशंका के चलते विश्वविद्यालयों की पीएचडी में दाखिले भी घटाने पड़े हैं। अमेरिका में पैदा हुए इस संकट का फायदा चीन और दूसरे देश उठाने में जुटे हैं। चीन वैज्ञानिक शोध में अमेरिका से अंतर तेजी से कम कर रहा है। रसायन विज्ञान के एक नोबेल पुरस्कार विजेता ने भी अमेरिकी विश्वविद्यालय यूसी बर्कले छोड़कर बीजिंग में एआई और पदार्थ विज्ञान से जुड़े संस्थान की जिम्मेदारी संभालने का फैसला किया है। कनाडा ने 1,000 विदेशी शोधकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि रखी है। ऑस्ट्रेलिया ने भी अमेरिकी वैज्ञानिकों को बुलाने के लिए विशेष प्रतिभा कार्यक्रम शुरू किया है। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज की पूर्व अध्यक्ष मार्शिया मैकनट का कहना है कि जब तक अमेरिका में नोबेल पुरस्कार मिलने बंद होंगे, तब तक उसके लिए इस नुकसान से उबरना भी मुश्किल हो सकता है। © The New York Times

देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की चेतावनी



पेंटागन की एक रिपोर्ट में इसे 'राष्ट्रीय रक्षा के भविष्य के लिए गंभीर खतरा' बताया गया है। चिकित्सा अनुसंधान के सबसे बड़े संस्थान एनआईएच ने अल्जाइमर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों पर शोध करने वाले 2,000 से अधिक बायोमेडिकल ग्रांट्स में देरी की या उन्हें रद्द कर दिया। इसके कर्मचारियों की संख्या में 20% की गिरावट आई।

क्रिप्टोकरेंसी

हैकिंग के बाद बाइनेंस ने फिर शुरू किया कारोबार

केटकॉग्नर

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस ने साइबर हमले के कारण निकासी पर रोक लगाने के तीन दिन बाद रविवार को यूजर्स को पैसे निकालने की अनुमति दे दी। निकासी शुरू होते ही यूजर्स ने करीब 44 हजार करोड़ रु. निकाले, जबकि 9,500 करोड़ रु. जमा किए। कंपनी के मुताबिक, ज्यादातर लेनदेन ट्रेडिंग शुरू होने के शुरुआती घंटों में हुए। इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई। निकाली गई राशि उसकी कुल संपत्ति का 2.1% थी। गुरुवार को हुए साइबर हमले में हैकर्स ने करीब 59,700 करोड़ रु. मूल्य के डिजिटल टोकन चुरा लिए थे। इसे अब तक की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरी माना जा रहा है। इसके बाद बाइनेंस ने सुरक्षा कारणों से निकासी रोक दी थी। कंपनी ने कहा है कि वह नुकसान की पूरी भरपाई करेगी। बाइनेंस और दूसरी क्रिप्टो कंपनियों को निकालने की संपत्ति में से करीब 28 हजार करोड़ रुपए फ्रीज कराए हैं। एफबीआई और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने हमले का संबंध उत्तर कोरिया से बताया है। क्रिप्टो एनालिटिक्स फर्म चेनालिसिस के मुताबिक, हमलावरों ने एआई तकनीक का इस्तेमाल किया हो सकता है।

© The New York Times

ट्रेंड एआई के बढ़ते उपयोग से बदलाव

लीगल इंजीनियर्स की मांग बढ़ी, मिल रहा 3 करोड़ तक का पैकेज

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से कानूनी क्षेत्र में एक नया पेशा तेजी से उभर रहा है। लीगल इंजीनियर या 'इनोवेशन आर्टिस्ट'। ये पेशेवर कानून, तकनीक और कारोबारी प्रक्रियाओं को जोड़ने का काम करते हैं। कंपनियां इन्हें एआई टूल्स को अपने कामकाज में शामिल करने और कानूनी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियुक्त कर रही हैं। इस क्षेत्र में सालाना 3 करोड़ रु. तक के पैकेज दिए जा रहे हैं।

कानूनी फर्मों में किर्कलैंड एंड एलिस इस पद के लिए 2.08 करोड़ रुपए, जबकि गिब्सन डन 2.84 करोड़ रुपए तक सालाना वेतन दे रही है। टेक कंपनियां भी इस क्षेत्र में भर्ती कर रही हैं। एनवीडिया में वेतन 1.85 करोड़ रुपए और माइक्रोसॉफ्ट में 2.64 करोड़ रुपए तक है। ओपनएआई, गूगल और थॉमसन रॉयटर्स भी लीगल इंजीनियर नियुक्त कर रही हैं। लीगल टेक्नोलॉजी कंपनी लेगोरा ने 2024 से अब तक दुनियाभर में करीब 200 लीगल इंजीनियरों की टीम बनाई है। ये ग्राहकों को एआई टूल्स अपने कामकाज में शामिल करने में मदद करते हैं। इनका सालाना वेतन करीब 2.08 करोड़ से तीन करोड़ रु. तक है। इस बदलाव का असर पारंपरिक कानूनी पेशे पर भी पड़ रहा है। अमेरिका की शीर्ष 200 लॉ फर्मों में काम कर चुके करीब 50 वकील नौकरी छोड़कर एआई कंपनियों में लोग शामिल हो रहे हैं। ज्यादातर लीगल इंजीनियर पहले वकालत कर चुके हैं और उन्होंने खुद एआई का इस्तेमाल सीखकर इस क्षेत्र में कदम रखा है। कुछ पेशेवर कानूनी संचालन, परामर्श और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पृष्ठभूमि से भी आते हैं।

© The New York Times

नया कोर्स भी शुरू

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने लीगल इंजीनियरिंग के लिए नया कोर्स शुरू किया है। इसमें बड़ी संख्या में एआई कंपनियों के लोग शामिल हो रहे हैं। लिंक्डइन जैसी साइट पर विज्ञापनों में लीगल इंजीनियर पद की हलचल नजर आने लगी है।

इस हफ्ते चर्चा में...

अमेरिकी तेल कंपनियों ने जमकर मुनाफा कमाया



12.32 लाख करोड़ रु.

मुनाफा कमाया है अमेरिकी तेल कंपनियों ने ईरान युद्ध से। इससे तेल, गैस की कीमतें बढ़ीं हैं।

5% गिरावट

आएगी इस साल खाड़ी के अरब देशों की विकास दर में। इसका कारण तेल और गैस के निर्यात में कमी है।

1.61 लाख करोड़ रु.

में खरीद रही है, एआई कंपनी एंथ्रोपिक रिटेल डिलीवरी कंपनी इंस्टाकार्ट को।

हिंसा पर लगाम

बीते एक वर्ष में सीआरपीएफ अर्थात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के किसी भी जवान का किसी अभियान में शहीद न होना सुखद है। यह संयोग बीते 47 वर्षों में पहली बार बना है और 30 अक्तूबर, 2025 के बाद सीआरपीएफ ने अपने अभियान में एक भी जवान को नहीं गंवाया है। इस अर्द्धसैनिक बल के प्रमुख जीपी सिंह ने इस कामयाबी को बहुत उत्साह से उजागर किया है। जनवरी 1979 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। बीते 47 वर्षों में लगभग हर साल सीआरपीएफ के जवान कहीं न कहीं किसी न किसी अभियान में शहीद होते रहे हैं, लेकिन नवंबर 2025 से इस जनहानि पर जो रोक लगी, उसकी सराहना करनी ही चाहिए। जवानों को नक्सलियों से लड़ते हुए काफी नुकसान उठाना पड़ता था, इसलिए नक्सली हिंसा पर अब जो लगाम लगी है, वह कभी ढीली नहीं पड़नी चाहिए। केंद्र सरकार की घोषणा के अनुरूप सीआरपीएफ ने नक्सलवाद को इतिहास के पन्नों में भेज दिया है। अब मणिपुर हो या जम्मू-कश्मीर, हर जगह यह बल बहुत मजबूत स्थिति में है और यह मजबूती अब कभी कम नहीं होनी चाहिए।

पहले ऐसे अनेक नक्सली हमले होते थे, जिनमें माओवादी लड़ाके सीधे सुरक्षा बलों को निशाना बनाते थे। इतिहास में बहुत दुख के साथ दर्ज है, 6 अप्रैल, 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गए थे। इस नरसंहार ने पूरे देश को झकझोरकर रख दिया था और सरकार में ऐसे अनेक आला नेता और अधिकारी थे, जो यह मानने लगे थे कि नक्सली हिंसा का अंत मुश्किल है। प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने भी यह अफसोस जताया था कि वह नक्सली हिंसा को रोकने में कामयाब नहीं हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को भी नक्सल हिंसा का खात्मा करने में एक दशक से अधिक वक्त लग गया, पर वह दिन आया, जब मार्च 2026 में नक्सली उग्रवाद का घोषित रूप से पटाक्षेप हो गया। आज शासन-प्रशासन की कड़ाई और समझ-बूझ से देश के एक भी जिले में नक्सली हिंसा नहीं बची है। जम्मू-कश्मीर में अगर देखें, तो इस साल आतंकी घटनाओं में कुल 23 मौतें हुई हैं। जनवरी से अक्तूबर के बीच मारे गए लोगों में 19 आतंकी, दो सुरक्षाकर्मी और तीन अन्य लोग हैं। कश्मीर से बस्तर तक हिंसा घटने से सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ा है।

जवानों को नक्सलियों से लड़ते हुए काफी नुकसान उठाना पड़ता था, इसलिए नक्सली हिंसा पर अब जो लगाम लगी है, वह कभी ढीली नहीं पड़नी चाहिए।

जान-माल के नुकसान का कम होना देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। सवाल है, ऐसा कैसे संभव हुआ? जनहानि में कैसे यह क्रांतिकारी कमी आई? दरअसल, अत्याधुनिक उपकरणों, बेहतर प्रशिक्षण, रणनीतिक योजना और त्वरित प्रतिक्रिया से सुरक्षा बलों को बहुत लाभ हुआ है। दूसरी बात, सुरक्षा बलों में एक-एक जान-जवान को कीमती माना जा रहा है, तो घायल होने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था पहले की तुलना में बहुत पुख्ता हो गई है। देश का सबसे बड़ा केंद्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ हर लिहाज से सुसज्जित है, उसके तीन लाख से अधिक जवान देश में अमन-चैन के लिए प्रयासरत हैं। मणिपुर में भी हिंसा रोकने के लिए यह सुरक्षा बल बहुत सचेत है। उसकी सामाजिक सक्रियता भी सराहनीय है, इसलिए उसके सामने समर्पण करने वालों की संख्या बढ़ती चली गई है। बहरहाल, अब जवानों के जीवन की चिंता से आगे बढ़ते हुए उनके मानसिक स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देना होगा। तन-मन-धन से संपन्न जवान ही देश की तरक्की में चार चांद लगाएंगे।

हर तरह के प्रदूषण से लड़ना जरूरी

राय की राय
यहां स्कैन करें

दीपावली आते-आते आसमान धुंधलाने लगता है और हवा तेजाबी होती जाती है। भारतीय समाज में किसी भी तरह के प्रदूषण को लेकर जबर्दस्त विरोधाभास दिखता है।

विभूति नारायण राय | पूर्व आईपीएस अधिकारी



पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के अनुरोध के साथ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका विचारार्थ थी। इस मामले में ग्रीन पटाखे जैसी किसी अमूर्त सी चीज के पक्ष में फैसला आ चुका है। शीर्ष अदालत ने पटाखे चलाने के लिए 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 और शाम 8 से 10 बजे की एक समय-सीमा निर्धारित कर दी है। इसका कितना पालन हुआ, यह तो बाद में पता चलेगा। लोग अब अपनी सुविधा के अनुसार इस फैसले की व्याख्या करेंगे। फलस्वरूप, नागरिक रात भर पटाखों के शोर और धुएं के बीच जीवित रहने को अभिशप्त होंगे।

नवंबर का महीना शुरू होते ही दिल्ली और आस-पास के इलाकों में एक खास तरह की चिंता छाने लगती है। मीडिया और सार्वजनिक बहसों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द 'प्रदूषण' हो जाता है। यही वह समय है, जब हल्की सर्दियां शुरू होती हैं और हवा भारी होने लगती है। फलस्वरूप, कार्बन के बारीक तत्व ऊपर नहीं जा पाते। हर साल इसी समय पटाखों और दीयों का त्योहार (दीपावली) भी पड़ता है। ध्वनि और वायु प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत होने के कारण पटाखों पर रोक लगाने की मांग होने लगती है, जिसके खिलाफ कई लोग तर्क देते हैं कि पटाखे उनकी धार्मिक आजादी से जुड़े हैं। दीपावली आते-आते आसमान धुंधलाने लगता है और हवा तेजाबी होती जाती है। कोढ़ में खाज बन जाती है खेतों में पराली, जिसके निस्तारण का सबसे आसान तरीका किसानों की समझ से उसे खेत में ही जला देना है।

इसके साथ ही शुरू होता है, पूर्व में सत्ता पर काबिज और वर्तमान में विरोधी या पूर्व में विपक्ष में बैठे और आज के सत्ताधारी दलों द्वारा एक-दूसरे पर दोषारोपण का सिलसिला, जिसमें यदि बयान देने वाले के नाम पर चिप्पी चिपका दी जाए, तो वक्ताओं की पहचान करना मुश्किल हो जाएगा। इस साल भी यही सब हो रहा है।

अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि साफ हवा, पानी और शोर-शराबे से मुक्ति नागरिकों के मौलिक अधिकार हैं। त्योहार मनाने की सनातनी परंपरा में कहीं भी कान-फाड़ू वाद्ययंत्रों या धुआं पैदा करने वाले पटाखों के इस्तेमाल का कोई प्रमाण नहीं मिलता। यह तो हाल के वर्षों में हुआ है कि शोर मचाने वाले डीजे हमारी धार्मिक जुलूसों का अंग बनते गए हैं। शोर पैदा करने की उनकी क्षमता साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। सरकार अगर मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटवा सकती है, तो कोई कारण नहीं है कि धार्मिक यात्राओं के दौरान डीजे को नियंत्रित न किया जा सके।

इसी तरह, किसी भी प्राचीन धार्मिक परंपरा में हमें पटाखों का जिक्र नहीं मिलेगा। ये तो मध्ययुग में बारूद से हमारे परिचय के बाद ही त्योहारों का अंग बने हैं। इसलिए सार्वजनिक विमर्शों में दिए जाने वाले तर्क कि इन पर प्रतिबंध लगाना किसी वर्ग की धार्मिक आजादी पर रोक होगी, मायने नहीं रखती। नागरिकों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण देना सरकारों की जिम्मेदारी है और अप्रिय फैसलों को अदालतों के हवाले करने की प्रवृत्ति को जायज नहीं ठहराया जा सकता।

भारतीय समाज में किसी भी तरह के प्रदूषण को लेकर जबर्दस्त विरोधाभास दिखता है। इसे कुछ उदाहरणों से समझना दिलचस्प होगा। नदियों को हमारे वाङ्मय में सबसे पवित्र स्थान दिया गया है। वे हमारी सांसारिक और आध्यात्मिक संबल हैं, लेकिन दुनिया भर में उन्हें सबसे ज्यादा गंदा हम ही रखते हैं। जहां अन्यत्र किसी स्विमिंग पूल में भी घुसने के पहले नहाने की अपेक्षा की जाती है, हम अपने तन और कपड़ों की सारी गंदगी लिए दिए अपनी नदियों में कूद पड़ते हैं। उसके किनारे मल-मूत्र त्यागने में हमें कुछ भी शर्मिंदगी नहीं होती। स्वाभाविक है, नदियों के किनारे बसे सारे शहरों का सीवर उन्हीं में गिरता है।

मैं अपने शहर की यमुना में सफेद झाग के थक्कों को अक्सर देखता हूं। ये बेतहाशा प्रदूषित होते जल के द्योतक हैं। इसके बाद भी आप किसी पुल पर स्कूटर या कार खड़ी करके किनारे लगी जालियों से पूजा की बची हुई सामग्रियां नदी में फेंकते उन भक्तों को देख सकते हैं, जो नदियों की पवित्रता के मंत्र जरूर पढ़ते हैं, पर उनको प्रदूषित न करने का संकल्प नहीं ले पाते। हम किसी भी जीव-जंतु की लावारिश लाश नदी में बहाते समय यह नहीं सोच पाते कि यही पानी हमारे शहरों के पीने के काम आता है।

नागरिकों के मन में यह विचार भरना ही होगा कि नदियां हमारे स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं और वे हमारे शहरों का कूड़ा-कचरा बहाने के लिए नहीं बनी हैं। कई दशकों पहले गंगा को स्वच्छ बनाने की एक योजना 'गंगा एक्शन प्लान' नाम से शुरू हुई थी, आज भी कई योजनाएं चल रही हैं और इन पर अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कोई गारंटी नहीं दे सकता कि इनके चलते गंगा का जल हरिद्वार से गंगासागर तक पीने योग्य हो गया है। देश की दूसरी प्रमुख नदियों को लेकर भी यही स्थिति है। दरअसल, नदियां तभी स्वच्छ होंगी, जब साफ-सफाई को लेकर हमारे मन में मूल्यों के स्तर पर कोई बड़ा परिवर्तन होगा। सरकारी योजनाएं तो महज उत्प्रेरक का काम कर सकती हैं।

हमारे बेतहाशा बढ़ते और अनियंत्रित शहरीकरण का एक दुष्परिणाम उनमें दिखने वाले कूड़े-कचरे के पहाड़ हैं। दुनिया के बहुत सारे विकसित मुल्कों में ये बिजली, जैविक खाद या दूसरी उपयोगी वस्तुएं बनाने के काम आते हैं। उन्हें लेकर हमारी सोच कुछ तो बदली है, पर अभी भी रफ्तार बहुत धीमी है। देश की राजधानी दिल्ली में ही तीन विशालकाय पहाड़ हमारी शुरुआती उपेक्षा और अब जागने के बाद कछुए की चाल से उनसे निपटने के हमारे प्रयासों के रूप में दिखते हैं।

अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन को 1896 में अपनी भारत यात्रा के दौरान रेलवे पटरियों या खुले में शौच करते भारतीय नागरिकों को देखकर बेहद अजीब लगा। उनके लिए यह स्तब्धकारी था कि पारंपरिक भारतीय दृष्टिकोण में इसे एक सामान्य दैनिक क्रिया माना जाता था और इसे लेकर भारतीय मन में कोई शर्मिंदगी नहीं थी। मुझे मार्क ट्वेन सिर्फ इसलिए याद आ रहे हैं कि हम समझ सकें कि स्वच्छता को लेकर हमारे पारंपरिक मूल्य किस कदर गहरे पैठे हुए थे कि उनको झिंझोड़ने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करके सरकारी स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान नाम से एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम चलाना पड़ा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

लंदन को मिलनसार बनाने में योगदान दे रहे भारतीय



यहां स्कैन करें

मनु जोसेफ | पत्रकार और उपन्यासकार

लुप्त होती सांस्कृतिक विरासत का एक संकेत यह है कि विकसित देशों की सड़कों पर एक-दूसरे से अपरिचित दो भारतीय सामने पड़ने पर एक-दूजे से नजरें चुराएं, सिर झुकाएं और थोड़ा पीछे हट जाएं। मानो वे एक ही देश से होने का रिश्ता नहीं निभाना चाहते हों। यह एक खास किस्म के संभ्रांत व्यवहार का हिस्सा है। यह व्यवहार तब अपने चरम पर था, जब विदेश में मिलने वाले ज्यादातर भारतीय उच्च वर्ग के होते थे।

अब कम-से-कम लंदन में स्थिति बदल गई है। यहां हर घंटे इतने भारतीय मिल जाते हैं कि वे एक-दूसरे की ओर ध्यान ही नहीं देते, या फिर एक-दूसरे को देखकर ठिठक जाते हैं, क्योंकि उनमें से ज्यादातर गरीब या निम्न-मध्यम वर्ग के प्रवासी हैं। वे ऐसे काम करने यहां आए हैं, जिनको 'ब्रेग्जिट' के नाम पर यूरोपीय लोगों को बाहर करने के बाद अंग्रेजों ने खुद करने का दावा किया था।

सच यही है कि लंदन में अस्थायी और कम वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इनमें भारतीय सबसे आगे हैं। दो साल पहले तक उनकी इतनी बड़ी संख्या नहीं थी, लेकिन अब उन्होंने लंदन के सार्वजनिक जीवन की तस्वीर बदल दी है। यह शहर पहले के मुकाबले कम डरावना, अधिक मिलनसार, सहज व संवेदनशील हो गया है। ज्यादा समय नहीं गुजरा है, जब लंदन के ज्यादातर कैफे स्थानीय लोग या पूर्वी यूरोप से आए प्रवासी चलाते थे। वे ग्राहकों को ज्यादा बर्दाश्त नहीं करते थे। तब वेटर को रोककर सवाल पूछना भी संभव नहीं था। एक बार सड़क किनारे का एक वेंडर पैनकेक बना रहा था और एक भारतीय ने अपनी आदत के अनुसार हाथ उठाकर एक और ऑर्डर लेने के लिए आवाज लगाई, तो उधर से वेंडर का जवाब आया- मेरा पास सिर्फ दो ही हाथ हैं।

लंदन खास तौर से भारतीयों और अन्य एशियाई नागरिकों के लिए डरावना शहर था, लेकिन अब यह स्थिति बहुत बदल चुकी है।

जाहिर है, लंदन खास तौर से भारतीयों और अन्य एशियाई नागरिकों के लिए डरावना शहर था, लेकिन अब यह स्थिति बहुत हद तक बदल चुकी है। वहां अब गरीब देशों से आए प्रवासी काम कर रहे हैं। नतीजतन, स्टोर में जल्दबाजी में दिख रहे कर्मचारी को भी रोककर आप आसानी से कुछ पूछ सकते हैं और वह नाराज नहीं होता। एक और दिलचस्प तरीके से भारतीयों ने लंदन के सार्वजनिक जीवन को बदल दिया है। अब वहां सहायता करने वाले कर्मचारी अंग्रेजी बोलते हैं, जबकि बीस साल पहले तक सेंट्रल लंदन में मदद की जरूरत पड़ने पर उनसे संवाद कायम करना काफी कठिन था। हालांकि, लंदन इतना साफ-सुथरा व व्यवस्थित है और वहां का प्रशासन इतना संवेदनशील है कि वह कतई भारतीय शहर जैसा नहीं लगता, पर वहां की कई इमारतों में आपको भारत जैसा माहौल महसूस होगा। दरअसल, भारत में गरीबों को हमेशा यही बताया जाता है कि वे कभी खुद को सशक्त न समझें, अपनी हैसियत में रहें और समानता संबंधी लोकतंत्र के दावे को गंभीरता से न लें। यही सोच उन्हें ब्रिटेन में उन कामों के लिए अच्छा कामगार बना देती है, जिनको करना वहां के स्थानीय लोग पसंद नहीं करते। यहां तक कि प्रवासियों ने ब्रिटेन के घरों का माहौल भी बदल दिया है और वहां का उच्च मध्यम वर्ग अब कुछ-कुछ हमारे समाज जैसा दिखने लगा है।

प्रवासी श्रमिकों की यहां अच्छी कमाई हो रही है। कई भारतीयों के लिए ब्रिटेन नया खाड़ी देश बन गया है, खासकर मलयाली नर्सों की यहां मांग है। हालांकि, जिन ज्यादातर प्रवासियों से मैंने बात की, वे पूरी तरह खुश नहीं थे। वास्तव में, लंदन बेहद महंगा शहर है, इसलिए वहां रहने के बावजूद वे विकसित देशों जैसी सुविधा नहीं पा सके हैं। इंसानों की एक प्रवृत्ति होती है। किसी शहर के जीवन की गुणवत्ता, उसकी सुंदरता, साफ-सफाई आदि उसके लिए उतना मायने नहीं रखती, जितना कि वहां के माहौल से उनका परिचित होना? भारत में चौतरफा पसरी गरीबी और अव्यवस्था के बीच लोगों को अपनी गरीबी उतनी नहीं खलती, जितनी लंदन में।

हालांकि, स्थानीय लोग इस बदलाव को बहुत पसंद नहीं कर रहे। उन्हें प्रवासियों की जरूरत तो है, पर वे उनको सार्वजनिक तौर पर देखना नहीं चाहते। ठीक वैसे ही, जैसे हम अपने घरों की खूबसूरती और साज-सज्जा के बीच यह नहीं चाहते कि कोई 'गरीब' वहां दिखे; घरेलू सहायक भी नहीं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सुंदर देखने की चेतना

मानव जीवन केवल बाहरी सुख-सुविधाओं और भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। उसके भीतर कुछ ऐसा भी है, जो उसे लगातार बेहतर, सुंदर और सूक्ष्म की ओर बढ़ने को प्रेरित करता है। यही प्रेरणा उसके विचारों, भावनाओं, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाती है।

जब मनुष्य के भीतर सौंदर्य को अनुभव करने की क्षमता विकसित होती है, तब उसका असर उसके बाहरी संसार पर भी दिखाई देने लगता है। प्रकृति, कला, संगीत, साहित्य और जीवन की छोटी-छोटी बातों में सुंदरता तलाशने की उसकी प्रवृत्ति इसी आंतरिक परिवर्तन का परिणाम है। हालांकि, सौंदर्य विज्ञान बाहरी सुंदरता तक सीमित नहीं है। मनुष्य की पसंद, रुचि और भावनाओं में भी समय के साथ बदलाव आते हैं। उसके भीतर नए विचार जन्म लेते हैं और वह पहले से अधिक सूक्ष्म ढंग से चीजों को देखने-समझने लगता है। इस तरह, धीरे-धीरे उसकी अभिरुचियां भी परिष्कृत होती जाती हैं।

यही कारण है कि मनुष्य अपने आस-पास की दुनिया में कुरूपता, कटुता और भेदपन के बजाय सुंदरता देखना चाहता है। उदाहरण के लिए, एक समय था, जब मूक फिल्में लोगों के मनोरंजन का प्रमुख साधन थीं। समय के साथ मनुष्य की रुचि बदली। अब वह केवल दृश्य नहीं, बल्कि ध्वनि, संगीत, संवाद और भावनाओं से भरपूर फिल्में देखना चाहता है। दृश्य-श्रव्य माध्यमों का यह मेल उसके मन को अधिक गहराई से प्रभावित करता है। यह बदलाव केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि मनुष्य की अधिक सूक्ष्म और विकसित होती मानसिक रुचि का भी परिचायक है।

मनुष्य की इसी प्रवृत्ति ने उसे स्थूल से सूक्ष्म की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जब उसे भौतिक वस्तुओं से संतुष्टि नहीं मिलती, तो वह किसी ऐसी सत्ता की तलाश करने लगता है, जो उसके मन को स्थायी आनंद दे सके। इसी खोज से धर्म का उदय हुआ। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-पाठ, कर्मकांड या परंपरा का पालन करना नहीं है, बल्कि जीवन को अधिक सुंदर, श्रेष्ठ व पूर्ण बनाने की साधना है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपनी चेतना को उच्चतर स्तर तक

बाहरी परिवर्तन मनुष्य की मानसिक अवस्था का प्रतिबिंब होता है। उसके मन में जैसे विचार, जैसी भावनाएं विकसित होती हैं, वैसी ही अभिव्यक्ति उसके व्यवहार और परिवेश में दिखाई देती है।

ले जाने का प्रयास करे।

मनुष्य की यह यात्रा सौंदर्य विज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने जैसी है। परम पुरुष को इसीलिए सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् कहा गया है, अर्थात वह सत्य हैं, कल्याणकारी हैं और परम सौंदर्य के स्वरूप हैं। उनका वैभव, अनासक्ति और सौंदर्य मनुष्य को उनकी ओर आकर्षित करता है। उनकी महानता केवल उनकी विराट सत्ता में नहीं, बल्कि उस आकर्षण में है, जो प्रत्येक जीव को अपनी ओर खींचता है।

श्री श्री आनंदमूर्ति

बालेन शाह | प्रधानमंत्री, नेपाल



लोकतांत्रिक गणराज्य का मूल उद्देश्य राज्य और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि जरूरी सेवाएं लोगों को पहुंचें। यह नहीं कि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ें।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 03 नवम्बर, 1951

मध्य-पूर्व की गुत्थी

इधर कुछ सप्ताहों से मध्य-पूर्व का घटनाचक्र स्वेज की धुरी पर घूम रहा है। मिस्र और ब्रिटेन का संघर्ष उग्र से उग्रतर बन रहा है। प्रदर्शन और बहिष्कार का प्रारंभ तो पहले ही हो चुका था, अब मिस्री 'छापामार दलों' की जोरदार कार्रवाई शुरू हो गई है। इन दलों का उद्देश्य अंग्रेज सेनाओं को डरा-धमका कर, परेशान कर तथा आतंकित कर स्वेज नहर के क्षेत्र से खदेड़ना है। इस समय करीब 70,000 मिस्री कर्मचारी अंग्रेजों की नौकरी कर रहे हैं। उपर्युक्त 'छापामार दल' उन्हें काम छोड़ देने के लिए विवश कर देना चाहते हैं। मिस्री आंदोलनकर्ता इस संबंध में ईरानी आंदोलनकर्ताओं से प्रभावित हुए जान पड़ते हैं,... लेकिन अंग्रेज भी मुकाबले के लिए अपनी सैनिक-शक्ति बढ़ा रहे हैं और स्वेज नहर के क्षेत्र में कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। कतिपय मिस्री पुलिस अधिकारियों को ब्रिटिश-विरोधी कार्रवाइयों के कारण निकाल दिया गया है और मिस्र सरकार ने अंग्रेज सैनिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि यह 'आक्रमणकारी रुख' बन्द न हुआ तो वह कठोर कार्रवाई करेगी।

चार राष्ट्रों की मध्य-पूर्व-रक्षा योजना को तो मिस्र पहले ही अस्वीकार कर चुका है, अब रूसी चेतावनी ने मिस्र तथा अरब राष्ट्रों को और भी सशंकित तथा अनिश्चित बना दिया है। संभवतः रूस ने ईरान तथा मिस्र की वर्तमान स्थिति को देखकर ही यह चेतावनी देना समयानुकूल समझा हो। मिस्र में यह आवाज उठ रही है कि रूस से बातचीत की जाये, उधर एक समाचार यह भी है, मुसादिक को अमरीका की मध्यस्थता से भी आशा नहीं और वह मास्को जाना चाहते हैं। यदि ये कारण हों तब भी रूस कभी यह न चाहेगा कि अटलांटिक संधि की एक बाहु मध्य-पूर्व रक्षा-संधि के रूप में भूमध्य-सागर, स्वेज तथा ईरान की खाड़ी के क्षेत्र में कार्य करने लगे। फिर तुर्की और रूस में भी तो कोई सदभावनापूर्ण संबंध नहीं, अतएव तुर्की के प्रस्तावित रक्षा-योजना में सम्मिलित होने से रूस के कान खड़े होना स्वाभाविक है। रूस यह शिकायत भी कर सकता है कि मध्य-पूर्व की रक्षा-योजना का अर्थ उत्तर अफ्रीका के अमरीकी अड्डों को रूस-विरोधी कार्रवाई के लिए सुगम बनाना है। जो भी हो रूस का स्वार्थ इसी में निहित है कि वह मिस्र तथा अरब देशों को किसी ऐसी योजना का अंग न बनने दे जिसकी बागडोर ब्रिटेन व अमरीका के हाथों में हो।

स्वच्छ आबोहवा सरकार की जिम्मेदारी

दीवाली से ऐन पहले दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। स्थिति यह है कि काम-धंधा के लिए घरों से बाहर निकलने वाले लोगों की आंखें जल रही हैं। फेफड़ों की क्या स्थिति हो गई होगी, यह तो ईश्वर ही जानता होगा। ऐसे में, क्या सरकार की जवाबदेही नहीं बनती कि वह प्रदूषण के खिलाफ कारगर कदम उठाए? किंतु हुआ क्या? इस बार तो लोगों को हरित पटाखे चलाने की अनुमति मिल गई, जिस कारण वे दीपावली से पहले से ही पटाखे चलाने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ी गंभीर चुनौती है, हमारा तंत्र इस मसले पर चुप है।


यह कोई एक साल की समस्या नहीं है। हर साल ऐसा ही होता है। सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता बिगड़ने लगती है। सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और खांसी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर इसका अधिक असर पड़ता है। ऐसे में, प्रदूषण से निपटने की जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों को ठोस नीतियों, सख्त निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आगे आना चाहिए। वैसे भी, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या किसी एक कारण से पैदा नहीं होती। आसपास के राज्यों की नीतियों का भी यहां असर पड़ता है। ऐसे में, एनसीआर की तमाम सरकारों को सहयोगी रुख अपनाना चाहिए और कहीं अधिक संजीदगी दिखानी चाहिए।

पटाखे और पराली को लेकर नीतियां बनाने के साथ-साथ यहां सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना भी आवश्यक है। बसों की संख्या बढ़ाने, मेट्रो व बस सेवाओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की जरूरत है। जब लोगों को निजी वाहन के बजाय सुविधाजनक और किफायती सार्वजनिक परिवहन मिलेगा, तभी सड़कों पर गाड़ियों का दबाव कम होगा। 15 साल पुरानी गाड़ियों का दिल्ली में प्रवेश जरूर रोका गया है, लेकिन उस अनुपात में इलेक्ट्रिक बसों व स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा नहीं दिया गया है। इसके अलावा, निर्माण-स्थलों पर धूल नियंत्रण, कचरा जलाने पर रोक, औद्योगिक उत्सर्जन की निगरानी और पराली प्रबंधन के लिए किसानों को आर्थिक व तकनीकी सहायता देनी चाहिए। हालांकि, नियम बनाना ही पर्याप्त नहीं होगा; सरकारें यह सुनिश्चित करें कि उनका ईमानदारी से पालन हो। तभी वायु प्रदूषण के खिलाफ हमें सफलता मिल सकेगी।

दीप्तांशु, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

वायु प्रदूषण



समाधान के लिए लोग भी सक्रियता दिखाएं

वायु प्रदूषण के लिए सरकारों को जिम्मेदार ठहराना आसान है, लेकिन क्या केवल सरकारी प्रयासों से हवा साफ हो जाएगी? सरकारें नियम बना सकती हैं, वाहनों की जांच करा सकती हैं, लेकिन उन नियमों का पालन करना नागरिकों के हाथ में है। जब तक लोग अपनी आदतें नहीं बदलेंगे, तब तक प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई अधूरी ही रहेगी। स्वच्छ हवा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की साझा जरूरत है, इसलिए आम लोगों को शिकायत करने के साथ-साथ समाधान का हिस्सा भी बनना चाहिए।

यह सच है कि इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने लगता है, लेकिन दिक्कत यह है कि लोग राहत के उपाय आधे-अधूरे मन से अपनाते हैं। मिसाल के लिए, दिल्ली की सड़कों पर गाड़ियों का बोझ अधिक है और इसे प्रदूषण का एक बड़ा कारक माना जाता है, लेकिन बहुत से लोग छोटी दूरी तय करने के लिए भी कार या दोपहिया वाहन इस्तेमाल करना गलत नहीं समझते। एक ही दिशा में जाने वाले कई लोग, यहां तक कि पड़ोसी भी अलग-अलग गाड़ियों में सफर करते हैं, जबकि 'कार पुलिंग' करके वह सड़कों पर प्रदूषण का बोझ कुछ हद तक कम कर सकते हैं। एशियन ट्रांसपोर्ट ऑब्जर्वेटरी की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में जितना पीएम 2.5 उत्सर्जित हुआ था, उसका करीब छह फीसदी हिस्सा परिवहन क्षेत्र से निकला था। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर का अनुमान है और अलग-अलग शहरों में प्रदूषण के स्रोतों का अनुपात अलग हो सकता है, लेकिन लोगों को छोटी दूरी के लिए पैदल चलने, साइकिल इस्तेमाल करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और सहकर्मियों के साथ साझा वाहन से सफर करने जैसे विकल्प अपनाने चाहिए।

पटाखों का मामला भी इसी से जुड़ा है। दीपावली खुशियां बांटने और परिवार के साथ उत्सव मनाने का अवसर है, लेकिन क्या उत्सव मनाने के लिए हवा को जहरीला बनाना जरूरी है? सुप्रीम कोर्ट ने हरित पटाखे की अनुमति दी है, वह भी एक तय समयावधि के दौरान, लेकिन लोग तो दुर्गा पूजा के समय से ही पटाखे चला रहे हैं। प्रतिबंधित पटाखों को जब्त करने के बावजूद बाजार में चोरी-छिपे ऐसे पटाखों की बिक्री हो रही है। माना कि व्यवस्थागत चूक के कारण ऐसे पटाखे बाजार में बिकते हैं, लेकिन क्या आम लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे, जो वे इन पटाखों को खरीद रहे हैं? साफ है, सरकार की नीतियां तभी सफल हो सकेंगी, जब समाज ईमानदारी से उनका सहयोग करेगा। आखिरकार साफ हवा हम सभी की जरूरत है।

रोहित कुमार, टिप्पणीकार

ज्ञान की ज्योति से दूर हो अंधियारा

विद्वानों की दुनिया में दिवाली के बहुत मायने हैं, लेकिन एक आम इंसान की नजर में दिवाली रोशनी का त्योहार है। इसमें असंख्य दीये एक साथ जलते हैं, जिनमें धन-दौलत और मिट्टी के दीयों के साथ-साथ उम्मीदों के दीये भी होते हैं। जरूरत है एक दीया सच का भी जले, ताकि इसकी रोशनी दुनिया-जहान को रोशन करे।



अध्यात्म
आनंदमूर्ति गुरुमां

दिवाली केवल मिट्टी के दीपकों, रंगोलियों और रोशनियों का त्योहार नहीं है। इसमें एक गहरा दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक संदेश भी है। जितनी गहरी और काली अमावस्या की रात्रि होती है, उसमें प्रज्ज्वलित किए गए दीपकों की रोशनी आंखों को उतनी ही अधिक सुकून देने वाली और सुंदर लगती है। अंधकार और प्रकाश का यह द्वंद्व मनुष्य के जीवन का यथार्थ है, लेकिन इन भौतिक दीपकों की रोशनी क्षणभंगुर है। यह रोशनी तभी तक है, जब तक दीपक में तेल है और बाती जल रही है। जहां तेल खत्म हुआ, जहां बाती जली, वहां रोशनी भी समाप्त हो जाती है। बाहर के दीपक हमारी बाहरी आंखों को कुछ समय के लिए दृष्टि दे सकते हैं, लेकिन हमारे मन के सघन अंधकार को मिटाने के लिए जिस शाश्वत दीपक की आवश्यकता है, वह 'ध्यान' और 'ज्ञान' का दीपक है।

ज्ञान का दीपक, वैराग्य का तेल

यदि एक बार अंतर्मन में ज्ञान का दीपक जल जाए, तो उसकी रोशनी कभी खत्म नहीं होती। इसका कारण यह है कि 'ज्ञान' की रोशनी के पीछे जो ऊर्जा काम करती है, वह 'वैराग्य' का तेल है। बिना वैराग्य के ज्ञान की वह लौ प्रज्ज्वलित ही नहीं होती। वैराग्य के साथ उत्पन्न उस ज्ञान की रश्मियों (किरणों) से मनुष्य को सत (शाश्वत) और असत (नश्वर) का बोध हो जाता है।

अज्ञान का अंधेरा दूर करें

मानव मन और बुद्धि का यह स्वभाव है कि एक बार जब हम किसी सत्य को जान लेते हैं, तो फिर उसे भुलाया नहीं जा सकता। जिस सत्य का एक बार बोध हो जाए, उसके प्रति फिर अनजान नहीं हुआ जा सकता, इसलिए कहा गया है कि यदि एक बार भीतर का अंधकार दूर हो गया और रोशनी जगमगा गई, तो फिर अज्ञान के अंधेरों में ठोकरें नहीं खानी पड़तीं। यह एक ही बार का पुरुषार्थ है, जबकि बाहर का कर्म-चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, किया हुआ अनकिया हो जाता है।

जब तक शरीर में शक्ति है, ऊर्जा है और

निरंतर परिवर्तन ही संसार है। यही कारण है कि दिवाली का पर्व घोर अमावस्या के दिन मनाया जाता है। जीवन के अंधकार में जो ज्ञान का दीपक जला लेते हैं, उनके भीतर और बाहर प्रकाश हो जाता है।



दिवाली (08 नवंबर)

ताकत है, तब तक इंसान को समय के बीतने का कोई फर्क महसूस नहीं होता। वह संसार के पीछे एक अंधी दौड़ में दौड़ता रहता है। असली मुश्किल तब आती है, जब शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है। जब दौड़ा या भागा न जाए, आंखों से दिखे नहीं, कानों से सुने नहीं, पैर से चला न जाए, भोजन पचे नहीं और रात में सोया न जाए, तब अपने ही शरीर के साथ जीना एक बोझ बन जाता है।

निरंतर परिवर्तन ही संसार है। यही कारण है कि दिवाली का पर्व घोर अमावस्या के दिन मनाया जाता है। जीवन के अंधकार में जो ज्ञान का दीपक जला लेते हैं, उनके भीतर और बाहर प्रकाश हो जाता है। मन का सबसे बड़ा अंधकार 'अज्ञान' है- यह अज्ञान कि जो जैसा चल रहा है, वह हमेशा ऐसा ही रहेगा। हम यह समझ नहीं पाते कि जब रोज शाम रात में बदल जाती है, तो परिवर्तन इस प्रकृति का शाश्वत नियम है।

संस्कृत में कहते हैं- 'क्षणे क्षणे संसरती सः इति संसारः' (जो क्षण-क्षण बदलता रहे, वही संसार है)। जो आज कुछ और है, कल कुछ और होगा, जो स्थिर नहीं है, जो आपको अपनी भूलभुलैया में घुमाता रहे, वही संसार है। संसार के इन बदलते हुए रूपों को देखना और उनसे अपने मन को न जोड़ना, यही 'विवेक' है।

दिवाली का मर्म समझें

प्रकृति के अपने नियम हैं। नीम करोड़ों साल पहले भी कड़वी थी, आज भी कड़वी है। गन्ना मीठा है। नमक में खारापन है। दुनिया के किसी भी कोने में चले जाएं- आकाश नीला है और रातें काली हैं। इनमें एक समानता है, लेकिन इस निरंतर बदलते हुए संसार के पीछे कुछ ऐसा भी है, जो कभी नहीं बदलता।

अमावस्या का मर्म और शाश्वत सत्य की खोज उसी न बदलने वाले तत्व को ढूंढ़ना है। आप उसे परमात्मा कहें, राम कहें, सत्य कहें या ब्रह्म- शब्दों से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो बदल जाए, वह सच्चा आनंद नहीं दे सकता। जो हाथ आज प्यार करते हैं, वे कल मार भी सकते हैं। जो जुबान आज तारीफ कर रही है, कल वह अपशब्द भी कह सकती है। इन सभी परिवर्तनों के बीच, जो उस न बदलने वाले शाश्वत सत्य को जान लेता है, उसी को हम ज्ञानी कहते हैं। उसी को हम विवेकी और समझदार कहते हैं। ध्यान, सत्संग और सुमिरन (स्मरण) का उद्देश्य केवल यही है कि हम अपने अंतर्मन में उस शाश्वत सत्य को पकड़ सकें।

असली दिवाली वही है, जहां बाहरी दीयों की रोशनी के साथ-साथ, मन के भीतर वैराग्य का तेल डालकर ज्ञान की वह अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित हो जाए, जो जीवन के हर अमावस्या के अंधकार को सदा के लिए मिटा दे। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक हम बाहर कितने ही दीये जला लें, भीतर का अंधकार हमें भटकाता ही रहेगा। भीतर के इस असत्य के अंधकार को हटाने के लिए हमें एक दीया सच का पूरे मन से जलाना होगा।

आस्था-अनास्था
अश्वनी कुमार

नरक चतुर्दशी से जुड़ी अनेक कथाएं

नरक चतुर्दशी का त्योहार क्यों मनाया जाता है?
-कौमुदी नाथन, मथुरा



नरक चतुर्दशी (07 नवंबर) को मनाने के पीछे कई कथाएं हैं और हर कथा इसे एक अलग नाम भी देती है।

नरक चतुर्दशी : कृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा की सहायता से नरकासुर का वध किया था, इसलिए इस दिन को नरक चतुर्दशी के रूप में मनाते हैं।

रूप चतुर्दशी : नरकासुर का वध करने के पश्चात कृष्ण ने अपने शरीर पर लगे रक्त के छीटों को तेल-उबटन से साफ कर स्नान किया था। इससे उनका रूप फिर से निखर आया था, इसलिए इस पर्व को रूप चतुर्दशी भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तेल-उबटन लगाकर स्नान करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और सौंदर्य भी बढ़ता है।

इससे जुड़ी एक कथा और भी है। एक समय हिरण्यगर्भ नाम के राजा अपना राजपाट छोड़कर तपस्या करने लगे। वे तपस्या में इतने लीन हो गए कि उन्हें अपने शरीर की भी सुध नहीं रही। इससे उनका शरीर जीर्ण-शीर्ण और काला हो गया। इससे दुखी होकर उन्होंने अपनी पीड़ा देवर्षि नारद से कही। नारद ने उन्हें कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उबटन लगाकर स्नान करके कृष्ण की आराधना करने के लिए कहा। राजा ने ऐसा ही किया। इससे उसका शरीर पहले की तरह स्वस्थ और सुंदर हो गया।

हनुमान जयंती : दक्षिण भारत में नरक चतुर्दशी के दिन हनुमान जयंती मनाई जाती है। वहीं उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जयंती मनाई जाती है।

काली चौदस : गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के कुछ हिस्सों में चतुर्दशी की रात को मां काली की विशेष पूजा की जाती है। इस दिन बंगाल में पूर्वजों की याद में चौदह दीप जलाए जाते हैं और चौदह प्रकार की पत्तेदार सब्जियां खाने की परंपरा है। इसे 'भूत चौदस' भी कहते हैं।

यम दीपदान : असुरराज बलि ने विष्णु से वरदान मांगा था कि जो व्यक्ति नरक चतुर्दशी के दिन यमराज के निमित्त दीपदान करेंगे, उनके पितर नरक की यातना से मुक्त रहेंगे।

संकल्प के पांच जरूरी दीपक

महावीर स्वामी निर्वाण दिवस


दिवाली जीवन और जगत के प्रत्येक पहलू से जुड़ा हुआ पर्व है। राष्ट्र, समाज, शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा किसी भी पक्ष की ओर निहारो, यह पर्व सबको पूर्णता देता है। धन, धान्य, ध्यान, दान एवं निर्वाण के प्रिज्म के जरिये यह मानव की प्रत्येक आवश्यकता को पूरा करने का आश्वासन देता है। आइए दिवाली और महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस (8 नवंबर) के अवसर पर अपनी दहलीज पर पांच दीपों को प्रज्ज्वलित करें :

ज्ञान दीप : हमारा ज्ञान अभ्रांत बने। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तीव्र प्रसार में कहीं असली ज्ञान लुप्त न हो जाए, यह जागरूकता बनाए रखनी है। विज्ञान हमारा सहयोगी रहे, पर ध्येय नहीं, ध्येय मात्र ज्ञान रहे। 'णाणं पयासयं' ज्ञान ही प्रकाशक है, यह धारणा नहीं भूलनी चाहिए।

श्रद्धा दीप : पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने एक ग्रंथ लिखा था- विश्वास का संकट। उस युग से चलते-चलते यह संकट अधिक गहराता गया है। आस्था-श्रद्धा-विश्वास-प्रतीत एक भावों की भिन्न-भिन्न शब्दाभिव्यंजनाएं हैं। श्रद्धा संकटग्रस्त है। इसे संकट से बाहर निकालकर प्रज्ज्वलित करना है, ताकि मानव तमस के भीषण प्रहारों से बच सकें।

संकल्प दीप : वेदों का उद्घोष है- 'तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु'- 'मेरे संकल्पों में शिवत्व आए, शुभत्व आए।' वर्तमान युग में संकल्प की भित्तियां ढह रही हैं। जहां नहीं ढहीं, वहां शुभत्व और शिवत्व का अभाव है। प्रथमतः संकल्पशील बनें, ततः शिव संकल्प संपन्न बनें। फिर अनिश्चय अनिर्णय के अंधकार से हम भयभीत नहीं होंगे।

सेवा दीप : 'सेवा धर्मः परम गहनो योगिनाम्प्य गम्यः'- 'योग साधना सरल मार्ग है, सेवा मार्ग उससे कठिन मार्ग है।' अवसर है, इस पर्व पर हम व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सेवा दीपों को अवश्य ही जलाएं। सेवा के अभाव में अनेकानेक परिवारों में वृद्ध माता-पिता उपेक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्हें अपनी सेवा के लिए वृद्धाश्रमों का आश्रय लेना पड़ रहा है। आवश्यकता है, घरों में सेवा दीप जलाए जाएं। हां, सेवा का सौंदर्य बचाने के लिए तीन अर्हताओं का विवेक भी जाग्रत हो। सेवा हो समता से,



सेवा हो ममता से, सेवा हो क्षमता से।

सेवा करते समय प्रतिकूल वचन सुनने पड़े, सम्मान की जगह अपमान का सामना करना पड़े, तो भी मानसिक संतुष्टि बरकार रखना- समता सिद्धांत है। प्रेम, स्नेह-ममता हृदय भूमि में बसा कर सेवा करनी है, यह है- ममता सिद्धांत। यह काम मेरा है, यह सोचना ममता है। अपने बल, बुद्धि-संसाधनों का जितना सामर्थ्य है, तदनुसार सेवा करना, यह है- क्षमता का सिद्धांत।

समर्पण दीप : तन, मन, धन जो कुछ है सब प्रभु को, गुरु को, राष्ट्र को, समाज को समर्पित करना- समर्पण दीप को प्रज्ज्वलित करना है। 'त्वदीयं वस्तुदेव तुभ्यमेव समर्पये' - 'हे मेरे परमात्मन, यह जीवन आपका है, प्रत्येक वस्तु आपकी है, इन पर आपका अधिकार है, मेरा नहीं है। आपकी वस्तु आपके हवाले है।'

यह समर्पण भाव निरंतर बना रहे, ऐसी धारणा दीप पर्व पर बनानी है, ताकि घर-घर, द्वार-द्वार पर प्रकाश प्रकट हो। हम, आप एवं समष्टि का हर प्राणी एक लघु दीप है, हम उस महादीप से दीप्ति ग्रहण करें और समूची सृष्टि को दीप्तिमान करें

-बहुश्रुत जय मुनि

तन का कष्ट मिटे और धन आए


धन त्रयोदशी (06 नवंबर)

धनतेरस कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाई जाती है। समुद्र मंथन के समय इसी दिन विष्णु के अंशावतार धन्वंतरि अपने हाथों में अमृत कलश और आयुर्वेद का ज्ञान लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन पीतल, तांबे या चांदी के बर्तन अमृत कलश के प्रतीक के रूप में खरीदने की परंपरा है। पीतल को धन्वंतरि की धातु माना गया है। इस दिन इसे खरीदने से आरोग्य लाभ होता है। धनतेरस पर लोहे और चीनी मिट्टी की बनी हुई चीजों की वस्तुओं को खरीदना शुभ नहीं होता है। इससे घर में बरकत कम होती है।

ऐसी मान्यता है कि धन्वंतरि के प्रकट होने पर देवताओं ने उनकी पूजा में धनिये का इस्तेमाल किया था। इस दिन लक्ष्मी और धन्वंतरि के चरणों में धनिया अर्पित करने के बाद इसे तिजोरी में रखना शुभ माना जाता है। कुछ लोग पूजा के बाद इसे इस भाव से मिट्टी में बोते हैं, जैसे प्रकृति एक बीज से अनेक दाने बनाती है, वैसे ही भगवान हमारे धन को कई गुना बढ़ाएं। धन्वंतरि को देवताओं का वैद्य और स्वास्थ्य का रक्षक माना गया है। इस दिन स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के लिए इनकी पूजा की जाती है।

इस दिन झाड़ू खरीदना भी शुभ माना जाता है। मत्स्य पुराण के अनुसार झाड़ू में लक्ष्मी का वास होता है, जो घर की साफ-सफाई के साथ दरिद्रता और नकारात्मक ऊर्जा को बाहर निकालती हैं। इस दिन नई झाड़ू को पूजा के बाद फर्श पर लिटाकर रखना चाहिए। इसे खड़ा करके रखना अशुभ माना जाता है। इसका इस्तेमाल दिवाली के अगले दिन से शुरू करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन नमक खरीदकर घर लाने से दरिद्रता दूर होती है। व्यापारी वर्ग इस दिन अपने नए बही-खाते और व्यावसायिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिनका पूजन दिवाली के दिन होता है।

ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन ही राजा बलि ने भगवान वामन को सब कुछ दान कर दिया था। बलि ने जो धन-संपत्ति देवताओं से छीनी थी, उससे कई गुणा धन-संपत्ति देवताओं को वापिस मिल गई। तब देवताओं ने प्रसन्न होकर इस दिन विष्णु



और उनके वामन रूप की पूजा की थी।

यह पर्व आरोग्य, धन और समृद्धि का प्रतीक है। इसी की कामना करते हुए धनतेरस के दिन धन्वंतरि के साथ-साथ लक्ष्मी, यमराज और कुबेर की भी पूजा की जाती है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी धन प्रदान करती हैं, जबकि कुबेर उस धन की रक्षा और प्रबंधन करते हैं और यमराज अकाल मृत्यु से रक्षा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन इनकी पूजा करने से धन में तेरह गुना वृद्धि होती है।

इस दिन घर के द्वार पर तेरह दीपक जलाए जाने की प्रथा है। दक्षिण दिशा में संध्या के समय प्रदोष काल में यमराज के निमित्त सरसों के तेल का मिट्टी या बिना नमक के आटे का चौमुखी दीया जलाया जाता है। इस दीये को गेहूं, चावल या खील के आसन पर रख कर मुख्य द्वार पर रखा जाता है। इस दीये को जलाने के बाद देखा नहीं जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दीये को जलाने से परिवार पर अकाल मृत्यु और संकट का भय नहीं रहता।

-अरुण कुमार जैमिनि

सप्ताह के व्रत-त्योहार

03 नवंबर से 09 नवंबर 2026 तक

03 नवंबर (मंगलवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी तिथि प्रातः 11.55 मिनट तक।
04 नवंबर (बुधवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी तिथि प्रातः 11.04 मिनट तक।
05 नवंबर (गुरुवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि प्रातः 10.36 मिनट तक। रमा एकादशी व्रत। कौमुदी महोत्सव प्रारंभ।
06 नवंबर (शुक्रवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि प्रातः 10.31 मिनट तक पश्चात त्रयोदशी तिथि। प्रदोष व्रत। धन त्रयोदशी। यम दीपदान। श्री धन्वंतरि जयंती।
07 नवंबर (शनिवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि प्रातः 10.49 मिनट तक पश्चात चतुर्दशी तिथि। नरक चौदस, श्री हनुमान जन्मोत्सव। मास शिवरात्रि व्रत।
08 नवंबर (रविवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि प्रातः 11.29 मिनट तक पश्चात अमावस्या तिथि। दिवाली। श्री महालक्ष्मी पूजन। कुबेर पूजन। सायं देवालय में दीपदान। कौमुदी महोत्सव संपन्न। काली पूजन।
09 नवंबर (सोमवार) : कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि दोपहर 12.32 मिनट तक। कार्तिक अमावस मेला हरिद्वार, प्रयागराजादि। श्री महावीर स्वामी निर्वाण दिवस (जैन)। विश्वकर्मा दिवस (पंजाब)।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

भेजें अपने सवाल

स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पढ़ाई के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं।

वृष : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कारोबार में भागदौड़ तो अधिक रहेगी, परंतु यात्रा से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

मिथुन : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में सुस्ती देखने को मिल सकती है। लेखन के कार्यों से सम्मान मिल सकता है।

कर्क : वाणी में मधुरता रहेगी। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

सिंह : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। संतान सुख में वृद्धि हो सकती है। पढ़ाई के कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है।

कन्या : मन परेशान रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता व परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

तुला : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

वृश्चिक : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

धनु : धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की सेहत का ध्यान रखें। मित्रों के सहयोग से आय बढ़ सकती है।

मकर : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पिता का साथ मिलेगा।

कुंभ : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पढ़ाई के कार्यों में मन लगेगा। लेखनादि कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

मीन : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

03 नवंबर, मंगलवार, **शक संवत्:** 12 कार्तिक (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग:** 18 कार्तिक मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 22 जमादि उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्:** कार्तिक कृष्ण नवमी तिथि प्रातः 11.55 मिनट तक। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, शुक्ल योग प्रातः 09.54 मिनट तक पश्चात ब्रह्म योग, गर करण। चंद्रमा सिंह राशि में (दिन-रात)।


सूर्य दक्षिणायन। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 11.30 मिनट से। श्री गुरु हरिराय जी ज्योतिजोत। गंडमूल रात्रि 03.27 मिनट तक।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

दक्षिणमुखी ज्वैलरी शोरूम में करें ये वास्तु उपाय :

- शोरूम का मुख्य द्वार सही तरीके से पद विन्यास करके चौथे पद में रखिए। अपने बैठने का स्थान ऐसे रखिए कि आपका मुख पूर्व दिशा की ओर हो। सामने उत्तर की दीवार पर एक फुल वॉल मिरर लगाएं। दक्षिण पूर्व की दीवार पर सुनहरे अक्षरों में लक्ष्मी का मंत्र लिखवाएं। उत्तर दिशा में एक चांदी का फाउंटेन रखें, जिसमें चांदी की मछली अवश्य हो। शोरूम के फर्श पर क्लियर क्वार्ट्ज डलवाएं। यदि सीढ़ियां लेनी हों, तो दक्षिण पश्चिम दिशा से ले सकते हैं। मुख्य द्वार के नीचे पायराइट का पाउडर लगाएं। पश्चिम दिशा में एक पीतल का इनफिनिटी का सिंबल लगाएं।

वर्ग पहेली : 8501



बाएं से दाएं
2. अंग मुद्रा से बताना; हावभाव द्वारा प्रकट करना; आभास देना; इशारा करना (3,3)
6. कुल; समग्र; सारा (3)
7. सोचना; ध्यान करना; मनन करना (3,3)
8. निश्चल; सच्चा; सहज; सुगम; आसान (3)
9. खौफ खाना; भयभीत होना; हिचकना (3)
10. उद्यम से धनोपार्जन करना; काम करना; अर्जित करना; कारोबार करना (3)
11. दौड़ना; डरना; बचना; जान छुड़ाना (3)
14. कोई महत्त्वपूर्ण काम करना; कोई महत्त्वपूर्ण पेशकश करना; जोर का आघात करना; बंदूक चलाना; बम छोड़ना (3,3)
15. खेती बाड़ी पर लगने वाला कर; मकानों का आपस में मिला हुआ भाग (3)
17. कीर्ति फैलना; ख्याति होना; प्रसिद्धि होना (2,4)

ऊपर से नीचे
1. दूर जाना; विदा होना; विदाई (4)
2. अंत करना; कहर ढाना; नाश करना (3,3)
3. सन्नद्धता; दक्षता; चतुराई (4)
4. अमृत; सुधा; निचोड़; निर्यास; नीर; शोरबा; सार; पदार्थ का तरल भाग (2)
5. ख्याति प्राप्त करना; ढंग से काम न करना; नाम मात्र को काम करना; दोष मढ़ना (2,3)
8. खत्म करना; निपटाना; पूरा करना (3,3)
9. हिलना; कमजोरी या नशे के कारण कदम ठीक से न पड़ना (5)
12. आगमन; मिलन; लोगों का उद्देश्यपूर्वक संबद्ध होना; सम्मेलन (4)
13. अस्वाभाविक; दिखावटी; कृत्रिम; नकली (4)
16. आर्द्र; गीला; तर (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8500 का उत्तर

■	1अ	2म	चू	3र	■	4अ	वा	5म
6अ	■	न	■	7स	मा	ना	■	न
8प	ट्ठी	प	ढ़ा	ना	■	म	■	ठि
ना	■	सं	■	थ	■	■	9खा	का
प	■	10दे	वा	■	11वे	12सा	■	ने
13नं	ग	■	■	14क	■	थ	■	र
दि	■	15जे	■	16ला	प	र	वा	ह
खा	■	17ल	ड़ा	का	■	ख	■	ना
18नी	र	ज	■	19रे	त	ना	रा	■

सुडोकू : 8455

* आसान

7				4				1
3		1				8		7
	5			9			2	
2	7		9		4		3	6
9	3		1		8		7	2
	8			3			1	
5		3				2		4
4				8				9

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8454

4	3	5	8	7	6	2	1	9
6	2	8	9	5	1	3	4	7
1	9	7	4	2	3	5	8	6
8	6	3	5	9	4	7	2	1
5	4	9	2	1	7	6	3	8
2	7	1	3	6	8	9	5	4
9	1	2	7	8	5	4	6	3
7	8	4	6	3	2	1	9	5
3	5	6	1	4	9	8	7	2

हमारा जीवन उस दिन से खत्म होना शुरू हो जाता है, जब हम उन चीजों के बारे में बोलना बंद कर देते हैं, जो मायने रखती हैं।

– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

निगरानी की परीक्षा

देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या हर साल सर्दी का मौसम आते ही गंभीर हो जाती है। दूषित हवा में सांस लेना स्थानीय लोगों की सेहत के जोखिम को बढ़ा देता है। स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से कई तरह के प्रतिबंध लगाए जाने के साथ आपातकालीन उपाय भी किए जाते हैं, लेकिन इनका कोई प्रभावी नतीजा सामने नहीं आता है। दशहरा और दीपावली के आसपास वायु गुणवत्ता का स्तर गिरने का एक बड़ा कारण पटाखों को भी माना जाता है और समाज का एक वर्ग इन पर प्रतिबंध लगाने की मांग लंबे समय से करता रहा है। सर्वोच्च न्यायालय भी इस समस्या को लेकर गंभीर है। हालांकि, न्यायालय ने इस दफा शहर में लागू प्रतिबंधों में थोड़ी ढील देते हुए निर्धारित समय के लिए सिर्फ हरित पटाखे चलाने की सशर्त अनुमति दी है। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को सुबह छह से सात बजे तथा रात आठ से दस बजे तक हरित पटाखे चलाए जा सकेंगे। अब परीक्षा प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजंसियों की होगी कि वे इन शर्तों को कितने व्यावहारिक और प्रभावी तरीके से लागू कर पाते हैं।

न्यायालय की ओर से हरित पटाखों की सशर्त अनुमति का उद्देश्य त्योहारों से जुड़ी लोगों की भावनाओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना हो सकता है। मगर किसी भी फैसले की सफलता उसके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। यदि निर्धारित समय के भीतर केवल प्रमाणित हरित पटाखे जलाने की अनुमति है, तो यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि बाजार में बिकने वाले पटाखे वास्तव में तय मानकों के अनुरूप हों। सामान्य पटाखों को हरित पटाखों के नाम पर बेचने और प्रतिबंधित पटाखों का इस्तेमाल करने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी चुनौती शर्तों का पालन कराने की है। दिल्ली में दिवाली के दौरान व्यापक पैमाने पर पटाखे चलाए जाते हैं और ऐसे में हर गली, मोहल्ले और बाजार में निगरानी करना आसान नहीं होगा। राजधानी में सोमवार सुबह स्थिति 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गई, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 312 दर्ज किया गया। ऐसे में यदि स्थानीय प्रशासन के पास पर्याप्त कर्मचारी, जांच की व्यवस्था और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की स्पष्ट योजना नहीं होगी, तो अदालत की शर्तें कागजों तक ही सीमित रह सकती हैं।

हरित पटाखों को सामान्य पटाखों की तुलना में कम प्रदूषणकारी माना जाता है। इनके निर्माण में कुछ हानिकारक पदार्थों का इस्तेमाल कम किया जाता है, जिससे उत्सर्जन में कमी आ सकती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि हरित पटाखे पूरी तरह प्रदूषणमुक्त होते हैं। इनके जलने से भी धुआं, सूक्ष्म कण और अन्य प्रदूषक निकलते हैं। दिल्ली जैसे महानगर में, जहां पहले से ही वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और आसपास के राज्यों में पराली जलाने से वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है, वहां पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और बिगाड़ सकता है। हालांकि, यहां 'चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना' (ग्रैप) के तहत बीएस-6 मानक से कम वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, लेकिन दिवाली के मौके पर अगर बड़े स्तर पर पटाखे चलाए जाते हैं, तो दूसरे प्रतिबंध भी बेअसर ही साबित होंगे। इसलिए जरूरी है कि प्रदूषण के सभी प्रमुख स्रोतों पर नियंत्रण हो और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि त्योहारों की खुशियां स्वास्थ्य की कीमत पर नहीं मनाई जा सकतीं।

हिंसा का पाठ

हरियाणा में पंचकूला के एक स्कूल में महज तीसरी कक्षा के छात्र का जैसा बर्ताव सामने आया है, वह भविष्य के समाज के प्रति चिंतित और संवेदनशील किसी भी इंसान को परेशान करने के लिए काफी है। जिस उम्र में बच्चे साथ मिल कर खेलते हैं, आपस में झगड़ते हैं और थोड़ी देर बाद फिर पहले की तरह हंसते-खिलखिलाते हैं, उसमें एक बच्चा अगर किसी छोटी बच्ची पर बेरहमी के साथ जानलेवा हमला करता है, तो इसकी जड़ें कहां से निकल रही हैं? यह त्रासद घटना हाल ही में सामने आई, जब एक वीडियो में खाली कक्षा में आठ साल के एक छात्र ने छह वर्ष की बच्ची को बेलगाम तरीके से पीटा और बेहोश होने के बाद भी किसी वस्तु से जानलेवा हमला करता रहा। शर्मनाक यह है कि कई मिनट तक हुई यह घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो रही थी, लेकिन इतनी देर तक न तो कक्षा में कोई आया और न ही नियंत्रण कक्ष में स्क्रीन पर कोई देखने वाला था। अनदेखी से लेकर लापरवाही की पूरी शृंखला बताती है कि यह घटना जहां स्कूल में एक व्यापक कुप्रबंधन की है, वहीं सामाजिक उदासीनता आज एक ऐसी स्थिति निर्मित कर रही है, जिसमें छोटे बच्चे एक बड़े खतरे से दो-चार हैं।

घटना के सामने आने के बाद स्कूल की दो शिक्षिकाओं और प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया, मगर क्या इसकी जड़ों की ओर देखने की कोशिश की जाएगी? पंचकूला की घटना में जो बच्चा बेलगाम दिखा, उसके बारे में भी यही खबर आई है कि वह मोबाइल पर कोई आक्रामक और हिंसक गेम खेलने का आदी था। स्मार्टफोन की लत ने लोगों के व्यक्तित्व को किस कदर विकृत करना शुरू कर दिया है, यह किसी से छिपा नहीं है। बच्चे इसका सबसे नाजुक शिकार बन रहे हैं। इस तरह के आभासी खतरे से अनजान माता-पिता प्यार के नाम पर बच्चों के इसके लत का शिकार होने की अनदेखी करते हैं। नतीजतन, उसके सोचने-समझने से लेकर खुद को अभिव्यक्त करने का तरीका बेलगाम बिखराव से संचालित होने लगता है। इस तरह की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। सवाल है कि इस क्रम में जैसा समाज बन रहा है, बच्चों पर जैसा असर हो रहा है, उसमें भविष्य की कैसी दुनिया बन रही है!

टिकाऊ खेती के लिए भविष्य की राह



रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल ने मिट्टी की सेहत और पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में पौधों की नाइट्रोजन उपयोग क्षमता बढ़ाने वाली जैव-तकनीक खेती के लिए नई राह खोल सकती है।

नृपेंद्र अभिषेक नृप

कृषि केवल अन्न उत्पादन का साधन ही नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की आधारशिला रही है। किसान मिट्टी, पानी और मौसम के साथ तालमेल बिठाकर फसल उगाता आया है। मगर बढ़ती आबादी, सीमित भूमि, जल संकट और जलवायु परिवर्तन ने खेती के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हरित क्रांति ने खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित इस्तेमाल ने मिट्टी की सेहत, जल की गुणवत्ता और पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अब जरूरत ऐसी व्यवस्था की है, जिसमें उत्पादन के साथ संसाधनों की बचत और पर्यावरण संरक्षण को महत्त्व मिले। इसी संदर्भ में पौधों की नाइट्रोजन उपयोग क्षमता बढ़ाने वाली जैव-तकनीक खेती के भविष्य के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है।

इस दिशा में फ्रांस की एक कृषि-प्रौद्योगिकी कंपनी पत्तियों पर छिड़काव के लिए ऐसी तकनीक विकसित कर रही है, जिसका उद्देश्य पौधों में नाइट्रोजन उर्वरकों के अवशोषण को बेहतर बनाना है। इसके लिए आरएनए हस्तक्षेप से जुड़ी जैविक प्रक्रिया के उपयोग की योजना है। अगस्त 2024 में स्थापित इस कंपनी ने प्रारंभिक अवधारणा के प्रमाण हासिल किए थे और 2026 में परीक्षण के लिए भूखंड तय किए। हालांकि, इसे अभी विकसित हो रहे समाधान के रूप में ही देखा जा रहा है। पौधों में नाइट्रोजन की प्रोटीन, एंजाइम और क्लोरोफिल सहित अनेक जैविक घटकों के निर्माण में अहम भूमिका होती है। इसकी पर्याप्त उपलब्धता पौधों की वृद्धि और फसल की उत्पादकता के लिए जरूरी है। इसलिए आधुनिक खेती में नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का इस्तेमाल होता है।

समस्या तब पैदा होती है, जब खेत में डाले गए नाइट्रोजन का पूरा हिस्सा फसल ग्रहण नहीं कर पाती। इसका कुछ भाग मिट्टी में रह जाता है, कुछ पानी के साथ बहकर जलस्रोतों तक पहुंच सकता है और कुछ गैसीय रूप में उत्सर्जित हो जाता है। इस तरह किसान के खर्च का एक हिस्सा फसल को लाभ पहुंचाने के बजाय पर्यावरणीय नुकसान का कारण बनता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने जनवरी, 2025 में जारी रिपोर्ट में नाइट्रोजन के टिकाऊ प्रबंधन की जरूरत पर जोर दिया था। नाइट्रोजन का अनुचित इस्तेमाल मिट्टी, जल और वायु की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाने के साथ जैव विविधता के क्षरण और जलवायु परिवर्तन को भी बढ़ा सकता है। उर्वरकों से मिलने वाली नाइट्रोजन का एक हिस्सा नाइट्रेट के रूप में भूजल तक पहुंच सकता है। वहीं, मिट्टी में होने वाली जैविक प्रक्रियाओं से नाइट्रस आक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस निकल सकती है। दूसरी ओर, नाइट्रोजन की कमी भी उपज को प्रभावित करती है। इसलिए समाधान उर्वरकों का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करना नहीं, बल्कि फसल की जरूरत के अनुसार इनका संतुलित और प्रभावी उपयोग करना है।

यदि पौधा समान मात्रा में उपलब्ध नाइट्रोजन से अधिक लाभ हासिल कर सके, तो अतिरिक्त उर्वरक की जरूरत घटने की संभावना हो सकती है। इससे किसान की लागत कम करने और पर्यावरण में नाइट्रोजन के अनावश्यक प्रसार को सीमित करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, पौधों की पोषण संबंधी जरूरतें उनकी प्रजाति, विकास की अवस्था और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार



बदलती हैं। इसलिए नाइट्रोजन उपयोग दक्षता बढ़ाने का लक्ष्य उर्वरकों को पूरी तरह समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करना है।

फ्रांस की संबंधित कंपनी की प्रस्तावित तकनीक आरएनए हस्तक्षेप के सिद्धांत पर आधारित है। आरएनए यानी राइबोन्यूक्लिक एसिड कोशिकाओं में आनुवंशिक सूचना के इस्तेमाल और प्रोटीन निर्माण जैसी प्रक्रियाओं में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरएनए हस्तक्षेप ऐसी जैविक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से विशिष्ट आरएनए अणुओं की मदद से किसी लक्षित जीन की अभिव्यक्ति को कम किया जा सकता है। इससे संबंधित प्रोटीन के निर्माण पर असर पड़ सकता है। वैज्ञानिक इस प्रक्रिया के उपयोग से पौधों की कुछ जैविक गतिविधियों को प्रभावित करने की संभावना तलाश रहे हैं।

> **भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसी भी नई तकनीक की सफलता का पैमाना किसान की पहुंच और उसके जीवन पर पड़ने वाला असर होना चाहिए। यहां छोटे और सीमांत किसानों की बड़ी संख्या है, जिनके लिए खेती की लागत में मामूली बढ़ोतरी भी आर्थिक दबाव पैदा कर सकती है। इसलिए नई तकनीक सस्ती, आसानी से उपलब्ध और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल होनी चाहिए। उसके इस्तेमाल के तरीके, संभावित लाभ और सीमाओं के बारे में किसानों को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। यह भी देखना होगा कि लक्षित जैविक प्रक्रिया को प्रभावित करने से पौधे के दूसरे गुणों पर कोई अवांछित असर तो नहीं पड़ता। किसी नई तकनीक को अपनाने से पहले उसके लाभों के साथ जोखिमों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।**

इस विचार को एक सरल उदाहरण से समझा जा सकता है। किसी वाहन को अधिक ईंधन देने के बजाय उसकी कार्यक्षमता बढ़ा दी जाए, तो उतने ही ईंधन से अधिक काम लिया जा सकता है। खेती में भी उपलब्ध नाइट्रोजन का बेहतर उपयोग इसी प्रकार लाभकारी हो सकता है। मगर पौधों में नाइट्रोजन का अवशोषण, उसका विभिन्न हिस्सों तक पहुंचना और अंततः उपज में योगदान देना अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। केवल पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ना पर्याप्त नहीं होगा। यह देखना भी जरूरी है कि उससे वास्तव में उपज में सुधार होता है या नहीं। इसी वजह से प्रयोगशाला में मिले शुरुआती परिणामों को सीधे खेतों में सफल समाधान का प्रमाण नहीं माना जा सकता।

यदि यह तकनीक परीक्षणों में प्रभावी और सुरक्षित साबित होती है, तो उर्वरकों का अधिक कुशल इस्तेमाल खेती की लागत घटाने में मदद कर सकता है। नाइट्रोजन की हानि कम होने से जलस्रोतों में प्रदूषण का दबाव घट सकता है और कृषि से जुड़े कुछ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों को सीमित करने में भी सहायता मिल सकती है। हालांकि, इन लाभों का वास्तविक आकार अभी स्पष्ट नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तकनीक अलग-अलग फसलों और कृषि परिस्थितियों में कितनी कारगर रहती है, उसके इस्तेमाल की लागत कितनी होती है और किसानों के लिए उसे अपनाना कितना आसान होता है।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसी भी नई तकनीक की सफलता का पैमाना किसान की पहुंच और उसके जीवन पर पड़ने वाला असर होना चाहिए। यहां छोटे और सीमांत किसानों की बड़ी संख्या है, जिनके लिए खेती की लागत में मामूली बढ़ोतरी भी आर्थिक दबाव पैदा कर सकती है। इसलिए नई तकनीक सस्ती, आसानी से उपलब्ध और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल होनी चाहिए। उसके इस्तेमाल के तरीके, संभावित लाभ और सीमाओं के बारे में किसानों को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। स्वतंत्र वैज्ञानिक संस्थानों द्वारा किए गए परीक्षणों के परिणाम सार्वजनिक करना भी जरूरी होगा, ताकि तकनीक के बारे में भरोसेमंद जानकारी उपलब्ध हो और किसान सही निर्णय ले सकें।

नई जैव-तकनीकों के मामले में सुरक्षा एवं नियामकीय जांच की भूमिका भी अहम है। खेतों में तापमान, वर्षा, मिट्टी, कीट और रोग जैसी परिस्थितियां किसी तकनीक के परिणामों को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए अलग-अलग कृषि-जलवायु क्षेत्रों में परीक्षण आवश्यक होंगे। यह भी देखना होगा कि लक्षित जैविक प्रक्रिया को प्रभावित करने से पौधे के दूसरे गुणों पर कोई अवांछित असर तो नहीं पड़ता। किसी नई तकनीक को अपनाने से पहले उसके लाभों के साथ जोखिमों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। खासकर इस तकनीक से पैदा होने वाले अन्न का मानव स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसका अध्ययन भी आवश्यक है। हालांकि, भारत में नाइट्रोजन उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए केवल नई जैव-तकनीक पर निर्भर रहना भी उचित नहीं होगा। मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरक डालना, फसल की जरूरत के अनुसार उनकी मात्रा तय करना, सिंचाई का उचित प्रबंधन और दलहनी पैदावार को फसल चक्र में शामिल करना पहले से उपलब्ध उपयोगी उपाय हैं।

अपेक्षा बनाम दायित्व

मेघा राठी

आज रिश्तों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और भावनात्मक अपेक्षाओं के बीच एक नई बहस दिखाई देती है। एक विचार यह है कि हम किसी व्यक्ति से नहीं, बल्कि उससे मिलने वाले सुख से जुड़ते हैं। कोई व्यक्ति हमारा अकेलापन दूर करता है, हमारी बातें सुनता है, मुश्किल समय में सहारा देता है और हमें अच्छा महसूस कराता है। मगर किसी का अपने सुख के लिए इस्तेमाल करना वस्तुकरण की श्रेणी में आता है। किसी भी मनुष्य को केवल अपनी जरूरतों की पूर्ति का साधन समझना अनुचित है, लेकिन इसके साथ एक बुनियादी प्रश्न भी जुड़ा है। क्या किसी व्यक्ति से भावनात्मक जुड़ाव, विश्वास, ईमानदारी, सम्मान और पारस्परिकता की अपेक्षा रखना भी उसका वस्तुकरण है? क्या प्रेम का अर्थ अपेक्षाओं से पूरी तरह मुक्त हो जाना है? दरअसल, इन दोनों स्थितियों के बीच अंतर समझना जरूरी है। किसी व्यक्ति को केवल इसलिए महत्त्व देना कि वह हमारी जरूरतें पूरी करता है, एक बात है और किसी से संबंध बनाकर उससे भावनात्मक ईमानदारी तथा संवेदनशीलता की अपेक्षा रखना दूसरी बात। पहली स्थिति में व्यक्ति की स्वतंत्र पहचान और उसकी भावनाएं गौण हो जाती हैं। दूसरी स्थिति में हम उसे एक स्वतंत्र मनुष्य मानते हुए उससे संबंध की पारस्परिकता चाहते हैं।

मनुष्य सामाजिक प्राणी है। उसे केवल शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं, बल्कि अपनापन, संवाद, विश्वास और भावनात्मक सुरक्षा भी चाहिए। किसी से अपनी परेशानी साझा करना, उससे यह उम्मीद करना कि वह हमारी बात सुनेगा या कठिन समय में हमारा साथ देगा, कोई अनुचित मांग नहीं है। यह मानवीय संबंधों की स्वाभाविक आवश्यकता है। समस्या तब पैदा होती है, जब हम दूसरे व्यक्ति से यह अपेक्षा करने लगते हैं कि वह हर समय हमारी इच्छानुसार व्यवहार करे, हमारी हर बात माने, कभी असहमत न हो और हमेशा हमें सुखद एहसास भी दे। ऐसी अपेक्षा में दूसरे की स्वतंत्रता और उसकी भावनाओं के लिए जगह नहीं बचती। मगर क्या इस आधार पर हर भावनात्मक अपेक्षा को गलत ठहराया जा सकता है?

आज व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। व्यक्ति अपने निर्णय स्वयं लेना चाहता है और किसी संबंध के कारण अपनी पहचान या इच्छाओं को खोना नहीं चाहता। यह सकारात्मक बदलाव है। मगर स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि हमारे व्यवहार का दूसरे व्यक्ति पर पड़ने वाला प्रभाव अप्रासंगिक हो जाए। जब दो लोग किसी भावनात्मक संबंध में जुड़ते हैं, तो उनके व्यवहार एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। ऐसे में किसी का आहत होना, असहमति जताना या किसी व्यवहार पर सवाल उठाना अपने आप में दूसरे की स्वतंत्रता पर हमला नहीं है। यह उस संबंध में अपनी भावनाओं और सीमाओं को व्यक्त करने का अधिकार है। कोई व्यक्ति यह तय कर सकता है कि वह किससे संवाद करेगा, किसके साथ मित्रता रखेगा और अपनी रचनात्मक गतिविधियों में कितना स्वतंत्र रहेगा। मगर उसके साथ भावनात्मक संबंध में जुड़ा दूसरा व्यक्ति भी यह तय कर सकता है कि कौन-सा व्यवहार उसके लिए स्वीकार्य है और किससे उसके विश्वास को ठेस पहुंचती है। रिश्ते में स्वतंत्रता का सम्मान जरूरी है, लेकिन उसी अनुपात में संवेदनशीलता भी जरूरी है। किसी के प्रति उत्तरदायी होना अपनी स्वतंत्रता खो देना नहीं है। यह उस संबंध को महत्त्व देना है, जिसे दोनों ने अपनी इच्छा से स्वीकार किया है।

सही है कि किसी को उसकी कमजोरियों, कमियों और गलतियों सहित स्वीकार करना ही प्रेम है। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि प्रेम करने वाला व्यक्ति अपनी भावनाओं और आत्मसम्मान को लगातार चोट पहुंचने दे। किसी व्यक्ति को मनुष्य की तरह देखने का अर्थ है कि हम उसकी असहमति, सीमाओं और स्वतंत्रता का सम्मान करें, पर इसी मानवीय दृष्टि का दूसरा पक्ष यह है कि हम अपनी भावनाओं और सीमाओं को भी उतना ही महत्त्व दें। दूसरे को दुख पहुंचाने की स्वतंत्रता देने का अर्थ यह नहीं कि सामने वाले को उस दुख पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार नहीं है।

प्रेम में निराशा, असहमति और कभी-कभी दुख भी आते हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि संबंध में ईमानदारी और विश्वास का कोई महत्त्व ही न रह जाए। प्रेम में अपेक्षाएं हो सकती हैं, बशर्ते वे दूसरे की स्वतंत्रता को समाप्त करने वाली न हों। इसी तरह स्वतंत्रता भी हो सकती है, बशर्ते वह दूसरे की भावनाओं के प्रति असंवेदनशील होने का बहाना न बन जाए। अगर किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रखना ही उसे अपनी जरूरतों का साधन बनाना है, तो फिर प्रेम और भावनात्मक संबंध का आधार क्या रह जाएगा? क्या दो लोग केवल एक-दूसरे की जिंदगी में उपस्थित रहें, लेकिन उनके बीच न कोई पारस्परिकता हो, न भावनात्मक जवाबदेही और न ही एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता? स्वस्थ संबंध वह नहीं, जिसमें अपेक्षाएं न हों। बल्कि वह है जिसमें अपेक्षाएं एकतरफा न हों। जहां एक को अपनी बात कहने की स्वतंत्रता हो और दूसरे को उसे सुनने का धैर्य। जहां दोनों को अपनी पसंद चुनने का अधिकार हो, पर साथ ही साथ दोनों एक-दूसरे के विश्वास और भावनाओं का महत्त्व भी समझें।

सवाल यह नहीं है कि हम किसी से तन का सुख चाहते हैं या मन का। असली सवाल यह है कि क्या हम उस व्यक्ति को भी उतनी ही गरिमा, स्वतंत्रता और संवेदनशीलता दे रहे हैं, जितनी उससे अपने लिए चाहते हैं? किसी को चाहने का अर्थ उसे अपनी जरूरतों में बांधना नहीं, मगर उसकी स्वतंत्रता के नाम पर अपनी जरूरतों और आत्मसम्मान को नकार देना भी प्रेम नहीं है। रिश्ते तभी अर्थपूर्ण होते हैं जब उनमें दो स्वतंत्र व्यक्तियों के बीच केवल आकर्षण या सुविधा नहीं, बल्कि परस्पर सम्मान और उत्तरदायित्व भी मौजूद हों।

दुनिया मेरे आगे

> **प्रेम में निराशा, असहमति और दुख भी आते हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि संबंध में ईमानदारी और विश्वास का कोई महत्त्व ही न रह जाए। प्रेम में अपेक्षाएं हो सकती हैं, बशर्ते वे दूसरे की स्वतंत्रता को समाप्त करने वाली न हों। इसी तरह स्वतंत्रता भी हो सकती है, बशर्ते वह दूसरे की भावनाओं के प्रति असंवेदनशील होने का बहाना न बन जाए।**

दवा की दर



'बेलगाम कीमतें' (संपादकीय, 29 अक्तूबर) पढ़ा। इसमें उल्लेख है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रही प्रगति के बावजूद सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज आज भी देश के करोड़ों लोगों की पहुंच से दूर है। इसका सबसे बड़ा कारण दवाओं की बढ़ती कीमतें हैं, जो मरीजों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही हैं। कई मामलों में दवाओं की निर्माण लागत और बाजार मूल्य के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है, जिससे मूल्य निर्धारण की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। जरूरी है कि सरकार दवाओं की कीमतों के निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि आवश्यक जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की दवाएं उचित दरों पर उपलब्ध हों। मनाफे की होड़ में यदि मरीजों के हित प्रभावित होते हैं, तो यह चिंता का विषय है। नियमों की अनदेखी करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा को केवल व्यापार के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। यह सीधे जनकल्याण और सामाजिक न्याय से जुड़ा विषय है। दवाओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण और किफायती उपचार की व्यवस्था समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

– हिमांशु शेखर, गयाजी, बिहार

जवाबदेही के बगैर

आज सोशल मीडिया पर राय रखना सबसे आसान काम है। लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और हर कोई जब चाहे टिप्पणी कर सकता है। नतीजा यह कि भ्रामक बातें, झूठी खबरें और दोषारोपण आम हो गए हैं। मीडिया ट्रायल इतना बढ़ा है कि किसी को दोषी ठहराना, खारिज करना या ट्रोल करना चुटकियों का खेल बन गया है। नागरिक पत्रकारिता के नाम पर राय परोसी जा रही है, जबकि उसका अर्थ तथ्यों की जांच, दोनों पक्षों की बात और जवाबदेही है। जहां ये न हों, वहां केवल भीड़ का शोर है। हिमाचल प्रदेश में एक बावर्ची और एक प्राध्यापक ने इसी से आहत होकर जान दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी टिप्पणी की है कि हर व्यक्ति पत्रकार ही नहीं, न्यायाधीश भी बन बैठा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ मौलिक कर्तव्य भी जुड़े हैं। तीसरे प्रेस कमीशन का गठन, सीमित नियंत्रण और अनिवार्य मीडिया साक्षरता आज जरूरी है। वरना अगला शिकार कोई भी हो सकता है।

– साक्षी पाठक, जम्मू

रोजगार की फिक्र

हाल में उत्तर प्रदेश में आयोजित पीईटी परीक्षा ने वहां शिक्षित बेरोजगारी की गंभीरता को फिर उजागर किया है। लाखों युवाओं ने इस उम्मीद के साथ परीक्षा दी कि भविष्य में निकलने वाली सरकारी भर्तियों में उन्हें अवसर मिलेगा। लेकिन रिक्त पदों की सीमित संख्या के कारण अधिकांश अभ्यर्थियों के हिस्से केवल प्रतीक्षा और अनिश्चितता ही आती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के केंद्र कई अभ्यर्थियों के निवास स्थान से सैकड़ों किलोमीटर दूर बनाए गए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और दूरदराज के क्षेत्रों के अनेक युवा समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके। परीक्षा के दौरान उमड़ी भीड़ रोजगार की तलाश में भटकते युवाओं की व्यथा को स्पष्ट करती है। वर्षों की तैयारी, सीमित संसाधन, बढ़ता मानसिक दबाव और अवसरों की कमी युवाओं का मनोबल कमजोर कर रही है। सरकारों को केवल परीक्षाएं कराने से आगे नियमित और पर्याप्त भर्तियों के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

– सुमित चंद्र वर्मा, रामपुर, उप्र

सतर्कता जरूरी

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी स्वागतयोग्य है कि यदि बैंक की लापरवाही या पर्याप्त सतर्कता के अभाव में ग्राहक को नुकसान होता है, तो उसकी भरपाई की जिम्मेदारी बैंक की भी होनी चाहिए। डिजिटल लेनदेन के इस दौर में बैंकों के पास ऐसी तकनीक मौजूद है, जिससे संदिग्ध और असामान्य लेनदेन की पहचान कर समय रहते रोकथाम की जा सकती है। हाल के वर्षों में साइबर अपराधियों ने ठगी के नए-नए तरीके विकसित किए हैं। कभी वे जांच एजेंसियों का भय दिखाते हैं, तो कभी निवेश और नौकरी के नाम पर लोगों को झांसे में लेते हैं। अनजान लिंक, संदिग्ध फोन काल, ओटीपी साझा करना या लालच में आकर धनराशि भेजना अक्सर ठगी का कारण बनता है। इसलिए मजबूत बैंकिंग सुरक्षा के साथ-साथ जन-जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

– विभूति बुपक्या, दिल्ली

चिंतन

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा को गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।



सत्ता संघर्ष

ओमकार चौधरी

इजराइल में जनादेश का गतिरोध

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट की यशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'याखाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राआम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर की ओत्जमा येहूदित को सात, शास को छह और रिलिजियस जायोनिज्म–जेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइजनकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई।



इसमें पहली बार मंसूर अब्बास की राआम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण यह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राआम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक हैं। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राआम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियां हैं। इसलिए उनकी 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका हैं। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइजनकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइजनकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइजनकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विडंबना

योगेश कुमार सोनी



वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिससे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़साल के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या आवेगात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है।

- प्रकाश पटेल, रायगढ़

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट है, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे है, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। -नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप ब्रिटेन वगैर से प्रधानमंत्री बने हुए है। मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी तंत्र किसी भी संशय हिलता है तो सामने आइये।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, सत्ता का अहंकार और लगातार पेपर लीक झड़प ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप

आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पद्म से एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत मजबूत सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

-सतीश पूनिया, भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात

पाकिस्तान के करांची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। करांची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए औचक जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।



ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर

नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेघाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेघाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्टेरॉयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।